कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

संकल्प – 2021
(एक अभिनव पहल)

# प्रश्न बैंक

# भूगोल

## कक्षा – 12

बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित

## संरक्षक

श्री शिवजी गौड़ — संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, उदयपुर

श्री मयंक मनीष, IAS — उपखण्ड अधिकारी, वल्लभनगर

## मार्गदर्शन

श्री महेन्द्र कुमार जैन
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक-भीण्डर, उदयपुर

श्री भेरुलाल सालवी
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

श्री रमेश खटीक
अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

श्री गिरीश कुमार चौबीसा
संदर्भ व्यक्ति

श्री महेन्द्र कोठारी
संदर्भ व्यक्ति

## संयोजक

श्री योगेश चन्द्र रावल
प्राध्यापक, राउमावि खरसाण

## संकलनकर्ता

श्री ओंकार लाल गोपावत – चतुरराउमावि कानोड ,
श्री ईश्वर लाल पोमावत – राउमावि बार्ठडा खुर्द,
श्रीमती प्रमिला सिन्हा – राउमावि दरोली,
श्रीमती विद्या यादव – राबाउमावि खेरोदा,
श्री भँवर लाल आमेटा – राउमावि मेनार,
श्री भँवर लाल जणवा –नवानिया,
श्री प्रकाश चन्द्र मेनारिया – राउमावि वल्लभनगर,
श्री पंकज चौबीसा – राउमावि सालेडा,
श्री मनोज कुमावत – राउमावि टूस डांगीयान
श्री राहुल पालीवाल – राउमावि पुरिया खेडी,
श्रीमती विनिता योहान – राउमावि भटेवर,
श्री विनोद कुमार जैन – राउमावि गोटीपा,
श्री सुरेन्द्र सिंह सारगंदेवोत –राउमावि खेरोदा,
श्री मिठ्ठा लाल जाट – राउमावि मोडी,
श्री दीपक कुमार – राउमावि तारावट,
श्री सुनिल आमेटा – राउमावि भीण्डर,
श्री मांगी लाल जाट – राउमावि रूण्डेडा,

## –: सहयोगकर्ता :–

**श्री मनोज कुमावत, प्राध्यापक, राउमावि टूस डांगीयान**

CBEO BHINDER

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**विषय : भूगोल (कला वर्ग)**

**विषय कोड : 14**

**कक्षा : XII**

**परीक्षा 2021 में हटाया जाने वाला भाग**

**सैद्धान्तिक पत्र**

**खण्ड (अ)**

**मानव भूगोल के मूल तत्त्व**

| ईकाई क्रमांक | उपईकाई | शीर्षक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 2 | 4 | प्रवास | सम्पूर्ण अंश |
| | 5 | मानव विकास | सम्पूर्ण अंश |
| 3 | 3 | धारावी कच्ची बस्ती | सम्पूर्ण अंश |
| 5 | – | सम्पूर्ण ईकाई | सम्पूर्ण ईकाई |
| 6 | 2 | वैश्विक पर्यावरण सम्मेलन | आंशिक भाग |
| **खण्ड – ब : भारत जनसंख्या एवं अर्थव्यवस्था** | | | |
| 8 | 3 | प्रजातीय समूह इत्यादि | सम्पूर्ण उपईकाई |
| 9 | – | संसाधन | सम्पूर्ण ईकाई |
| 10 | 3 | कृषि एवं रासायनिक कृषि | सम्पूर्ण ईकाई |
| 12 | – | विकास व नियोजन | सम्पूर्ण ईकाई |
| | **प्रायोगिक कार्य** | | |
| ईकाई क्रमांक | 3 एवं 6 | | सम्पूर्ण ईकाईयाँ |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**विषय : भूगोल**

**विषय कोड : 14**

**कक्षा : 12th**

**परीक्षा 2021 के लिए पाठ्यक्रम में निम्न ईकाइयां सम्पूर्ण विलोपित की गई हैं**

5. विश्व में परिवहन, संचार एवं व्यापार
9. संसाधन
10. कृषि व रासायनिक कृषि
12. विकास व नियोजन

संशोधित पाठ्यक्रम में इकाईवार परीक्षा 2021 के लिए अंक विभाजन निम्नानुसार रहेगा

| इकाई क्रमांक | ईकाइ का नाम | अंक भार |
|---|---|---|
| **खण्ड–अ** | | |
| इकाई –1 | मानव भूगोल का परिचय | 6 |
| इकाई –2 | विश्व की जनसंख्या | 5 |
| इकाई –3 | विश्व में मानव अधिवास | 4 |
| इकाई –4 | मानव व्यवसाय | 5 |
| इकाई –6 | पर्यावरण | 3 |
| इकाई –7 | मानचित्र कार्य | 5 |
| **खण्ड–ब** | | |
| इकाई –8 | भारत जनसंख्या | 6 |
| इकाई –11 | विनिर्माण उद्योग एवं परिवहन | 6 |
| इकाई –13 | राजस्थान – जनसंख्या एवं अर्थव्यवस्था | 10 |
| इकाई –14 | मानचित्र कार्य | |

**भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 2021 के लिए अंक विभाजन निम्नानुसार रहेगा**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रायोगिक प्रश्न पत्र | 15 | 2.30 घण्टे |
| 2. प्रायोगिक अभिलेख एवं मौखिक परीक्षा | 6 + 3 = 09 . | |
| 3. समपटल सर्वेक्षण कार्य एवं मौखिक परीक्षा | 4 + 2 = 06 | 1.30 घण्टे |

CBEO BHINDER

# अनुक्रमणिका

## खण्ड 'अ' मानव भूगोल के मूल तत्व 1


| क्र.सं. | अध्याय का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मानव भूगोल : प्रकृति व विषय क्षेत्र | 6–7 |
| 2 | विश्व की प्रमुख जनजातियाँ | 8–11 |
| 3 | जनसंख्या : वितरण, घनत्व एवं वृद्धि | 12–16 |
| 4 | विश्व जनसंख्या संरचना | 17–18 |
| 5 | विश्व : मानव अधिवास | 19–23 |
| 6 | मानव व्यवसाय : प्रमुख प्रकार | 24–25 |
| 7 | प्राथमिक व्यवसाय | 26–30 |
| 8 | द्वितीय व्यवसाय | 30–33 |
| 9 | पर्यावरणीय समस्याएँ एवं समाधान | 34–37 |


## खण्ड 'ब' भारत जनसंख्या एवं अर्थ व्यवस्था


| | | |
|---|---|---|
| 10 | भारत : जनसंख्या वितरण, घनत्व एवं वृद्धि | 38–40 |
| 11 | भारत : जनसंख्या संरचना | 41–42 |
| 12 | उद्योग | 43–47 |
| 13 | परिवहन | 48–53 |
| 14 | सिंचाई एवं पेयजल | 54–58 |
| 15 | राजस्थान : खनिज व उद्योग | 59–65 |
| 16 | राजस्थान : जनसंख्या व जनजातियाँ | 66–69 |
| **17** | **मानचित्र** | **70–71** |
| **18** | **मॉडल प्रश्न पत्र 2021** | **72–74** |


CBEO BHINDER

# इकाई 1

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 4 | 4 | 1 | 4 |
| ब | 1 | 1 | 2 | 2 |
| योग | | 5 | | 6 |

## पाठ–1 : मानव भूगोल : प्रकृति व विषय क्षेत्र

**अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–**

**प्र. 1 आधुनिक मानव भूगोल के जन्मदाता कौन थे?**

उत्तर फ्रेडरिक रेटजेल।

**प्र. 2. नवनियतिवाद के प्रवर्तक कौन है?**

उत्तर ग्रिफिथ टेलर।

**प्र. 3. रेटजेल की पुस्तक का नाम बताइए?**

उत्तर एन्थ्रोपो ज्योग्राफी।

**प्र. 4. संभववाद की विचारधारा किसने दी?**

उत्तर विडाल–डी–ला–ब्लाष।

**प्र. 5. फ्रेडरिक रेटजेल की शिष्या का नाम बताइए?**

उत्तर एलन सैम्पल।

**प्र. 6. भूगोल की दो मुख्य शाखाएँ कौनसी है?**

उत्तर (1) भोतिक भूगोल (2) मानव भूगोल

**प्र. 7. रेटजेल के अनुसार मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर ''मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच सम्बन्धों का संश्लेषित अध्ययन है।''

**प्र. 8. ''मानव और उसके कार्यो को समाविष्ट किया है।'' परिभाषा किसने दी?**

उत्तर डिकेन और पिट्स ने।

**प्र. 9. प्रसिद्ध अमेरिकन भूगोलवेत्ता एलन ऐम्पल के अनुसार मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर ''मानव भूगोल चंचल मानव और अस्थायी पृथ्वी के पारस्परिक परिवर्तनषील सम्बन्धों का अध्ययन है।''

**प्र. 10. हटिंगटन ने मानव भूगोल के अध्ययन क्षेत्र को कितने वर्गो में बाँटा है?**

उत्तर दो वर्गो में बाँटा है –

(1) भौतिक दशाएँ और (2) मानवीय अनुक्रिया

**प्र. 11. प्रसिद्ध जर्मन भूगोलवेत्ताओं के नाम बताइए?**

उत्तर हम्बोल्ट, रिटर, फ्रोबेल, पैशेल, रिचथोफेन व रेटजेल

**प्र. 12. अमेरिका के भूगोलवेत्ताओं के नाम बताइए।**

उत्तर एलन सेम्पल, हटिंगटन, बौमेन, कार्ल सांवर, ग्रिफिथ टेलर।

**प्र.13. प्रसिद्ध फ्रांसिसी भूगोलवेत्ताओं के नाम बताइए।**

उत्तर बिडाल–डी–ला–ब्लाश, ब्रूंस, दी मार्तोन, डिमांजियाँ व फ्रेब्रे।

**प्र. 14. जीनब्रुन्श के अनुसार भूगोल का केन्द्र बिन्दु क्या है?**

उत्तर स्थान।

**प्र. 15. मानव भूगोल के विकास को कितने युगों में बाँटा गया है?**

उत्तर तीन युगों में बाँटा गया है –

(1) प्राचीन काल

(2) मध्यकाल

(3) आधुनिक काल

CBEO BHINDER

**लघुत्तरात्मक प्रश्न–**

**प्र. 1. मानव भूगोल के पाँच उप–क्षेत्रों के नाम बताइए।**

उत्तर मानव भूगोल के पाँच उप–क्षेत्र निम्नलिखित है –

(1) सांस्कृतिक भूगोल (2) आर्थिक भूगोल (3) सामाजिक भूगोल

(4) राजनीतिक भूगोल (5) चिकित्सा भूगोल इत्यादि।

**प्र. 2. मानव भूगोल के विषय क्षेत्र के प्रमुख तथ्य कौनसे है?**

उत्तर मानव भूगोल के विषय क्षेत्र के अंतर्गत निम्न तथ्यों को शामिल किया जाता है –

(1) जनसंख्या व उसकी क्षमता (2) प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन

(3) सांस्कृतिक वातावरण (4) कालिक अनुक्रम

(5) समायोजन व प्रादेशिक संगठन (6) अन्य प्रदेशों से सम्बन्ध

**प्र. 3. मानव भूगोल की प्रकृति को समझाइए।**

उत्तर पृथ्वी पर जो भी मानव निर्मित दृश्य दिखाई देते है। उन सबका अध्ययन मानव भूगोल के अंतर्गत आता है। अतः विषय की प्रकृति में मानवीय क्रियाकलाप केन्द्रीय बिन्दु है। मानवीय क्रियाकलापों का विकास कहाँ, कब व कैसे हुआ आदि प्रश्नों का भौगोलिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना ही मानव भूगोल की प्रकृति को प्रकट करता है।

**प्र. 4. मध्यकाल में मानव भूगोल के विकास को समझाइये।**

उत्तर मध्यकाल में नौ चालन सम्बन्धी कुशलताओं व अन्वेषणों तथा तकनीकी ज्ञान व दक्षता के कारण देशों तथा लोगों के विषय में मिथक व रहस्य खुलने लगे। उपनिवेषीकरण तथा व्यापारिक रूचियों के नये क्षेत्रों में खोजे व अन्वेषणों का विश्व ज्ञानकोषीय विवरण प्रकाश में आया। इस काल में अन्वेषण, विवरण व प्रादेशिक विश्लेषण पर विशेष जोर रहा। प्रादेशिक विश्लेषण में प्रदेश के सभी पक्षों का विस्तृत वर्णन किया गया। यह स्पष्ट हुआ कि सभी प्रदेश पूर्ण इकाई व पृथ्वी के भाग है। इन प्रदेशों की समझ पृथ्वी को पूर्ण रूप में समझने में सहायता करेगी।

CBEO BHINDER

# पाठ – 2 : विश्व की प्रमुख जनजातियाँ

**प्र. 1 ध्रुवीय व ठण्डे प्रदेशों मे निवास करने वाली जनजातियों के नाम बताईये?**

उत्तर एस्किमों, सैमोयड्स जनजाति।

**प्र. 2 विषुवत् रेखीय सघन वनों मे निवास करने वाली जनजातियों के नाम बताईये**?

उत्तर पिग्मी, सेमांग, सकाई जनजाति।

**प्र. 3 उष्ण कटिबंधीय घास क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजातियों के नाम बताईये?**

**उत्तर** मसाई व बद्दू जनजाति।

**प्र 4 दुर्गम पहाड़ी व पठारी क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजातियों के नाम बताईये,**

**उत्तर** भील, गौंड, संथाल, मीणा, नागा व आदि जनजातियाँ।

प्र. 5 **एस्किमों जनजाति किस प्रजाति से सम्बन्धित है?**

**उत्तर** एस्किमों जनजाति मंगोल प्रजाति से सम्बन्धित है।

**प्र. 6 माउपाक किसे कहते है?**

**उत्तर** ग्रीष्म ऋतु में एस्किमों समुद्री तट के किनारे सील मछली का शिकार करते है। जब मछली बर्फ में बने छिद्रों मे श्वास लेने आती है तब एस्किमों द्वारा रखी हड्डी की छड़ हिल जाती है। एस्किमो अपने हथियार हारफून से सील मछली का शिकार करते है। इसे माउपाक कहते है। माउपाक जिसका शाब्दिक अर्थ ''प्रतीक्षा करना'' होता है।

**प्र. 7 बंसतकालीन आखेट को क्या कहते है।**

**उत्तर** बंसतकालीन आखेट को उतोक कहते है।

**प्र. 8 कयाक किसे कहते है।**

**उत्तर** चमड़े से बनी नाव को परिवहन के लिए काम मे लेते है। जिसे कयाक कहते है।

**प्र. 9 एस्किमों में सम्पत्ति व सामाजिक स्तर का मापदण्ड क्या है।**

**उत्तर** रेण्डियर–सम्पत्ति व सामाजिक स्तर का मापदण्ड है।

**प्र. 10 एस्किमों लोगों के जीवन में सील मछली का क्या महत्त्व है।**

**उत्तर** एस्किमों लोगों के जीवन में सील मछली का अत्यधिक महत्त्व है। सील से खाने के लिए माँस, कपड़े बनाने के लिए खाल, तम्बू बनाने के लिए खाल, ईधन के लिए चर्बी, स्लेज गाड़ी बनाने के लिए हड्डियाँ तथा धागे के रूप मे ताँत प्राप्त होती है।

**प्र. 11 तिमियाक एवं अनोहाक किसे कहते है**

**उत्तर** एस्किमों जर्सीनुमा बॉहदार वस्त्र जिसे तिमियाक कहते है तिमियाक के ऊपर पहने जाने वाले कपड़े को अनोहाक कहते है।

**प्र. 12 कार्मिक या मुक्लूक्स क्या है।**

**उत्तर** सील की खाल से बने जूतों को कार्मिक या मुक्लूक्स कहते है।

**प्र. 13 कर्मक (Karmak) किसे कहते है।**

**उत्तर** 5–6 फिट भूमिगत व 2–3 फीट ऊपर उठे लकड़ी व हवेल की हड्डियों के ढाँचे से बने मकान को कर्मक (Karmak) कहते है। इसका प्रवेश द्वारा एक भूमिगत सुरंग से जुड़ा होता है।

**प्र. 14 ऊमियाक क्या है?**

**उत्तर** बड़ी नाव जो व्हेल मछली के शिकार के दौरान काम में ली जाती है।

**प्र. 15 हारफून क्या है?**

**उत्तर** सील मछलियों के शिकार के लिए प्रयुत्त 1.2 से 1.5 मीटर लम्बा भालानुमा हथियार जो रस्सी से बंधा होता है।

**प्र 16 स्लेज क्या है?**

**उत्तर** बर्फ पर चलने वाली पहिये विहीन गाड़ी जिसे कुत्ते व रेण्डियर खींचते है।

**प्र. 17 एस्किमो कौनसी भाषा बोलते है।**

**उत्तर** एस्किमो–एल्यूट भाषा बोलते है।

GEOBHINDER

**प्र. 18 बुशमैन किस किस नाम से जाने जाते है।**

उत्तर बुशमैन सॉन, रव्वी, व बसारवा के नाम से जाने जाते है।

**प्र. 19 बुशमैन कि शारिरिक संरचना के बारे मे बताइये।**

उत्तर बुशमैन लोग नाटे कद के होते हैं तथा निग्रीटो प्रजाति के समरूप है। इनके जबड़े तथा मोटे होठ बाहर निकले हुये नहीं होते है। इनकी आँखें चौड़ी नहीं होती है। इनके नितम्ब बहुत भारी होते है।

**प्र. 20 बुशमैन लोगों का निवास क्षेत्र को बताइये।**

उत्तर बुशमैन लोगों का निवास क्षेत्र अफ्रीका महाद्वीप में 18 डिग्री दक्षिणी अक्षांश से 24 डिग्री दक्षिणी अक्षांश के मध्य बेचुआनालैण्ड में स्थित है। पशु जनित भोजन की आपूर्ति में यह प्रदेश अधिक घनी है। आज बुशमैन मुख्यतः कालाहारी मरूस्थल और दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीका के उपोष्ण घास के मैदानी भागों में फैले है। ये दक्षिणी अफ्रीका, बोत्सवाना, नामिबिया व अंगोला देशों में निवास करते है।

**प्र. 21 त्यामा क्या है और कालाहारी मरूस्थल मे इसका क्या उपयोग है?**

उत्तर कालाहारी मरूस्थल में एक प्रकार का तरबूज (त्यामा) होता है, जिसे जल पूर्ति के लिए मानव व पशु सभी चाहते है।

**प्र. 22 बुशमैन लोगों के निवास क्षेत्र में कौनसा उद्यान अवस्थित है?**

उत्तर एटोशा राष्ट्रीय उद्यान

प्र. 23 जन्तुओं की बोली की नकल करने मे कौन सी जनजाति निपुण होती है।

उत्तर . बुशमैन

**प्र 24 दीमक, चीटियाँ और उनके अण्डे किनके प्रिय भोज्य पदार्थ हैं।**

उत्तर. . बुशमैन

**प्र. 25 क्रोस क्या है?**

उत्तर बुशमैन की स्त्रियों के वस्त्रों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वस्त्र चोंगा होता है। जिसे स्थानीय भाषा मे क्रोस कहा जाता है।

**प्र. 26 बुशमैन लोगों के अल्पकालीन गाँव जिसमें लगभग 8 से 10 झोपड़ियाँ होती है को क्या कहते है?**

उत्तर वेर्फ

**प्र. 27 किस जनजाति की चट्टानों पर की गयी पैंटिंग सर्व प्रसिद्ध है।**

उत्तर बुशमैन

**प्र. 28 बुशमैन सामाजिक समुदाय के बारे बताइये।**

उत्तर सामाजिक समुदाय के अन्तर्गत बुशमैन लोगो का एक छोटा सा दल होता है। बुशमैन की धार्मिक परम्पराओं, संस्कारों व कलाओ में प्राणियों व प्रकृति का केन्द्रीय स्थान होता है। ये लोग जादू – टोना तथा भूत–प्रेतों में विश्वास करते है। बुशमैन दो भगवानों में विश्वास करते है। एक जो पूर्व में रहता है तथा दूसरा जो पश्चिम में रहता है। ओझा इन्हें बीमारियों व प्रेतात्माओं से बचाता है।

**प्र. 29 वर्तमान मे बुशमैन जनजाति के लोगों की जीवन शैली पर बाह्य संस्कृति का प्रभाव कौ समझाइये।**

उत्तर वर्तमान मे बुशमैन जनजाति के लोगों की जीवन शैली पर बाह्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है। आजकल ये आखेट के साथ–साथ जल स्त्रोतों के निकट आदिम निर्वाह कृषि करने लगे है। ये लोग स्थानीय व्यापारियों के साथ वस्तुओं का विनिमय भी करते है।इनके पहनावे में भी भारी बदलाव आया है।

**प्र. 30 बाँटू, हॉटेन्टॉट व यूरोपीय लोगों के आक्रमणों से किस जनजाति की संख्या निरन्तर घटती जा रही है?**

उत्तर बुशमैन की

**प्र. 31 जनजातियों की अर्थव्यवस्था का आधार क्या है**?

उत्तर जनजातियों की अर्थव्यवस्था का आधार खाद्य संग्रहण, आखेट, घुमक्कड़, पशुचारण व आदिम ढंग की निर्वाहन कृषि है।

GEO BHINDER

**प्र. 32 बुशमैन के प्रमुख औजार व बर्तनों के बारे मे बताइये।**

उत्तर **औजार** –तीर–कमान, नुकीला डंडा, भाला, बर्छा, अग्निदण्ड इनके प्रमुख औजार हैं। ये बिष बुझे तीरों का प्रयोग करते है। शुतुरमुर्ग और जिराफ के पैर की हड्डियों को घिसकर नुकीला बनाकर तीर के अग्र भाग पर लगाते है। तीर–कमान से लगभग 60 मीटर की दूरी पर स्थित शिकार को भी मार सकते है। पेड़ों के छालों से रस्से बनाते है।

बर्तन – इनके पास बर्तन बहुत कम होते हैं। शुतुरमुर्ग के अण्डों का उपयोग जल रखने व आभूषण बनाने में करते है। हिरण की खाल की थैली व लकड़ी के प्याले अन्य बर्तन है।

**प्र. 33 संथाल व गौंड जनजातियों के बाद भारत में तीसरा सबसे बड़ा जनजाति समूह कौनसा है?**

उत्तर भील

**प्र 34 भील शब्द की उत्पत्ति किस भाषा के शब्द से हुयी है।**

उत्तर भील शब्द की उत्पत्ति द्राविड़ियन भाषा के 'बीलू' से हुयी है। जिसका अर्थ है तीरंदाज।

**प्र. 35 महाराणा प्रताप की अकबर के विरूद्ध युद्ध में मदद किसने की थी?**

उत्तर भील

**प्र. 36 भील कि शारिरिक संरचना के बारे मे बताइये।**

उत्तर ये लोग नाटे होते है। इनका रंग गहरा काला तथा नाक चौड़ी होती है। आँखे लाल,बाल रूखे, जबड़ा कुछ बाहर निकला होता है। इनका शरीर सुगठित व सुडौल होता है। ये लोग परिश्रमी और ईमानदार होते है। चोरी करने को धार्मिक पाप मानते है। ये आजादी प्रेमी होते है।

**प्र. 37 भीलों के निवास क्षेत्र को समझाइये।**

उत्तर भील दुर्गम व निर्जन पर्वतीय क्षेत्रों में निवास करते है। ये लोग अरावली, विन्ध्याचल व सतपुड़ा की पहाड़ियों और वन क्षेत्रों में रहते है। भारत में भील चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र में है। भीलों का मुख्य केन्द्रीकरण राजस्थान के बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, उदयपुर व चित्तौड़गढ़, मध्यप्रदेश के धार, झाबुआ व रतलाम, गुजरात के पंचमहल व बड़ोदरा में तथा महाराष्ट्र के औरंगाबाद, अहमदनगर, जलगाँव, नासिक व धुले जिलों में है।

**प्र. 39 आजीविका का मुख्य आधार क्या है?**

उत्तर आजीविका का मुख्य आधार खाद्य संग्रहण, आखेट, आदिम कृषि व पशुपालन है।

**प्र. 40 चिमाता' तथा'दजिया' किसे कहते है?**

उत्तर पहाड़ी क्षेत्रों की झूमिंग कृषि को 'चिमाता' तथा मैदानी भाग में की जाने वाली कृषि को 'दजिया' कहते हैं।

**प्र. 41 भील लोग किस से निर्मित मंदिरा के अधिक व्यसनी हैं।**

उत्तर भील लोग महुआ से निर्मित मंदिरा के अधिक व्यसनी हैं।

**प्र. 42 फला व पाल किसे कहते हैं?**

उत्तर गाँवों के समूह का फला व बड़े गाँव को पाल कहते हैं।

**प्र. 43 वर्षपर्यन्त भीलों का मुख्य भोजन क्या है?**

उत्तर वर्षपर्यन्त भीलों का मुख्य भोजन मक्का है।

**प्र 44 भीलों घर किस प्रकार के होते है?**

उत्तर इनके घर प्रकीर्ण प्रकार के होते है।

**प्र. 45 फटकिया किसे कहा जाता है?**

उत्तर पक्षियों को पकड़ने के लिए एक प्रकार का फंदा जिसे फटकिया कहा जाता है।

**प्र. 46 भील जनजाति में गोल गाधेड़ों प्रथा क्या है?**

उत्तर गोल गाधेड़ों प्रथा के द्वारा कोई भी युवक शूरवीरता व साहस का कार्य दिखलाते हुए शादी हेतु युवती को चुनने का अधिकार पाता है।

**प्र. 47 भील जनजाति का प्रमुख मेला कौनसा हैं?**

उत्तर राजस्थान में सोम, जाखम व माही से बनी त्रिवेणी पर भीलों का प्रमुख बेणेश्वर मेला जनवरी – फरवरी माह में लगता है। ये मेला शिव की आराधना हेतु लगता है।

CBEO BHINDER

**प्र 48** **किस जनजाति में ढोल बजाकर आपातकालीन समय में सभी को एकत्रित कर लिया जाता है?**

**उत्तर** भील

**प्र. 49** **भील जनजाति में मार्गदर्शक को क्या कहते है?**

**उत्तर** भील जनजाति में मार्गदर्शक को बोलावा कहते है।

**प्र. 50** **विश्व का सबसे बड़ा जनजातिय समूह का नाम बताइये?**

**उत्तर** गौंड

**प्र. 51** **गौंड अपने आप को क्या कहते है।**

**उत्तर** गौंड अपने आप को कोइटुर या कोल भी कहते है।

**प्र 52** **गौंड का मुख्य व्यवसाय क्या है?**

**उत्तर** गौंड का मुख्य व्यवसाय झूमिंग कृषि व आखेट है। कुछ वनोत्पाद संग्रह, पशुपालन व मछली पकड़ने का कार्य भी करते हैं।

**प्र. 53** **कौनसी कृषि मध्य प्रदेश के बस्तर में तीव्र पहाड़ी ढालों पर सीढ़ीदार खेतों पर की जाती है।**

**उत्तर** पैंड़ा कृषि

**प्र. 54** **गौंडों के मुख्य खाद्यान क्या है?**

**उत्तर** कोदू व कुटकी जैसे स्थानीय अनाज गौंडों के मुख्य खाद्यान है।

**प्र 55** **गौंड लोगों में कौन कौन से विवाह का प्रचलन है।**

**उत्तर** गौंड लोगों में सेवा विवाह, विनिमय विवाह, हरण विवाह तथा विधवा विवाह का प्रचलन है।

**प्र. 56** **गौंड लोगों में गॉव के मुखिया को किस नाम से जाना जाता है?**

**उत्तर** गॉव के मुखिया को पटेल अथवा मुखादम

**प्र. 57** **गौंड लोगों में गाँव के पुजारी व पुरोहित को क्या कहा जाता है।**

**उत्तर** गाँव के पुजारी व पुरोहित को देबारी कहा जाता है।

**प्र. 58** **किस जनजाति बोली द्राविड़ियन भाषा परिवार से संबंधित है जिसका सम्बन्ध तमिल व कन्नड़ से है।**

**उत्तर** गौंड जनजाति

**प्र. 59** **शीतला माता व छोटी माता देवी की कौनसी जनजाति लोग पूजा करतें है।**

**उत्तर** गौंड जनजाति

**प्र. 60** **कबाड़ी प्रथा क्या है?**

**उत्तर** इस प्रथा के अनुसार छोटे से कर्ज को चुकाने के लिए ऋणी की कई पीढ़ियों को साहूकारों के गुलामों की भाँति कार्य करना पड़ता था।

CBEO BHINDER

# इकाई 2

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 1 | 1 | 1 | 1 |
| य | 1 | 1 | 4 | 4 |
| योग | | 2 | | 5 |

## पाठ–3 : जनसंख्या : वितरण, घनत्व एवं वृद्धि

प्र. 1 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर कोष्ठक में दिजिए –

**I) विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है –**
(अ) बांग्लादेश (ब) भारत (स) चीन (द) ताईवान सही उत्तर (स)

**II) विश्व में दुसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है –**
(अ) चीन (ब) भारत (स) इण्डोनेशिया (द) यू.एस.ए. सही उत्तर (ब)

**III) संसार का सबसे बड़ा जनसमूह निवास करता है –**
(अ) यूरोप (ब) एशिया (स) अफ्रीका (द) द. अमेरीका सही उत्तर (ब)

**IV) सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का औसत जनसंख्या घनत्व कितना है?**
(अ) 294 (ब) 321 (स) 382 (द) 390 सही उत्तर (स)

**V) उत्तरी गोलार्द्ध में विश्व की कितने प्रतिशत जनसंख्या पाई जाती है –**
(अ) 60% (ब) 75% (स) 85% (द) 95% सही उत्तर (स)

**VI) एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते है, यह कथन किसने कहा –**
(अ) जार्ज बी. क्रेसी (ब) हटिंगटन (स) हम्बोल्ट (द) रिच थोफेन सही उत्तर (अ)

**VII) उत्तरी अमेरीका में जनसंख्या प्रवास किस महाद्वीप से सर्वाधिक है –**
(अ) एशिया (ब) यूरोप (स) दक्षिणी अमेरीका (द) अफ्रीका सही उत्तर (ब)

**VIII) सन् 2015 के अनुसार विश्व का जनसंख्या घनत्व है?**
(अ) 57 (ब) 42 (स) 47 (द) 55 सही उत्तर (स)

**IX) विश्व में वर्ष 2025 तक अनुमानित जनसंख्या होगी?**
(अ) 7818 करोड़ (ब) 903.6 करोड़ (स) 886.9 करोड़ (द) 960.6 करोड़
सही उत्तर (अ)

**X) जनसंख्या संक्रमण सिद्धान्त के अनुसार भारत कौन–सी अवस्था में आता है?**
(अ) पहली अवस्था (ब) तृतीय अवस्था (स) पाँचवी अवस्था (द) दूसरी अवस्था
सही उत्तर (ब)

प्र. 2 **विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए।**

उत्तर विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश चीन है।

प्र. 3 **भूमध्य सागरीय प्रदेश इतिहास के आरम्भिक कालों से क्यों बसे हुए हैं?**

उत्तर सुखद जलवायु के कारण भूमध्य सागरीय प्रदेश इतिहास के आरम्भिक कालों से बसे हुए है।

प्र. 4 **जनसंख्या घनत्व से क्या आशय है?**

उत्तर प्रति इकाई क्षेत्र पर निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

प्र. 5 **जनसंख्या वृद्धि पद की परिभाषा दीजिए।**

उत्तर किसी भौगोलिक क्षेत्र की जनसंख्या के आकार में एक निश्चित समय में होने वाले परिवर्तन को जनंसख्या वृद्धि कहा जाता है।

प्र. 6 **जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए आप कौनसे दो सुझाव देंगे?**

उत्तर (1) परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाकर बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है।

CBEO BHINDER

(2) छोटा परिवार रखने के लिए जन जागृति लाना।

**प्र. 7 भारत में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले दो भौतिक कारकों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर (1) भू–आकृति–पर्वतीय तथा पहाड़ी क्षेत्रों की तुलना में समतल और मन्द ढ़ालों पर अधिक जनसंख्या पाई जाती है।

(2) जल की उपलब्धता – जल जीवन का महत्वपूर्ण कारक होने के कारण नदी घाटियाँ विश्व के सघन क्षेत्र हैं।

**प्र. 8 जनसंख्या का घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।**

उत्तर प्रति इकाई क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जनसंख्या

$$\text{जनसंख्या घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$$

**प्र. 9 प्रवास किसे कहते हैं?**

उत्तर जिसके द्वारा एक स्थान से मनुष्य अन्य स्थान पर जाते हैं उसे प्रवास कहते हैं जैसे मनुष्य उत्तरी अमेरीका से आस्ट्रलिया आदि को गए।

**प्र. 10 जन्म दर से क्या आशय हैं?**

उत्तर जन्म दर की गणना वार्षिक स्तर पर प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित शिशुओं की संख्या से की जाती है।

**प्र. 11 विश्व में सर्वाधिक तथा न्यूनतम लिंगानुपात वाला महाद्वीप कौनसा हैं?**

उत्तर विश्व में सर्वाधिक लिंगानुपात यूरोप महाद्वीप में तथा न्यूनतम लिंगानुपात एशिया महाद्वीप में है।

**प्र. 12 जनंसख्या स्थानान्तरण से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर जनसंख्या स्थानान्तरण से तात्पर्य मानव समूह अथवा व्यक्ति के भौगोलिक या स्थान संबंधी स्थानान्तरण से है।

**प्र. 13 विश्व की लगभग 80% जनसंख्या किन अक्षांशों के मध्य पायी जाती हैं?**

उत्तर विश्व की लगभग 80% जनसंख्या $20^0$ से $60^0$ उत्तरी अक्षांशों के मध्य पाई जाती है।

**प्र. 14 विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप कौनसा हैं?**

उत्तर एशिया

**प्र. 15 विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या किस जनसमूह में रहती हैं?**

उत्तर एशियाई जनसमूह में रहती है।

**प्र. 16 विश्व की लगभग तीन चौथाई जनसंख्या ———— एवं ———— महाद्वीपों में रहती हैं।**

उत्तर एशिया, यूरोप

**प्र. 17 विश्व में वर्ष 2025 तक अनुमानित जनसंख्या —————— होगी।**

उत्तर 781.8 करोड़

**प्र. 18 विश्व की अधिकांश जनसंख्या ————— प्रदेशों में निवास करती है।**

उत्तर शीतोष्ण कटिबन्धीय

**प्र. 19 विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या ————— जनसमूह में निवास करती है।**

उत्तर एशियाई

**प्र. 20 प्रति इकाई क्षेत्र पर निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को ————— कहते है।**

उत्तर जनसंख्या घनत्व

CBEO BHINDER

**प्र. 21 किसी भौगोलिक क्षेत्र की जनसंख्या के आकार में एक निश्चित समय में होने वाले परिवर्तन को ——————— कहते है।**

उत्तर जनसंख्या वृद्धि

**प्र. 22 विश्व की जनसंख्या समस्या के समाधान हेतु कोई दो उपाय सुझाइये।**

उत्तर 1. प्राकृतिक संसाधनों का अनुकूलतम प्रयोग किया जाए।

2. कोयला, पेट्रोल, बिजली के अधिकतम उपयोग पर नियंत्रण।

**प्र. 23 जनसंख्या वितरण और जनसंख्या घनत्व में 2 अन्तर लिखिए —**

उत्तर

| | **जनसंख्या वितरण** | **जनसंख्या घनत्व** |
|---|---|---|
| 1. | जनसंख्या वितरण से आशय जनसमूह के स्थानिक वितरण से है। | जनसंख्या घनत्व से आशय जनसंख्या एवं धरातल के अनुपात से है। |
| 2. | जनसंख्या वितरण में स्थानिक वितरण पर अधिक बल दिया जाता है। | जनसंख्या घनत्व में जनसंख्या आकार एवं क्षेत्र के अनुपातिक संबंधों पर बल दिया जाता है। |

**प्र. 24 प्रायः जनविहीन क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर विश्व के वे क्षेत्र जहाँ जनंसख्या घनत्व 1 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी.से भी कम पाया जाता है, जनविहीन क्षेत्र कहलाता है। पृथ्वी के स्थल भाग का लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र आवास्य है जिसे इस वर्ग में रखा जाता है।

**प्र. 25 जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के चार बिन्दु लिखें।**

उत्तर 1. जनसंख्या वृद्धि के फलस्वरूप खाद्यान्न आपूर्ति व आवास की समस्या उत्पन्न हो रही है।

2. जनसंख्या वृद्धि से लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

3. इससे बेरोजगारी व निर्धनता में वृद्धि हो रही है।

4. जनसंख्या वृद्धि से कृषि भूमि क्षेत्र निरन्तर कम होता जा रहा है और वनों का विनाश हो रहा है।

**प्र. 26 भारत में जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के तीन उपाय सुझाइए।**

उत्तर 1. परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाकर बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है।

2. छोटा परिवार रखने के लिए जन जागृति लाना।

3. स्त्रियों की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाये।

अथवा

**जनसंख्या वृद्धि के लिए उत्तरदायी घटकों को लिखिए —**

उत्तर जनसंख्या वृद्धि के लिए उत्तरदायी मूलभूत घटक :—

1. जन्म दर — जनसंख्या में प्रति हजार व्यक्तियों पर किसी देश में जन्में बच्चों की संख्या को जन्म दर कहते हैं।
2. मृत्यु दर — जनसंख्या में प्रति हजार व्यक्तियों पर किसी देश में मरने वाले लोगों की संख्या को मृत्यु दर कहते हैं।
3. प्रवास— एक स्थान से दूसरे स्थान पर जनसंख्या के स्थानान्तरण को प्रवास कहते हैं।

**प्र. 27 जननांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त क्या है?**

उत्तर जननांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त — इस सिद्धान्त का प्रयोग किसी भी क्षेत्र की जनसंख्या का वर्णन एवं भावी जनसंख्या के पूर्वानुमान के लिए किया जाता है। जनसंख्या परिवर्तन का यह सिद्धान्त हमें यह जानकारी देता है कि जैसे ही किसी समाज, ग्रामीण, खेतीहर अशिक्षित अवस्था से उन्नति करते हुए साक्षर, नगरीय और औद्योगिक अवस्था की ओर बढ़ता है। किसी प्रदेश की जनसंख्या उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर से परिवर्तित होने लगती है।

CBEOBHINDER

अथवा

**जननांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की अवस्थाओं को लिखिए।**

उत्तर जननांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की अवस्थाऐं :–

1. उच्च जन्म दर, उच्च मृत्यु दर
2. उच्च जन्म दर, मृत्यु दर उच्च लेकिन गिरती हुई
3. उच्च जन्म दर, मध्यम मृत्यु दर
4. मध्यम जन्म दर, निम्न मृत्यु दर
5. निम्न जन्म दर, निम्न मृत्यु दर

**प्र. 28. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिये**

**उत्तर जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक**

- विश्वव्यापी कारक
  - अवस्थिति
  - जलवायु दशा
  - धरातल
  - समुद्र तल से ऊँचाई
- प्रादेशिक कारक
  - भूमि की बनावट
  - जल आपूर्ति
  - मिट्टियाँ
  - वनस्पति
  - खनिज
  - शक्ति संसाधन
- साँस्कृतिक कारक
  - आर्थिक अवस्था
  - उन्नति का स्तर
  - राजनैतिक स्थिति
  - मनोवैज्ञानिक
  - परिवहन
  - व्यापार
- सामायिक कारक
  - वातावरण के अनुकूलन
  - पारस्परिक निर्भरता
  - धर्म
  - सामाजिक मान्यताएँ
  - सामाजिक संरचना

**प्र. 29 जनसंख्या वृद्धि के उतरदायी कारको का वर्णन किजिये।**

उत्तर जनसंख्या वृद्धि के लिए उत्तरदायी कारक निम्नलिखित है।

(1) **मृत्युदर में गिरावट** : विश्व में जनसंख्या वृद्धि का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण मृत्युदर पर नियन्त्रण है। विगत पचास वर्षों में वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के कारण संक्रामक रोगों तथा महामारियों पर सफलतापूर्वक नियन्त्रण से मृत्युदर में भारी गिरावट आई है।

(2) **खाद्य पदार्थों की निश्चित आपूर्ति** : विश्व में खाद्यान्नों तथा अन्य खाद्य पदार्थों की निश्चित एवं नियमित आपूर्ति से जनसंख्या की वृद्धि दर प्रभावित हुई है। यांन्त्रिक एवं गहन कृषि, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, उन्नत खाद–बीज के उपयोग आदि में कृषि उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। अकालों की संख्या भी अत्यन्त कम हुई है।

(3) **औद्योगिक विकास** : औद्योगिक क्रान्ति के कारण खनन ऊर्जा, उत्पादन, उद्योग, परिवहन, व्यापार, तकनीक, आदि सभी क्षेत्रों का बहुमुखी विकास हुआ है, जिसमें रोजगार के माध्यम बढ़े हैं। मनुष्य के सामान्य जीवन स्तर में सुधार आया है।

(4) **वैज्ञानिक तथा प्राविधिक प्रगति** : नवीन आविष्कारों ने मानव जीवन को आरामदायक तथा सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने से जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

(5) **शान्ति और सुरक्षा** : शान्ति और सुरक्षा की स्थापना से विश्व में सामान्य प्रगति का विस्तार हुआ है तथा जनसंख्या में वृद्धि होती रही है।

**प्र. 30 जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिये।**

उत्तर जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक निम्न है –

### (अ) भौतिक कारक

(1) **स्थिति** : जनसंख्या वितरण पर विश्व के विभिन्न क्षेत्र की स्थिति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। विश्व की अधिकाँश जनसंख्या शीतोष्ण कटिबन्धीय प्रदेशों में निवास करती है। लोग समतल मैदानों और मंद ढालों पर बसने को वरीयता देते हैं। पर्वतीय और पहाड़ी क्षेत्र परिवहन के विकास में बाधक होते हैं इसलिए प्रारम्भ से कृषि और औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल नहीं होते हैं। अतः इन क्षेत्रों में कम जनसंख्या पायी जाती है।

(2) **जल की उपलब्धता** : लोग उन क्षेत्रों में बसना चाहते है, जहाँ जल आसानी से उपलब्ध होता है, यहीं कारण है कि विश्व की महान नदी–घाटियाँ विश्व के सबसे सघन बसे हुए क्षेत्र है।

(3) **जलवायु** : अति ऊष्ण अथवा ठण्डे मरूस्थलों की विषम जलवायु मानव बसाव के लिए असुविधाजनक होती है। अधिक वर्षा अथवा विषम जलवायु क्षेत्रों में कम जनसंख्या पाई जाती है। भूमध्य सागरीय प्रदेश सुखद जलवायु के कारण ही प्रारम्भिक काल से बसे हुए क्षेत्र हैं।

(4) **मृदाएँ** : उपजाऊ मृदाएँ कृषि तथा इससे सम्बन्धित क्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए उपजाऊ दोमट मिट्टी वाले प्रदेशों में अधिक लोग निवास करते है क्योंकि ये मृदाएँ गहन कृषि का आधार बनती है।

### (ब) आर्थिक कारक

(1) **खनिज** : खनिज निक्षेपों से युक्त क्षेत्र उद्योगों को आकृष्ट करते हैं। खनन और औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करती है। अतः अकुशल तथा कुशल कर्मी इन क्षेत्रों में पहुँचते हैं और जनसंख्या को सघन बना देते हैं। अफ्रिका की कटंगा, ताम्बा पेटी इसका एक अच्छा उदाहरण है।

(2) **नगरीकरण** : नगर रोजगार के बेहतर अवसर, शैक्षणिक व चिकित्सा सुविधाएँ तथा परिवहन और संचार के बेहतर साधन प्रस्तुत करते हैं। अच्छी नगरीय सुविधाएँ तथा नगरीय जीवन का आकर्षण लोगों को नगरों की ओर खींचते हैं।

(3) **औद्योगीकरण** : औद्योगीकरण, बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करता है। इनमें केवल कारखानों के श्रमिक ही नहीं होते बल्कि परिवहक परिचालक, दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर, अध्यापक तथा अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले भी होते हैं। जापान का कोबे–ओसाका प्रदेश अनेक उद्योगों की उपस्थिति के कारण सघन बसा हुआ है।

(4) **सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक** : कुछ स्थान धार्मिक अथवा सांस्कृतिक महत्व के कारण अधिक लोगों को आकर्षित करते हैं। ठीक इसी प्रकार लोग उन क्षेत्रों को छोड़कर चले जाते हैं जहाँ सामाजिक और राजनैतिक अशान्ति होती है। कई बार सरकारें लोगों को विरल जनसंख्या वाले क्षेत्र में बसने अथवा भीड़–भाड़ वाले स्थानों में चले जाने के लिए प्रोत्साहन देती है।

**प्र. 31 जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए अपने सुझाव लिखिए।**

या जनसंख्या समस्या समाधान के लिए पर अपने विचार लिखिए।

(1) भौगोलिक संसाधनों का अनुकूलतम प्रयोग करके आर्थिक उत्पादन में वृद्धि करना।

(2) औद्योगीकरण, परिवहन, संचार–साधनों, खनन– उद्योगों और निर्माण–उद्योगों की उन्नति, यंत्रीकरण, कोयला, पेट्रोल–बिजली के अधिकतम उत्पादन पर नियन्त्रण आवश्यक।

(3) शिक्षा का प्रसार और विज्ञान एवं तकनीकी प्रशिक्षण के अधिक से अधिक प्रसार से जागरूकता लाना।

(4) कृषि का नवीनीकरण

(5) सागरीय संसाधनों का उपयोग

(6) जनसंख्या का अल्प बसे क्षेत्रों में प्रवास

(7) देरी से विवाह, परिवार नियोजन और सन्तति निग्रह।

## पाठ – 4 : विश्व जनसंख्या सरंचना

1. वृद्ध आयु जनसंख्या वर्ग में कितने वर्ष से ऊपर की जनसंख्या सम्मिलित होती है।
   (अ) 60 वर्ष (ब) 62 वर्ष (स) 68 वर्ष (द) 65 वर्ष उत्तर–(द)
2. विश्व के सर्वाधिक वृद्ध व्यक्तियों का प्रतिशत किस देश में है–
   (अ) भारत (ब) जापान (स) चीन (द) दक्षिण अफ्रीका उत्तर–(ब)
3. विश्व में किस आयु वर्ग का प्रतिशत सर्वाधिक है–
   (अ) 65 वर्ष से अधिक (ब) 0–14 वर्ष (स) 25 से 54 वर्ष (स) उपर्युक्त सभी उत्तर–(स)
4. शत–प्रतिशत साक्षरता वाला देश है–
   (अ) जापान (ब) भारत (स) चीन (द) यू.एस.ए. उत्तर–(अ)
5. उच्च नगरीय जनसंख्या किस देश में पाई जाती है–
   (अ) मिश्र (ब) सिंगापुर (स) बांग्लादेश (द) भारत उत्तर–(ब)

**प्र. 1 आयु संरचना किसे कहते हैं?**

उत्तर वभिन्न आयु वर्गों में लोगों की संख्या को जनसंख्या की आयु संरचना कहते हैं।

**प्र. 2 विश्व में किस आयु वर्ग का प्रतिशत सर्वाधिक है?**

उत्तर विश्व में 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग का प्रतिशत सर्वाधिक है।

**प्र. 3 उच्च नगरीय जनसंख्या किस देश में पाई जाती है?**

उत्तर उच्च नगरीय जनसंख्या सिंगापुर देश में पाई जाती है।

प्र. **4 जनसंख्या संरचना में बाल वर्ग किस आयु वर्ग से सम्बन्धित है?**

उत्तर जनसंख्या संरचना में 0 से 14 आयुवर्ग बाल आयुवर्ग से सम्बन्धित है।

**प्र. 5 विश्व में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या किस महाद्वीप में है?**

उत्तर उत्तरी अमेंरिकी महाद्वीप में 77 प्रतिशत तक मिलती है।

**प्र. 6 साक्षरता दर से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर साक्षरता दर कुल जनसंख्या का वह प्रतिशत है जिसमें 7 वर्ष या अधिक आयु के लोग दैनिक जीवन में पढ़ लिखकर एक दुसरे को समझ व समझा सकें।

**प्र. 7 साक्षरता दर को प्रभावित करने वाले कोई चार कारण लिखिए?**

उत्तर 1. आर्थिक विकास का स्तर 2. नगरीकरण
3. जीवन स्तर 4. महिलाओं की सामाजिक स्थिति।

**प्र. 8 विश्व की साक्षरता दर कितनी है?**

उत्तर 77 प्रतिशत।

**प्र. 9 जनसंख्या संरचना के अन्तर्गत किन पहलुओं का अध्ययन किया जाता है?**

उत्तर जनसंख्या संरचना के अन्तर्गत सामान्यतः आयुवर्ग, स्त्री–पुरूष अनुपात, व्यवसाय, ग्रामीण तथा नगरीय जनसंख्या, साक्षरता आदि का अध्ययन किया जाता है।

**प्र. 10 आयु संरचना क्या है?**

उत्तर आयु संरचना के अन्तर्गत किसी देश या प्रदेश में पाये जाने वाले विभिन्न आयु के लोगों का उनकी आयु या उम्र के अनुसार वर्गों में रखकर अध्ययन किया जाता है। किसी भी देश कीजनसंख्या को सामान्यतया तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है–जो क्रमशः 0–14, 15–64 और 65 वर्ष से ऊपर की आयु के होते हैं। इनमें यह विभाजन जनसंख्या की आयु संरचना कहलाता है।

CBEO BHINDER

**प्र. 11 वृद्ध जनसंख्या वर्ग में कितने वर्ष से ऊपर की जनसंख्या आती है?**

उत्तर वृद्ध जनसंख्या वर्ग में 65 वर्ष से ऊपर की जनसंख्या आती है।

**प्र. 12 राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक वृद्धों की जनसंख्या किस देश में पायी जाती है?**

उत्तर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक वृद्धों की जनसंख्या जापान में पायीजाती है।

**प्र. 13 आयु वर्ग के अनुसार किस वर्ग में सर्वाधिक जनसंख्या पायी जाती है?**

उत्तर आयु वर्ग के अनुसार वयस्क आयुवर्ग 15–64 में सर्वाधिक जनसंख्या पायी जाती है?

**प्र. 14 लिंगानुपात किसे कहते है?**

उत्तर जनसंख्या में पुरूष तथा स्त्रियों की संख्या के बीच के अनुपात को लिंगानुपात कहते है। लिंगानुपात ज्ञात करने हेतु प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या ज्ञात की जाती है। भारत में यह निम्न सूत्र द्वारा परिकलित किया जाता है।

$$\frac{\text{स्त्रियों की जनसंख्या} \times 1000}{\text{पुरुषों की जनसंख्या}}$$

**प्र. 15 लिंगानुपात की इस भिन्नता के आधार पर विश्व को कितने भागों बांटा गया है**?

उत्तर लिंगानुपात की इस भिन्नता के आधार पर विश्व कोचार भागों में विभाजित किया जा सकता है।

(अ) **अत्यधिक स्त्री अधिकता वाले देश** : इस श्रेणी में 1050 से अधिक लिंगानुपात वाले देश सम्मिलित होते हैं जिसमेंपश्चिमी यूरोपीय देश, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, दक्षिणी अमेरिका के दक्षिणी क्षेत्रों में स्त्रियों की संख्या अत्यधिक है।

(ब) **स्त्री अधिकता वाले देश** : इस श्रेणी में 1050 से 1000 लिंगानुपात रखने वाले देश जैसे यूक्रेन, बेलारूस, पोलेण्ड, मंगोलिया, कजाकिस्तान, थाईलेण्ड, कम्बोडिया, म्याँनमार, दक्षिणअफ्रीकी देश है।

(स) पुरुष अधिकता वाले देश : इस वर्ग के देशों में लिंगानुपात 1000 से 950 के मध्य पाया जाता है। इसमें आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, चीन, कोरिया, मेक्सिको, ब्राजील, इरानऔर क्यूबा देशों में पुरूषों की अधिकता है।

(द) अत्यधिक पुरूष अधिकता : विश्व के कई देशों में 950 से भी कम लिंगानुपात पाया जाता है। भारत इस श्रेणी का मुख्य प्रतिनिधित्व करता देश है। जहाँ घटता लिंगानुपात जनसंख्या केअसन्तुलन के लिये चिन्ताजनक है।

**प्र. 16 नगरीय जनसंख्या के वितरण के अनुसार विश्व में वितरण का वर्गीकरण कीजिए?**

उत्तर नगरीय जनसंख्या के वितरण के अनुसार विश्व में वितरण का वर्गीकरण इस प्रकार है–

(अ) **उच्च नगरीय जनसंख्या** : इस वर्ग में विश्व के वे देश आते हैं जिनमें नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 60 से अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको, ब्राजील, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड, जापान, सिंगापुर, अर्जेन्टाइना एवं यूरोप महाद्वीप के अधिकांश देशों में नगरीय जनसंख्या का उच्च प्रतिशत पाया जाताहै।

(ब) **मध्यम नगरीय जनसंख्या** : इस वर्ग में विश्व के वे देश सम्मिलित होते हैं जिनमें नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 40 से 60 तक पाया जाता है। चीन, इण्डोनेशिया, द.अफ्रीका, मिश्र, वेनेजुऐला, क्यूबा, जेमैका और हैती आदि देश मध्यम नगरीयजनसंख्या रखते हैं।

(स) **न्यून नगरीय जनसंख्या** : इस वर्ग 40 प्रतिशत से कम नगरीय जनसंख्या वाले देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, दक्षिणी पूर्वी एशिया एवं अफ्रीका महाद्वीप के अधिकांश देशसम्मिलित होते हैं।

CBEO BHINDER

# इकाई 3

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 1 | 1 | 1 | 1 |
| स | 1 | 1 | 3 | 3 |
| योग | | 2 | | 4 |

## पाठ–6 : विश्व मानव अधिवास

1. मानव अधिवास के अनेक रूप है, निम्न में से आप किसे मानव अधिवास नहीं मानते हैं?
(अ) मकान (ब) नगर (स) गाँव (द) गलियाँ उत्तर–(द)
2. पम्पास व प्रेयरी घास के प्रदेशों में किस प्रकार के अधिवास बनाते हैं?
(अ) मिश्रित अधिवास (ब) गुच्छित अधिवास
(स) प्रकीर्ण अधिवास (द) सघन अधिवास उत्तर–(स)
3. ग्रामीण क्षेत्रों में रेलमार्गों के सहारे बस्ती का विकास किस अधिवास प्रतिरूप में हैं?
(अ) तीर प्रतिरूप (ब) रेखीय प्रतिरूप
(स) वृत्ताकार प्रतिरूप (द) चौक पट्टी प्रतिरूप उत्तर–(ब)
4. भारत में महानगर की जनसंख्या का आकार है?
(अ) 5 लाख से अधिक (ब) 10 लाख से अधिक
(स) 1 लाख से अधिक (द) एक करोड़ से अधिक उत्तर–(ब)
5. भारत में मेगापोलिस नगर श्रेणी में शामिल नहीं है?
(अ) कोलकत्ता (ब) दिल्ली (स) जयपुर (द) चेन्नई उत्तर–(स)
6. भारत में 2011 के अनुसार महानगरों की संख्या है?
(अ) 53 (ब) 27 (स) 35 (द) 47 उत्तर–(अ)

**प्र. 1 अधिवास किसे कहते है?**
उत्तर पृथ्वी के धरातल पर मानव द्वारा निर्मित एवं विकसित आवासों के संगठित समूह को अधिवास कहते है।

**प्र. 2 स्थायी अधिवास का आरंम्भ कब हुआ?**
उत्तर उत्तर पाषाण काल में स्थायी कृषि के साथ ही स्थायी अधिवासों की उत्पत्ति हुई।

**प्र. 3 अधिवासों की उत्पत्ति को कितने भागो में बांटा गया है?**
उत्तर दो भागो में बांटा गया है 1.अस्थायी अधिवास 2. स्थायी अधिवास

**प्र. 4 मानव अधिवासों को प्राकृतिक दशाओं और आधारभूत कार्यो के आधार पर कितने वर्गो में वर्गीकृत किया जा सकता है?**
उत्तर दो, 1 ग्रामीण अधिवास 2 नगरीय अधिवास

**प्र. 5 बूशमेन जाति के लोग किस प्रकार के अधिवास बनाते है?**
उत्तर अस्थायी अधिवास।

**प्र. 6 ग्रामीण अधिवासो के मुख्य प्रकार कौनसे है?**
उत्तर 1 सघन/गुच्छित/पुंजित/संहत/सकेंन्द्रित/संकुलित अधिवास
2 प्रकीर्ण/एकाकी अधिवास
3 मिश्रित अधिवास/अर्धसघन/अर्धकेन्द्रिय अधिवास
4 पल्ली/पुराना अधिवास

**प्र. 7 सघन अधिवास किसे कहते है?**
उत्तर जिनमे आवास गृह पास पास हो, संम्पूर्ण गांव सघन बसा हो तथा अधिवास प्रायः खेतो के मध्य किसी उंचे एवं बाढ से सुरक्षित स्थानो पर बसे होते है

GEO BHINDER

**प्र. 8 गंगा–सतलज के मैदान, मालवा के पठार में किस प्रकार के अधिवास पाये जाते है?**

उत्तर सघन अधिवास

**प्र. 9 प्रकीर्ण अधिवास कि प्रमुख विशेषता कौनसी है?**

उत्तर अधिवास छितरे हुए तथा बिखरे हुए होते है

**प्र. 10 दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, प्रतापगढ तथा मरूस्थलीय प्रदेश में किस प्रकार के अधिवास पाये जाते है?**

उत्तर प्रकीर्ण या एकाकी अधिवास।

**प्र. 11 राजस्थान में मिश्रित अधिवास का उदहारण कौनसा रहा है?**

उत्तर खुर्दगांव, (तहसील सांगोद, कोटा।)

**प्र. 12 मिश्रित अधिवास की उत्पत्ति में कोनसा कारक उत्तरदायी माना गया है?**

उत्तर पारिवारिक कारक।

**प्र. 13 रेखिय प्रतिरूप का विकास कंहा होता है?**

उत्तर सडक मार्ग, रेल मार्ग, नहर, नदी घाटी या सागर तट के सहारे।

**प्र. 14 जयपुर जिले का बरवाडा गांव किस प्रकार के प्रतिरूप का उदाहरण है?**

उत्तर रेखिय प्रतिरूप

**प्र. 15 तीर प्रतिरूप के अधिवास भारत में कहां पाये जाते है?**

उत्तर कन्याकुमारी और उडिसा में चिल्का झील तट पर।

**प्र. 16 किसी अन्तरिप के शीर्ष पर, नदी के विसर्प के सहारे या दो आब के बीच किस प्रकार के प्रतिरूप का विकास होता है?**

उत्तर तीर प्रतिरूप ,

**प्र. 17 सीढीनुमा प्रतिरूप किन क्षैत्रो में पाये जाते है?**

उत्तर पर्वतीय ढालो पर।

**प्र. 18 जब नदियां, नहरे या सडको का संगम होता है ओर वे एक दुसरे को काटती नहीं है तब किस** प्रतिरूप का निर्माण होता है?

उत्तर त्रिभूजाकार प्रतिरूप।

**प्र. 19 त्रिभूजाकार प्रतिरूप भारत में कौनसे राज्यों में मिलते है?**

उत्तर पंजाब और हरियाणा राज्य में।

**प्र. 20 जब दो सडके आपस में मिलती है और उनके मिलन स्तल से दोनो सडको के किनारे लम्बवत गलियों का निर्माण होता है तब कौनसे अधिवास प्रतिरूप बनते है?**

उत्तर आयताकार या चौक पट्टी प्रतिरूप।

**प्र. 21 किसी झील, तालाब, कुए और चौपाल के चारो ओर मकानों के बसने से किस अधिवास प्रतिरूप का निर्माण होता है?**

उत्तर वृत्ताकार प्रतिरूप।

**प्र. 22 राजस्थान के बांरा जिले का लिसाडी गांव किस अधिवास प्रतिरूप का उदाहरण है?**

उत्तर अनियमित /अनाकार प्रतिरूप

**प्र. 23 टोडा जनजाति ओर दक्षिणी अफ्रिका के जुलू लोगो के अधिवास किस प्रकार के प्रतिरूप का उदाहरण है?**

उत्तर मधु छत्ता प्रतिरूप अधिवास।

CBEO BHINDER

**प्र. 24 ग्रामीण अधिवासों की मुख्य समस्याए कौनसी है?**

उत्तर 1. आवागमन के साधनों का अभाव। 2. स्वच्छ पेयजल का अभाव।
3. विद्युत आपूर्ति का अभाव। 4. रोजगार के अवसर नहीं होना।
5. सूचना तकनीक एवं दुरभाष सुविधाओं का अभाव।

**प्र. 25 नगर किसे कहते है?**

उत्तर एक लाख से अधिक किन्तु दस लाख से कम जनसंख्या वाले अधिवास नगर कहलाते है।

**प्र. 26 महानगर किसे कहते है?**

उत्तर दस लाख से अधिक जनसख्या वाले अधिवासों को महानगर या मेट्रो सिटी कहते है।

**प्र. 27 सन्न नगर किसे कहते है?**

उत्तर सन्न नगर विशाल विकसीत नगरिय क्षैत्र होते है जो अलग अलग नगरो या शहरों के आवास से मिल कर विशाल नगरिय क्षैत्र मे बदल जाते है।

**प्र. 28 सन्न नगर शब्द का प्रयोग सर्व प्रथम कब व किसने किया?**

उत्तर 1915 में, पैट्रिक गिडिज नें।

**प्र. 29 भारत में सन्न नगर के उदाहरण कौनसे नगर है?**

उत्तर ग्वालियर , लश्कर–मुरार, दिल्ली–गुडगांव, दिल्ली–नोएडा

**प्र. 30 वृहत नगर /विश्व नगरी किसे कहते है?**

उत्तर वे नगर जिनकी जनसंख्या 50 लाख से अधिक हो

**प्र. 31 मेगालोपोलिश /विश्व नगर शब्द का प्रयोग सर्व प्रथम कब व किसने किया?**

उत्तर सन् 1857 में , जीन गोटमेन ने

**प्र. 32 मेगालोपोलिश /वृहत नगर के उदाहरण कौनसे नगर है?**

उत्तर ग्रेटर लंदन, टोकियो, पेरिस, न्युयार्क, मास्को, कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई।

**प्र. 33 एशिया की सबसे बडी गंदी बस्ती कौनसी है?**

उत्तर मुम्बई की धारावी कच्ची बस्ती।

**प्र. 34 गंदी बस्तीयों का प्रादुर्भाव क्यों हुआ?**

उत्तर नगरो में जनसंख्या तथा घनत्व में वृद्वि होने से आवासीय भवनों की कमी उत्पन्न हो गयी जिसने गंदी बस्तीयों के प्रादुर्भाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्र. 35 भारत में नगरिय बस्ती को परिभाषित किजियें?**

उत्तर जनसंख्या पांच हजार और जनसंख्या घनत्व चार सौ व्यक्ति प्रति वर्ग किमी हो तथा 75प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गैर कृषि कार्यो में संलग्न हो।

**प्र 36 नगरिय बस्तियों की समस्याए लिखिये?**

उत्तर
1 अत्यधिक जनसंख्या घनत्व
2 नगरो का बढता आकार
3 गंदी बस्तियों का प्रादुर्भाव
4 पर्यावरण प्रदुषण
5 उपभोक्ता वस्तुओं का उच्च मूल्य
6 खाद्यपदार्थो में मिलावट
7 अपराधो का बढता स्तर
8 तीव्र सामाजिक, अर्थिक विषमता

CBEO BHINDER


**प्र. 37 कच्ची बस्तियों की समस्याए लिखिये?**

उत्तर
1. अस्वास्थ पूर्ण पर्यावरण में आवासो का निर्माण
2. सडको का अभाव
3. पेयजल , प्रकाश व शुद्व वायु की कमी।
4. अत्यधिक भीडभाड से संक्रमण का खतरा।
5. शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव।
6. विद्यालयों का अभाव।
7. कानून एवं स्ववस्था बनाए रखने की समस्या


**प्र. 38 कच्ची बस्तियों की समस्याओं हेतू समाधान के उपाय लिखिये?**

उत्तर
1. सरकार द्वारा निम्नतम दर पर आवास उपलब्ध कराना।
2. नल या टेंकरो द्वारा स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति न्युनतम दर पर या निशुल्क की जानी चाहीएं।
3. विद्यालय खोलकर।
4. सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर निशुल्क चिकीत्त्सा उपलब्ध कराना।
5. रोजगार के साधन उपलब्ध कराना।


**प्र. 39 ग्रामीण अधिवास के आयताकार व नाभिय प्रतिरूपो चित्र बनाईये?**





**प्र. 40 ग्रामीण अधिवास के वृत्ताकार व तीर प्रतिरूप का चित्र बनाईये?**




**प्र. 41 ग्रामीण अधिवास के अर्धवृत्ताकार व तारा प्रतिरूप का चित्र बनाईये?**




**प्र. 42 ग्रामिण अधिवास के रेखीय प्रतिरूप व अरीय प्रतिरूप का चित्र बनाईये?**



**प्र. 43 सघन या गुच्छित ग्रामीण बस्ती की विशेषताए लिखिये। कोई 6**

उत्तर सघन या गुच्छित ग्रामीण बस्ती की विशेषताए निम्न लिखित है–

(1) अधिवास प्रायः खेतों के मध्य किसी ऊँचे एवं बाढ़ से सुरक्षित स्थानों पर बसे होते हैं।

(2) सभी आवास पास–पास बने होते हैं।

(3) सभी आवास एक स्थान पर संकेन्द्रित होते हैं एवं बाहरी आक्रमणों का मिलकर मुकाबला करते हैं।

(4) सामाजिक प्रगाढ़ता होने से एक–दूसरे के सुख– दुख में सहभागी होते हैं।

(5) इनमें आवासों की संख्सा 40–50 से लेकर सैंकड़ों तक हो सकती है।

(6) इनकी जनसंख्या उपलब्ध संसाधनों के आधार पर 500 से 1000 या अधिक हो सकती

**प्र. 43 नगरीय अधिवासों के प्रकारों के बारें में वर्णन कीजिए।**

उत्तर नगरीय अधिवास अपने आकार, उपलब्ध सुविधओं एवं सम्पादित किये जाने वाले कार्यों एवं जनसख्या के आधार कई नामों से जाने जाते हैं। जो निम्नानुसार है–

(1) **नगर** : एक लाख से अधिक किन्तु दस लाख से कम जनसंख्या वाले अधिवास नगर कहलाते है। इनमें 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गैर प्राथमिक कार्यों में संलग्न होती है। जैसे भारत में राजस्थान का बीकानेर नगर।

(2) **महानगर** : दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले अधिवासों को महानगर कहा जाता है। ये औद्योगिक, व्यापारिक, प्रशासनिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के केन्द्र होते हैं। जैसे भारत में जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर। इन्हें मेट्रोसिटी भी कहते हैं।

(3) **सन्नगर** : 1915 में पैट्रिक गिडिज ने इस शब्दावली का प्रयोग किया था। यह विशाल विकसित नगरीय क्षेत्र होते हैं, जो अलग–अलग नगरों या शहरों के आवास से मिलकर विशाल नगरीय क्षेत्र में बदल जात हैं। ग्रेटर लंदन, टोकियो, शिकागो आदि इसके उदाहरण है। भारत में ग्वालियर, लश्कर–मुरार, दिल्ली–गुडगांव, दिल्ली–नोएडा, सन्नगर के उदाहरण है।

(4) **वृहत नगर** : अंग्रेजी में इसे मेगालोपोलिस कहते हैं, जिसका अर्थ विशाल नगर होता है। इसका प्रयोग सन् 1857 में जीन गोटमेन ने किया था। ये अत्यन्त बड़े नगर होते हैं, जिनकी जनसंख्या 50 लाख से अधिक होती है। इन नगरों को विश्व नगरी भी कहते हैं। जैसे ग्रेटर लंदन, टोकियो, पेरिस, न्यूयार्क, मास्को, बिजिंग, कोलकात्ता, मुम्बई, दिल्ली, चैन्नई आदि।

**प्र. 44 नगरीय अधिवासों की समस्यों को बताइये**

**(1) अत्यधिक जनसंख्या घनत्व एवं नगरों का बढ़ता आकार**

**(2) गन्दी बस्तियों का प्रादुर्भाव**

**(3) पर्यावरण प्रदूषण**

**(4) उपभोक्ता वस्तुओं का उच्च मूल्य** :

**(5) खाद्य पदार्थों में मिलावट**

**(6) अपराधों का बढ़ता स्तर**

**(7) तीव्र सामाजिक–आर्थिक विषमता एवं सामाजिक असहयोग**

**(8) स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की कमी**

# इकाई 4

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 1 | 1 | 1 | 1 |
| ब | 1 | 1 | 2 | 2 |
| स | 1 | 1 | 3 | 3 |
| योग | | 2 | | 6 |

## पाठ – 7 : मानव व्यवसाय प्रमुख प्रकार

**अतिलघूतरात्मक प्रश्न :**

**प्र. 1 पंचम व्यवसाय में कौन कौनसे कियाकलाप सम्मिलित है?**

उत्तर 1. कार्यकारी निर्माणकर्ता 2. अनुसन्धान।

**प्र. 2 किन्ही दो तृतीयक व्यवसायों के नाम बताइये?**

उत्तर 1 परिवहन 2 व्यापार।

**प्र. 3 चतुर्थक व्यवसाय में षामिल किन्ही दो व्यवसायों के नाम दीजिए?**

उत्तर 1 सूचना 2 षोधप्रकार के व्यवसाय।

**प्र. 4 प्राथमिक व्यवसाय के दो उदाहरण दीजिए?**

उत्तर 1 आखेट करना 2 संग्रहण या एकत्रण करना।

**प्र. 5 द्वितीयक व्यवसाय के दो उदाहरण दीजिए?**

उत्तर 1 उद्योग धंधें 2 निर्माण – भवन।

**प्र. 6 औद्योगिक क्रांति कें समय लोग किस प्रकार के व्यवसायों मे संलग्न थें?**

उत्तर द्वितीयक व्यवसाय में।

**प्र. 7 मानव व्यवसाय को प्रमुख कितने वर्गो में बाटा गया है?**

उत्तर 5 वर्गो में।

**प्र. 8 कौनसें व्यवसाय सेवा सेक्टर के अन्तर्गत आतें है?**

उत्तर तृतीयक, चतुर्थ और पंचम व्यवसाय।

**प्र. 9 प्रत्यक्ष सेवा सेक्टर किस प्रकार का व्यवसाय है?**

उत्तर तृतीयक व्यवसाय।

**प्र. 10 विनिर्माण उद्योंग किस व्यवसाय से संबंधित है?**

उत्तर द्वितीयक व्यवसाय।

**प्र. 11 विकसित देशों में किस प्रकार के व्यवसायों में अधिक जनसंख्या कार्य करती है?**

उत्तर चतुर्थक एवं पंचम प्रकार के व्यवसाय।

**प्र. 12 पंचम व्यवसाय किसे कहते है?**

उत्तर वे सेवाए जो नवीन एवं वर्तमान विचार की रचना व पुर्नगठन की व्याख्या, आंकडों की व्याख्या एवं प्रयोंग तथा नई प्रौद्योगिकी कें मूल्यांकन परकेंन्द्रित होती है पंचम व्यवसाय कहलाती है।

**प्र. 13 मानव व्यवसाय को परिभाषित कीजिए?**

उत्तर मानव द्वारा अपने जीविकोपार्जन के लिए की जाने वाली विभिन्न आर्थिकक्रियाओं या उद्यमों को मानव व्यवसाय कहतें है।

**प्र. 14 किस व्यवसाय में मनुष्य प्रकृति प्रदत वस्तुओं का सीधा प्रयोग कर अपनी आवश्यकताओं की पुर्ति करता है?**

उत्तर प्राथमिक व्यवसाय में।

**प्र. 15 किस व्यवसाय में प्रकृति प्रदत संसाधनों को परिष्कृत व परिवहन कर अधिक उपयोगी व मूल्यवान बनाया जाता है?**

उत्तर द्वितीयक व्यवसाय मे।

CBEO BHINDER

**लघूतरात्मक प्रश्न :–**

**प्र. 16 द्वितीयक व्यवसाय को कितने समूहों में बाटा जा सकता है?**

उत्तर 1. इंजीरियनिंग उद्योंग 2 निर्माण उद्योंग 3 इलेक्टोनिक 4 रासायनिक 5 षक्ति उद्योग 6 वस्त्र उद्योग 7 भोजन व पेय प्रदार्थ उद्योग 8 धातूकर्म उद्योग 9 प्लास्टिक उद्योग 10 परिवहन व संचार उद्योग।

**प्र. 17 मानव के प्रमुख तृतीयक व्यवसायों का सारणी बनाकर दर्षाइये?**

उत्तर मानव के प्रमुख तृतीयक व्यवसाय

| परिवहन | व्यापार व वाणिज्य | संचार | सेवाएं |
|---|---|---|---|
| सडक | थोक | दूरसंचार | बैकिंग |
| रेल | फुटकर | दृश्य श्रव्य | बीमा |
| जल | | | पर्यटन |
| वायु | | | व्यक्तिगत |
| | | | व्यावसायिक |

**प्र. 18 द्वितीयक व्यवसायों का निर्धारित करने वाले कारकों के नाम बताइयें?**

उत्तर द्वितीयक व्यवसायों को निर्धारित करनें में प्राकृतिक संसाधनों तथा सांस्कृतिक संसाधनों दोनों का प्रभाव होता है। इनकों निर्धारित करने वाले प्रमुख कारक है–

1. कच्चा माल 2. शक्ति के संसाधन 3. परिवहन व संचार की सुविधा
4. पूंजी 5. बाजार 6. सरकारी नीतियां
7. श्रम 8. प्रौद्योगिकी नवाचार।

**प्र. 19 तृतीयक या सेवा व्यवसाय से क्या तात्पर्य है? उदाहरण भी दो?**

उत्तर इस व्यवसाय में समुदाय को दी जाने वाली व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक प्रत्यक्ष सेवाएं सम्मिलित है। इसे सेवाश्रेणी व्यवसाय भी कहते है।अधिकांष तृतीयक क्रियाकलापों का निस्पादन कुशल श्रमिको, व्यावसायिकदृश्टि से प्रषिक्षित विशेषज्ञो द्वारा होता है।

उदाहरण 1. परिवहन 2. व्यापार व वाणिज्य
3. संचार 4. सेवाए ं(बैक,बीमा,पर्यटन आदि)।

**प्र. 20 प्राथमिक व्यवसाय क्या है? उदाहण दो।**

उत्तर जिन व्यवसायों में मनुश्य प्रकृति प्रदत संसाधनों भूमि, जल, वनस्पति एवं खनिज प्रदार्थो आदि का सीधा उपयोग करके अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, उन्हें प्राथमिक व्यवसाय कहतें है।

उदाहरण – 1 आखेट या शिकार 2 भोजन व वनोत्पाद एकत्रिकरण
3 लकडी काटना 4 मछली पकडना
5 पशुपालन 6 कृषि 7 खनन आदि।

**प्र. 21 चतृर्थक व्यवसायों का वर्णन करों?**

उत्तर जीन गॉटमैन अप्रत्यक्ष सेवाओं को चतृर्थक व्यवसाय में षामिल करतें है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आधे से ज्यादा कर्मी ज्ञान के इस ़क्षेत्र में शामिल है। सूचना आधारित तथा अनुसंधान व विकास आधारित सेवाओं के इस वर्ग का सम्बन्ध है कार्यालय भवनों, षिक्षण संस्थाओं, अस्पतालों, रंगमंचों, लेखाकार्य और दलाली की फर्मो में काम करने वाले कर्मचारी अप्रत्यक्ष वर्ग की सेवाओं से सम्बन्ध रखते है।

GEO BHINDER

## पाठ – 8 : प्राथमिक व्यवसाय

**प्र.1 प्राथमिक व्यवसाय किसे कहते है?**

उत्तर मनुष्य प्रकृति प्रदत्त संसाधनों (भूमि, जल, वनस्पति एवम् खनिज पदार्थो) का सीधा उपयोग करके अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, उन्हें प्राथमिक व्यवसाय कहते है।

**प्र. 2 विश्व के प्रमुख प्राथमिक व्यवसाय कौन से है?**

उत्तर आखेट, संग्रहण, मछली पकड़ना, पशुचारण, कृषि, लकड़ी काटना, खनन आदि।

**प्र. 3 विश्व का सबसे प्राचीन व्यवसाय (उद्यम) कौन सा है।**

उत्तर विश्व का सबसे प्राचीन उद्यम आखेट है।

**प्र. 4 आखेट कौनसी जलवायु प्रदेश के निवासी करते है?**

उत्तर आखेट अति शीत एवम् अति गर्म कठोर जलवायु प्रदेश के निवासी करते है।

**प्र. 5 वर्तमान में किन क्षेत्रों में आखेट का उद्यम किया जाता है?**

उत्तर (1) कनाड़ा के टुण्ड्रा और टैगा प्रदेशों में एस्किमों जनजाति।

(2) उत्तरी साईबेरिया में सेमोयेड़, तुंग, याकुत, माइत, चकची आदि।

(3) कालाहारी मरूस्थल में बुशमैन जनजाति।

(4) कांगो बेसिन में पिग्मी जनजाति।

(5) मलाया में सेमाँग व सकाई जनजाति।

**प्र. 6 संग्रहण उद्यम में कौन–कौनसी क्रियाएं है?**

उत्तर संग्रहण उद्यम में लोग जंगल से फल, कद–मूल, नट, बैरी, जड़ो, पत्तो आदि का संग्रहण करते है।

**प्र. 7 वर्तमान में संग्रहण उद्यम कहां–कहां पाया जाता है?**

उत्तर (1) मलाया प्राय द्वीप में समाँग व सकाई जनजाति।

(2) अमेजन बेसिन में बोरो जनजाति।

(3) कालाहारी क्षेत्र में बुशमैन जनजाति।

**प्र. 8 मछलियाँ कहां पकड़ी जाती है?**

उत्तर मछलियाँ ताजे पानी के स्त्रोतों तथा खुले व तटवर्ती समुद्रों में पकड़ी जाती है।

**प्र. 9 विश्व में मछली पकड़ने का प्रमुख क्षेत्र कौन–कौन से है?**

उत्तर (1) उत्तरी प्रशान्त महासागरीय तटवर्तीय क्षेत्र।

(2) उत्तरी अटलांटिक तटीय अमेरिकन क्षेत्र।

(3) उत्तरी पश्चिमी युरोपियन क्षेत्र।

(4) जापान सागर क्षेत्र।

**प्र. 10 पशुचारण व्यवसाय मुख्यतः किन क्षेत्रों में किया जाता है?**

उत्तर पशुचारण व्यवसाय मुख्यतः उन क्षेत्रों में किया जाता है, जहां जलवायु उष्ण व शुष्क अथवा शीतोष्ण व शुष्क होती है।

**प्र. 11 पशुचारण के मुख्य क्षेत्र कौन–कौन से है?**

उत्तर (1) उष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान – $5^0$ से $30^0$ अक्षांशों के बीच फैले है।

(2) शीतोष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान – $30^0$ से $45^0$ अक्षांशों के मध्य।

(3) मरूस्थलीय क्षेत्र – थार मरूस्थल, कालाहारी, अरब मरूस्थल।

(4) पर्वतीय क्षेत्र – विश्व के सभी पर्वतीय क्षेत्र।

CBEO BHINDER

**प्र. 12 सुमेलित कीजिए –**

| | |
|---|---|
| (1) ब्राजील | डाउन्स |
| (2) दक्षिण अफ्रिका | स्टेपीज |
| (3) सूडान | पार्कलैण्ड |
| (4) रूस | सवाना |
| (5) स.रा.अमेरिका | कम्पाज |
| (6) आस्ट्रेलिया | पम्पाज |

उत्तर (1) कम्पाज (2) पार्कलैण्ड (3) सवाना (4) स्टेपीज (5) पम्पाज (6) डाउन्स।

**प्र. 13 पशुचारण कितने प्रकार का होता है?**

(1) चलवासी पशुचारण।

(2) वाणिज्यिक पशुचारण।

**प्र. 14 चलवासी पशुचारण की चार विशेषता लिखिये।**

उत्तर (1) पशुचारण की विधि प्राचीन ढंग की होती है।

(2) ये लोग चारे की प्राप्ति के लिए ऋतुओं के अनुसार पशुचारण करते है।

(3) अधिकांश चलवासी चरवाहें कबीलों में रहते है।

(4) चलवासी पशुचारण में भूमि का विस्तृत उपयोग किया जाता है।

**प्र. 15 भारत में चलवासी पशुचारण कहां–कहां पाय जाता है?**

(1) भारत के हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रो में बकरवाल, गद्दी व भूटिया लोगों का समूह ग्रीष्मकाल में प्रवास करते है।

(2) पश्चिमी राजस्थान में बकरी–भेड़ पालन।

**प्र. 16 वाणिज्यिक पशुचारण की चार विशेषताएं लिखिये।** ☐

उत्तर (1) यह अधिक व्यवस्थित तथा पूंजी प्रधान व्यवसाय है।

(2) पशुओं के लिए बड़े–बड़े फार्म बनाये जाते है, जिन्हें रेंच कहते है।

(3) पशु उत्पादों को वैज्ञानिक ढंग से संशोधित एवं डिब्बा बंद कर विश्व में निर्यात।

(4) वाणिज्यिक पशुपालन मुख्यतः शीतोष्ण घास के मैदानों में किया जाता है।

**प्र. 17 चलवासी पशुचारण व व्यापारिक पशुचारण में अंतर लिखिये।**

| | चलवासी पशुचारण | व्यापारिक पशुचारण |
|---|---|---|
| 1. | ये चारे व पानी की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते है। | इस प्रकार का पशुपालन एक निश्चित स्थान पर बाडों में किया जाता है। |
| 2. | पशु प्राकृतिक रूप से पाले जाते है और उनकी विशेष देखभाल नहीं जातीहै, | पशुओं को वैज्ञानिक रीति से पाला जाता और उनकी विशेष देखभाल की जाती है। |
| 3. | चलवासी पशुपालन जीवन निर्वाहकी एक आर्थिक क्रिया ही है। | यह व्यापार पर आधारित आर्थिक क्रिया है। |
| 4. | यह पुरानी दुनिया तक सीमित है। | यह मुख्यतः नई दुनिया के देशों में प्रचलित है। |

**प्र. 18 कृषि को कौनसी दशाएं प्रभावित करती है?**

उत्तर कृषि को भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दशाएं कृषि कार्य को प्रभावित करती है।

CBEO BHINDER

**प्र. 19 कृषि मुख्यतः कितने प्रकार की जाती है?**

उत्तर (1) स्थानान्तरित कृषि (2) आदिम स्थायी कृषि

(3) जीवन–निर्वाहन कृषि (4) विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि

(5) बागाती कृषि (6) मिश्रित कृषि

(7) दुग्ध कृषि (8) ट्रक कृषि (9) फलोद्यान कृषि।

**प्र. 20 स्थानान्तरित कृषि किसे कहते है?**

उत्तर स्थानान्तरित कृषि में आदिम जनजाति द्वारा वनों को जलाकर भूमि को साफ कर उस पर कृषि की जाती है।

**प्र. 21 स्थानान्तरित कृषि की विशेषतायें लिखियें। (कोई तीन)**

उत्तर (1) खेतों का आकार बहुत छोटा होता है।

(2) कृषि पुराने औजारों जैसे लकड़ी, कुदाली, फावड़े आदि से की जाती है।

(3) इस प्रकार की कृषि को भारत के पूर्वी राज्यों में झूमिंग, मध्य अमेरिका एवं मैक्सिकों में मिल्पा, मलेशिया व इण्डोनेशिया में लदांग तथा वियतनाम में 'रे' कहा जाता है।

**प्र. 22 जीवन निर्वाहन कृषि किसे कहते है?**

उत्तर भोजन की आवश्यकताओं के साथ–साथ अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली कृषि को जीवन निर्वाहन कृषि कहते है।

**प्र. 23 जीवन निर्वाहन कृषि की विशेषतायें लिखिये (कोई तीन)**

उत्तर (1) भूमि का गहनतम उपयोग।

(2) मानवीय श्रम का भरपूर उपयोग।

(3) भू–जोत छोटे आकार के व छितरे हुए होते है।

**प्र. 24 जीवन निर्वाहन कृषि के प्रकार?**

उत्तर (1) चावल प्रधान निर्वाहन कृषि।

(2) गेहूं प्रधान निर्वाहन कृषि।

**प्र. 25 विस्तृत वाणिज्यक अनाज कृषि की विशेषतायें लिखिये।**

उत्तर (1) यह कृषि विकसित देशों में की जाती है।

(2) खेत तैयार करने से फसल काटने तक का काम मशीनों द्वारा किया जाता है।

(3) मानवीय श्रम का उपयोग न्युनतम होता है।

**प्र. 26 ब्राजील में कहवा के बागान किस नाम से जाने जाते है?**

उत्तर ब्राजील में कहवा के बागान को फेजेड़ा के नाम से जाने जाते है।

**प्र. 27 बागाती कृषि की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)**

उत्तर (1) इमसें भारी पूंजी निवेश, उच्च प्रबंध एवं तकनीकी आधार एवम् वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

(2) यह एक फसली कृषि है।

**प्र. 28 ट्रक कृषि किसे कहते हैं?**

उत्तर बाजार से कृषि क्षेत्र की दूरी इस बात पर निर्भर करती है कि ट्रक द्वारा रात भर चलने में कितनी दूरी तय होती है। इसलिए इस कृषि का नाम ट्रक कृषि रखा गया है।

**प्र. 29 लकड़ी काटने का व्यवसाय व्यापारिक रूप में कहाँ किया जाता है?**

उत्तर शीतोषण कटिबंधीय कोणधारी वनों जैसे कनाडा, नार्वे, फिनलैण्ड़ एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाता है।

CBEO BHINDER

**प्र. 30 कौनसा देश प्राथमिक व्यवसाय में विकसित देशों की श्रेणी में हैं?**

उत्तर कनाड़ा।

**प्र. 31 खनन का क्या अर्थ है?**

उत्तर खनिजों को भुगर्भ से खोदकर बाहर निकालना खनन कहलाता है।

**प्र. 32 खनन कार्य को प्रभावित करने वाले कारक लिखिये।**

उत्तर **प्राकृतिक दशायें** – प्राकृतिक दशाओं के अन्तर्गत खनिजों के भण्ड़ार की स्थिति, खनिज की कोटि, मात्रा, प्रकार, सम्पन्नता एवं बाजार क्षेत्र की समीपता आदि प्रमुख है।

**मानवीय दशायें** – मानवीय दशाओं के अन्तर्गत खनिज की मांग, यातायात की सुविधा, पूंजी, श्रम, तकनीकी विकास का स्तर, सरकारी नीतियां आदि प्रमुख है।

**प्र. 33 खनिजों के कितने भागों में बांटा जा सकता है।**

उत्तर तीन भागों में।

धात्विक खनिज, अधात्विक खनिज एवम् ईधन खनिज।

**प्र. 34 भारत के उत्तरी–पूर्वी राज्यों में स्थानान्तरित कृषि को क्या कहते है?**

उत्तर झूमिंग।

**प्र. 35 बागाती कृषि की विशेषताएं लिखिए।**

उत्तर इस प्रकार की वाणिज्यक कृषि का विकास उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में उपनिवेश काल में यूरोपीय लोगों के द्वारा किया गया था। इनका मुख्य उद्देश्य यूरोपीय देशों को वे जरूरी उपजें उपलब्ध कराना था जो उष्ण कटिबंधीय जलवायु में ही पैदा हो सकती है। इसकी विशेषताएं निम्न है –

(1) इसमें भारी पूँजी निवेश, उच्च प्रबंध एवं तकनीकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

(2) इसमें बहुत बड़ी संख्या में श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

(3) यह एक फसली कृषि है।

(4) इनसे उद्योगों को कच्चा माल मिलता है।

(5) इलायची, काली मिर्च, गन्ना, रबर, चाय, कहवा, नारियल, केला प्रमुख बागाती फसलें है।

**प्र. 36 जीवन निर्वाह कृषि क्या है, वर्णन कीजिए।**

उत्तर यद्यपि कृषि की शुरूआत जीवन यापन के रूप में हुयी थी। लेकिन यह कृषक के लिए रोजगार का प्रमुख साधन बन गई। उसकी भोजन की आवश्यकताओं के साथ–साथ अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने लगी, तो कृषि का यह प्रकार जीवन–निर्वाहन कृषि कहलाने लगा। विगत 100 वर्षों में इस प्रकार की कृषि का तेजी से विस्तार हुआ। इस प्रकार की कृषि की मुख्य विशेषताएँ हैः–

(1) यह कृषि का स्थायी रूप है तथा अनुकूल प्राकृतिक दशाओं वाले क्षेत्रों में की जाती है।

(2) कृषि भूमि पर जनसंख्या के दबाव के कारण भूमि का गहनतम उपयोग होता है।

(3) कृषि की गहनता इतनी है कि वर्ष में दो या तीन फसलें ली जाती है।

(4) भू–जोत छोटे आकार के व छितरे हुए होते हैं।

(5) मानवीय श्रम के भरपूर उपयोग के साथ–साथ कृषि यंत्रों का प्रयोग भी किया जाता है।

(6) उन्नत बीजों, रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशक दवाओं के प्रयोग द्वारा उत्पादकता बढ़ी है।

(7) सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हुआ है तथा फसल चक्र का अनुसरण किया जाता है।

(8) सघन जनसंख्या के कारण मुख्यतः खाद्यानों का उत्पादन होता है।

(9) इस प्रकार की कृषि मानसून एशिया के घने बसे क्षेत्रों में की जाती है।

जीवन निर्वाहन कृषि के दो प्रकार है –

CBEO BHINDER

1. **चावल प्रधान निर्वाहन कृषि** – इसका विस्तार भारत, बाँग्लादेश म्याँमार, इण्डोनेशिया, कम्बोडिया, थाइलैण्ड, दक्षिणी व मध्य चीन में मिलता है। इन क्षेत्रों में 100 सेमी से अधिक वर्षा होती है। इन क्षेत्रों में चावल प्रमुख खाद्यान फसल है।

2. **गेहूँ प्रधान निर्वाहन कृषि** – इसका विस्तार उत्तरी–मध्य व पश्चिमी भारत, उत्तरी चीन, पाकिस्तान व कोरिया में मिलता है। इन क्षेत्रों में वर्षा 100 सेमी से कम होती है। इन क्षेत्रों में गेहूँ प्रमुख खाद्यान फसल है।

## अध्याय – 9 : द्वितीयक व्यवसाय

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

प्र. 1 कौनसा व्यवसाय द्वितीयक श्रेणी में आता है –
(अ) कृषि (ब) विनिर्माण उद्योग
(स) व्यापार (द) परिवहन सही उत्तर (ब)

प्र. 2 विश्व का सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश है –
(अ) भारत (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) जर्मनी (द) चीन सही उत्तर (द)

प्र. 3 रूस का प्रमुख लौह इस्पात क्षेत्र है?
(अ) कोवे–ओसावा (ब) यूराल
(स) होनेत्सक (द) ग्लासगो सही उत्तर (ब)

प्र. 4 विनिर्माण उद्योग की स्थापना और विकास के अनुकूल कारक है–
(अ) भौगोलिक कारक (ब) आर्थिक कारक
(स) तकनीकी कारक (द) उपर्युक्त सभी सही उत्तर (द)

प्र. 5 विनिर्माण उघोग द्वारा जिस प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन होता है,वह है –
(अ)उपभोक्ता एवं उत्पादक वस्तुएं (ब) केवल उपभोक्ता वस्तुएं
(स) केवल उत्वादक वस्तुएं (द) उपयुक्त में से कोई नही सही उत्तर (अ)

प्र. 6 उद्योगों को आकार के आधार पर जिन वर्गो में बॉटा गया है,वह है –
(अ) पॉच (ब) चार
(स) दो (द) तीन सही उत्तर (द)

प्र. 7 औद्योगिक क्रान्ति के द्वारा जिस स्तर के अद्योगों का सूत्रपात हुआ वह है –
(अ) कुटीर उद्योग (ब) लघु उद्योग
(स) वृहत् उद्योग (द) कृषि आधारित उद्योग सही उत्तर (स)

प्र. 8 उद्योगों के स्थानीयकरण का कारक है –
(अ) कुशल श्रमिक (ब) कच्चा माल
(स) पूंजी (द) उपयुक्त सभी सही उत्तर (द)

प्र. 9 निम्न में बडे पैमाने का उद्योग है –
(अ) मिट्टी के बर्तन बनाना (ब) कागज का सामान बनाना
(स) सीमेन्ट (द) पत्तल बनाना सही उत्तर (स)

प्र. 10 अधात्विक खनिज का उपयोग किया जाता है –
(अ) सीमेन्ट उद्याोग में (ब) लौह इस्पात उद्योग में
(स) एल्यूमिनियम उद्योग में (द) ताँबा उद्योग में सही उत्तर (अ)

CBEO BHINDER

प्र. 11 निम्न में से कौनसा कृषि आधारित उद्योग नही है –

(अ) सूती वस्त उद्योग (ब) रबर उद्योग

स) सीमेन्ट उद्योग (द) वनस्पति तेल उद्योग सही उत्तर (स)

प्र. 12 निम्न में से कौनसा शक्ति का साधन नही है ?

(अ) कोयला (ब) पेट्रोलियम

(स)जल विघुत (द) तॉबा सही उत्तर (द)

प्र. 13 भारत का लौह इस्पात केन्द्र नही है –

(अ) जमशेदपुर (ब) दुर्गापुर

(स)राऊरकेला (द) पिट्सबर्ग सही उत्तर (द)

प्र. 14 वनोत्पाद आधारित उद्योग है है –

(अ) चमडा उद्योग (ब) चीनी उद्योग

(स) कागज अद्योग (द)एल्यूमिनियम उद्योग सही उत्तर (स)

प्र. 15 निम्न में से कौनसा चीन का प्रमुख लौह इस्पात उत्पादन क्षेत्र है –

(अ)मंचूरिया (ब) नागासाकी–यवाता

(स) पिट्सबर्ग–यंगस्टन (द) यूराल क्षेत्र सही उत्तर (अ)

प्र. 16 भारत के चार प्रमुख लौह इस्पात उत्पादक केन्द्रों के नाम लिखिए है।

1. जमशेदपुर 2. दुर्गापुर 3. राउरकेला 4. भिलाई

प्र. 17 बड़े पैमाने के उद्योगो के चार उदाहरण दीजिए।

1. सीमेन्ट उद्योग 2. सूती वस्त्र उद्योग 3. लौह इस्पात उद्योग 4. पेट्रोरसायन उद्योग

प्र. 18 सूती वस्त्र उद्योग के लिए कैसा जलवायु आवश्यक है?

उत्तर सूती वस्त्र के लिए आर्द्र जलवायु आवश्यक होती है।

प्र. 19 उद्योगो की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले चार कारकों के नाम लिखिए।

उत्तर 1. कच्चा माल 2. शक्ति के साधन 3. बाजार 4. पूंजी

प्र. 20 वस्तु निर्माण का वस्तुत प्रारम्भिक एवं प्राचीनतम रूप क्या है

उत्तर कुटीर उद्योग या गृहउद्योग वस्तु निर्माण का वस्तुतः प्रारम्भिक एवं प्राचीनतम रूप है।

प्र. 21 भारत में कुटीर उद्योग के अन्तर्गत निर्मित किन्ही दो वस्तुओं के नाम बताइयें

1. जुलाहों द्वारा कपड़े बनाना 2. मिट्टी के बर्तन बनाना।

प्र. 22 इंजीनियरिंग उद्योग के तीन प्रकार बताइयें।

उत्तर इंजीनियरिग उद्योग के तीन प्रकार है।

1. मशीन उद्योग यन्त्र 2. वायुयान निर्माण उद्योग 3. जलपोत निर्माण उद्योग।

प्र. 23 वस्त्र उद्योग के चार प्रकार बताइयें।

उत्तर 1. सूती वस्त्र उद्योग 2. रेश्मी वस्त्र उद्योग
3. उनी वस्त्र उद्योग 4. पटसन या जूट उद्योग

प्र. 24 वस्त्र निर्माण उद्योग को द्वितीयक व्यवसाय में क्यों गिना जाता है।

उत्तर वस्त्र निर्माण उद्योग की स्थापना के लिए बडी मात्रा में पूंजी कच्चा माल,कुशल श्रमिक तथा मशीनों की आवश्यकता होती है इसी कारण इसे द्वितीयक व्यवसाय में गिना जाता है।

प्र. 25 द्वितीयक व्यवसाय के कोई दो उदाहरण दीजिए।

उत्तर (1) प्रंसंस्करण (2) विनिर्माण उद्योग।

CBEOBHINDER

प्र. 26 उत्पादक वस्तुओं से क्या आशय है?

उत्तर जिन वस्तुओं का उपयोग दूसरी वस्तुओं के उत्पादन में किया जाता है। उन्हे उत्पादक वस्तुएँ कहते है।

प्र. 27 उपभोक्ता वस्तुओं से क्या आशय है।

उत्तर मनुष्य जिन औधोगिक उत्पादों का सीधा उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये करता है, उन्हे उपभोक्ता वस्तुएँ कहते है।

प्र. 28 विश्व प्रमुख व आधारभूत उधोग कौनसा है

उत्तर लौह इसपात उधोग विश्व का प्रमुख व आधारभूत उधोग है।

प्र. 29 पशु आधारित उधोग किसे कहते है

उत्तर पशुओं से प्राप्त कच्चे माल पर आधारित उधोग पशु आधारित उधोग कहलाते है जैसे–चमड़ा उधोग, ऊनी वस्त्र उधोग,डेयरी उधोग आदि।

प्र. 30 विश्व के अधिकांश औधोगिक प्रदेश कोयला क्षेत्रो के निकट अवस्थित क्यों है?

उत्तर कोयला शक्ति का प्रमुख संस्थान है अतः कोयला की अबाध व सस्ती आपूर्ति हेतू विश्व के अधिकांश औधोगिक प्रदेश कोयला क्षेत्र के निकट अवस्थित है।

प्र. 31 द्वितीयक व्यवसाय किसे कहते है?

उत्तर उन सभी क्रियाओं को द्वितीयक व्यवसाय कहते है,जिनके अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधनों को परिष्कृत करना,उनका रूप बदलना तथा जीवनयापन के लिए अधिक उपयोगी बनाने संबन्धी क्रियाएं सम्पन्न होती है।

प्र. 32 लौह इस्पात निर्माण की विधियों के नाम बताइयें।

उत्तर लौह इस्पात की निर्माण विधियां तीन है–

1. बेसीमर विधि 2. उन्मुक्त विधि 3. विधुत विधि भट्टी

प्र. 33 भारत के प्रमुख लौह इस्पात केन्द्र कोनसे कोयला क्षेत्र के समीप अवस्थित है?

उत्तर भारत के प्रमुख लौह इस्पात केन्द्र दामोदर घारी में झरिया व रानीगंज कोयला क्षेत्र के समीप अवस्थित है।

**लधुत्तरात्मक प्रश्न :–**

प्र.34 स्वामित्व के आधार पर उधोगो का वर्गीकरण कीजिए।

उत्तर स्वामित्व के आधार पर उधोगो को निम्न वर्गो में विभक्त किया जा सकता है।

**1.** सर्वाजनिक क्षेत्र के उधोग –ये उघोग सरकार के अधीन होते है।

**2.** निजी क्षेत्र के उधोग :– इन उधोगो का स्वामित्व निजी निवेशकों के पास होता है पूंजी व्यवस्था वाले देशों में अधिकाशं उधोग निजी क्षेत्र में होते है।

**3.** संयुक्त क्षेत्र के उधोग – इस प्रकार के उधोगों का संचालन संयुक्त कम्पनी के द्वारा या नीजी व सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी के संयुक्त प्रयासों द्वारा किया जाता है।

प्र.35 जूट उधोग का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

उत्तर जूट उधोग का सम्बन्ध टाट,बोरी,जूट के कपडे और मोती दरियों के उत्पादन से है जूट की कृषि में भारत व बांगलादेश अग्रणी है जहा बह्मपुत्र घाटी व गंगा के डेल्टाई भाग में इसकी खेती की जाती है।यह उधोग भारत बांगलादेश जर्मनी ग्रेट ब्रिटेन, फांस, जापान, कनाडा आदि देशों में विकसित है भारत व बांगलादेश जूट से बनी वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक देश है।

GBEO BHINDER

प्र.36 कुटीर एवं लधु उधोगो में अन्तर कीजिए अथवा कुटीर उधोगो की तुलना लधु उधोगो से कीजिए।

| | कुटीर उधोग | लधु उधोग |
|---|---|---|
| 1. | कुटीर उधोगो में एक दस्तकार अपने परिवार के सहयोग से अपनी दक्षता के आधार पर घर में ही वस्तुओं का निर्माण करता हे। | लधु उघोगो में एक दस्तकार छोटी छोटी मशीनों की सहायता से उत्पादन करता हे। |
| 2 | ये उधोग स्थानीय मांग को पूरा करते हे। | इस उधोग में निर्मित उत्पादन बाजार में व्यापारियों के द्वारा बेचे जाते है<br>इन उधोगो में बाहर से कच्चा माल मंगवाकर बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता हे। |
| 3 | इन उधोगो में स्थानीय कच्चे माल का प्रयोग करके छोटे स्तर पर उत्पादन किया जाता है। | विकासशील देशों में खिलौने व बर्तन बनाना चमडे का समाना बनाना आदि लधु उघोग है। |
| | ग्रामीण क्षेत्र में रस्सी बनाना सूत का तना चटाई बनाना आदि कुटीर उधोग है। | |

प्र.37 द्वितीयक व्यवसायों को निर्धारित करने वाले कारकों के नाम बताइये।

उत्तर –द्वितीयक व्यवसायों को निर्धारित करने में प्राकृतिक संसाधनों तथा सांस्कृतिक संसाधनो दोनो का प्रभाव होता है इनको निर्धारित करने वाले प्रमुख कारण है–

1. कच्चा माल
2. शक्ति के संसाधन
3. परिवहन व संचार की सुविधाएं
4. पूंजी
5. बाजार
6. सरकारी नीतियां
7. श्रम तथाप्रधोगिकीय नवाचार।

प्र.38 द्वितीयक व्यवसायों से संसाधनों की मूल्य वृद्धि किस प्रकार होती है।? स्पष्ट करें।

उत्तर द्वितीयक व्यवसायों के अन्तर्गत प्रकृति द्वारा प्रदान किए गए संसाधनों का प्रत्यक्षःउपयोग नही करके दनको उपयोग करने के योग्य बनाया जाता है। इस इस प्रकार के कार्य से उन्हे मूल्य में वृद्धिहो जाती है, जैसे–लोहा गला कर इस्पात या अन्य मशीनरी सामग्री का निर्माण कपास और ऊन से कपड़े का निर्माण लकड़ी द्वारा फर्निचर कागज बनाना आदि।

प्र.39 द्वितीयक व्यवसाय क्या है।? इसके कोई दो उदाहरण बताइये।

उत्तर उन सभी क्रियाओं को द्वितीयक व्यवसाय कहते है जिनके अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधनों को परिष्कृत करना,उनका रूप बदलना तथा जीवन यापन के लिए अधिक उपयोगी बनाने सम्बन्धी क्रियाएं सम्पन्न होती है द्वितीयक व्यवसाय के दो उदाहरण

1. प्रसंस्करण उधोग 2. विनिर्माण उधोग।

प्र. 40 द्वितीयक व्यवसायो को कितने सूहो में बाटा जा सकता है। नाम लिचिाए।

उत्तर द्वितीयक व्यवसायों को दस समूहो में बाँटा जा सकता है।

1. इंजिनियरिंग उधोग
2. निर्माण उधोग
3. इलेक्ट्रिक उधोग
4. रासायनिक उधाोग
5. शक्ति उधोग
6. वस्त उधोग
7. भोजन व पेय पदार्थ उधोग
8. धातुकर्म उधोग
9. प्लास्टिक उधोग
10. परिवहन व संचार उधोग

CBEO BHINDER

# इकाई 6

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 1 | 1 | 1 | 1 |
| ब | 1 | 1 | 2 | 2 |
| योग | | 2 | | 3 |

## पाठ–12 : पर्यावरणीय समस्याएँ–प्रदूषण, अम्ल वर्षा, हरित गृह प्रभाव, ओजोन परत में क्षरण

प्र. 1 पर्यावरण से क्या तात्पर्य है?

उत्तर पर्यावरण षब्द का निर्माण दो शब्दों परि–आवरण से हुआ है। इसका शाब्दिक अर्थ है बाहरी आवरण अर्थात हमारे चारों ओर जो प्राकृतिक,भौतिक व सामाजिक आवरण है , वही पर्यावरण कहलाता है।

प्र. 2 सी.सी.पाई ने प्र्यावरण की क्या परिभाषा दी है?

उत्तर सी.सी.पाई के अनुसार, "मनुष्य एक विषेष स्थान पर विषेष समय पर जिन सम्पूर्ण परिस्थितियों से घिरा हुआ है,इसे पर्यावरण कहा जाता है। "

प्र. 3 मानव व प्रकृति के मध्य असंतुलन बढने से कौन–सी समस्याएँ उत्पन्न हो गयी है?

उत्तर मानव व प्रकृति के मध्य असन्तुलन बढने से भूकम्प,ज्वालामुखी,अतिवृष्टि,अनावृष्टि,सूखा,जलवायु परिवर्तन,अंबलीय वर्षा,ग्रीन हाउस प्रभाव,ओजोन परत क्षरण,बंजर भूमि प्रदूषण व मरूस्थलीकरण जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो गई है।

प्र. 4 पर्यावरणीय प्रदूषण से क्या आशय है?

उत्तर पर्यावरण की वह कोई भी परिवर्तन जो पर्यावरण की गिरावट में योगदान देता हैं तथा इससे मानव व अन्य जीवों पर हानिकारक प्रभाव पडता है,पर्यावरण प्रदूषण कहलाता है।

प्र. 5 प्रदूषण क्या है?

उत्तर वायु,जल व मृदा के भौतिक, रासायनिक व जैविक गुणों में होने वाला ऐसा अवांछित परिवर्तन जो मनुष्य के साथ ही सम्पूर्ण परिवेश के प्राकृतिक व सांस्कृतिक तत्वों को हानि पहुँचाता है, प्रदूषण कहलाता है।

प्र. 6 जैवमण्डल किसे कहते है?

उत्तर वायुमण्डल,स्थलमण्डल व जल मण्डल के जीवन युक्त भागो के संयुक्त क्षेत्र को जैवमण्डल कहते है।

प्र. 7 प्रदुषको के परिवहित एवें विसरित होने के माध्यम के आधार पर प्रदूषण को कितने प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है,?

उत्तर प्रदूषण को पॉच भागों मे वर्गीकृत किया जा सकता है जलप्रदूषण ,वायु प्रदूषण ,भू–प्रदूषण ,ध्वनि प्रदूषण, तापीय प्रदूषण।

प्र. 8 वायु प्रदूषण से क्या आशय है?

उत्तर प्राकृतिक अथवा मानव जनित कारणों से वायुमण्डल में संदूशों की उपस्थिति वायू प्रदूषण कहलाता है।

प्र. 9 वायु प्रदूषण के स्त्रोतों को कितने भागों में बॉटा गया है?

उत्तर वायु प्रदूषण स्त्रोंतो को दो भागों मे बॉटा गया है– प्राकृतिक ,अप्राकृतिक स्त्रोत।

प्र. 10 वायु प्रदूषण के प्राकृतिक स्त्रोंत कौन–कौन से है?

उत्तर वायु प्रदूषण के प्राकृतिक स्त्रोतों में ज्वालामुखी उद्गार से निकले पदार्थ ,धूलभरी ऑधियॉ ,तूफान दावानल व पहाडों के झडनेस्खलन को शामिल किया जाता है।

CBEO BHINDER

प्र. 11 वायु प्रदूषण के प्रमुख अप्राकृतिक स्त्रोत कौन–कौन से है?

उत्तर जीवाश्म ईंधन का दहन ,खनन ,उद्योग ,रेडियोधर्मिता , परिवहन साधन ,धूम्रपान आदि।

प्र. 12 जल प्रदूषण के प्रमुख दो कारण लिखिए?

उत्तर घरेलू वारित जल ,कृषि अपषिष्ट , खनिज तेल ,तापीय दूषित जल ,वायुमण्डलय कण , रेडियोधर्मी अपषिष्ट

प्र. 13 जल प्रदूषण से मानव को होने वाली तीन बीमारियों के नाम लिखिए?

उत्तर हैजा ,पीलिया ,पेट सम्बन्धी रोग–डायरिया तथा ऑतो की कृमि।

प्र. 14 कानपुर नगर में गंगा नदी के प्रदूषण के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी कारक कौन–सा है?

उत्तर चमडा परिषोधन इकाईयों द्वारा निष्कासित जल के द्वारा होता है।

प्र. 15 नमामि गंगें परियोजना भारत सरकार द्वारा कब षुरू की गई?

उत्तर 7 जुलाई 2016 को।

प्र. 16 शोर के क्या आशय है?

उत्तर जब ध्वनि की तीव्रता एवं आवृति कर्णप्रिय स्तर से अधिक हो जाती है तो उसे शोर कहा जाता है।

प्र. 17 ध्वनि प्रदूषण से होने वाली तीन हानियॉ लिखो?

उत्तर मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव का पडना ,चिडचिडापन , बहरापन।

प्र. 18 भूमि प्रदूषण को परिभाषित कीजिए?

उत्तर प्राकृतिक एवं मानवीय क्रियाओं से मिट्टी की गुणवत्ता में ह्रास को भूमि मृदाप्रदूषण कहा जाता है।

प्र. 19 अम्लीय वर्षा से क्या तात्पर्य है?

उत्तर विभिन्न उद्योगों की अनेक उत्पादन क्रियाओं से निकले कार्बन डाइऑक्साइड ,सल्फर डाइ ऑक्साइड व नाइट्रिक ऑक्साइड जैसी गैसों का जलवाष्‍ के साथ मिलकर बारिष के रूप में वर्षण की प्रक्रिया अम्लीय वर्षा कहलाती है।

प्र. 20 विश्व में सर्वाधिक ग्रीन हाउस उत्सर्जन करने वाला देष कौन सा है?

उत्तर चीन।

प्र. 21 सन् 1970 के बाद समताप मण्डल के ओजोन की मात्रा में प्रति दशक कितनी कमी हो रही है?

उत्तर प्रति दशक 4 प्रतिषत की कमी।

प्र. 22 ओजोन परत मानव का सुरक्षा कवच क्यों कहलाती है?

उत्तर क्योंकि यह मानवीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पराबैंगनी किरणों की पृथ्वी पर नहीं आने देती है।

प्र. 23 स्टॉक होम सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य क्या था?

उत्तर विश्व पर्यावरण को बचाना इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य था।

प्र. 24 विश्व पृथ्वी सम्मेलन 2016 को प्रमुख उद्देश्य क्या था?

उत्तर विश्व पृथ्वी सम्मेलन 2016 का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी के लिए वृक्ष लगाना था।

प्र. 25 भारत मे काजरी नामक संस्थान कहॉ स्थापित है?

उत्तर जोधपुर में।

प्र. 26 विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर 16 सितम्बर को।

प्र. 27 विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर 5 जून को।

CBEO BHINDER

प्र. 28 पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित भारत के प्रमुख चार संस्थानों के नाम लिखिए?

उत्तर बोटनिकल सर्वे ऑफ इण्डिया–कोलकाता ,द वाइल्ड लाइफ इस्टीटयूट ऑफ इण्डिया–देहरादून काजरी–जोधपुर ,नीरी–नागपुर।

प्र. 29 संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संस्थान का मुख्यालय कहॉ स्थित है?

उत्तर नैरोबी कीनिया।

प्र. 30 वन शोध संस्थान कब व कहॉ स्थापित किया गया?

उत्तर 1906 मे देहरादून।

प्र. 31 मृदा प्रदूषण के दो कारण लिखो?

उत्तर रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग।

प्र. 32 जल प्रदूषण से बचात के दो उपाय लिखो?

उत्तर 1.रासायनिक कृषि के स्थान पर जैविक खाद के उपयोग को बढावा दिया जाए।

2.सभी नगरों मेंजल–मल के प्रभावी निस्तारण हेतु सीवरेज षोधन संयन्त्रों की स्थापना की जाए।

प्र. 33 ध्वनि प्रदूषण के दो कारण लिखों?

उत्तर 1.उद्योगों से निकलने वाली ध्वनि 2.वायुयान तथा जेट विमान की ध्वनि।

प्र. 33 ओजोन परत समतापमण्डल में कितने किलो मीटर की उॅचाई पर स्थित है?

उत्तर 15 से 35 किलो मीटर की उॅचाई पर स्थित है।

प्र. 34 30 नवम्बर,2015 को चीन मे रेड अलर्ट जारी करने का मुख्य कारण क्या था?

उत्तर वायु प्रदूषण के कारण।

प्र. 35 शोर के स्तर को नापने की इकाई का नाम लिखो?

उत्तर डेसीबल इकाई।

प्र. 36 भारत सरकार द्वारा वाहन जनित वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए 1 अप्रेल से किस ग्रेड का पेट्रोलियम उपलब्ध कराया जा रहा है?

उत्तर बी एस –4

प्र. 37 प्रदूषण तथा प्रदूषक से क्या तात्पर्य है?

उत्तर प्रदूषण का आषय ई.पी.ओडम के अनुसार ,'वायु जल एवं मृदा के भौतिक , रासायनिक व जैविक गुणों में होने वाला ऐसा अवांछित परिर्वतन जो मनुष्य के साथ ही सम्पूर्ण परिवेष के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों को हानि पहुॅचाता है, प्रदूषण कहते हैं।'

प्रदूषक से आशय ऐसे अवांछनीय पदार्थ जो पर्यावरण के किसी भी मूल तत्व में अपनी उपस्थिति से उसे परिवर्तित कर देते हैं या फैलाते हैं, प्रदूषक कहलाते हैं।

प्र. 38 हिरोशिमा दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर 6 अगस्त।

प्र. 39 भारतीय वन्यजीव संस्थान की स्थापना कब व कहॉ की गयी?

उत्तर देहरादून मे 1986

प्र. 40 मृदा प्रदूषण से होने वाले दो नुकसान लिखिए?

उत्तर 1. कृषि योग्य भूमि में लगातार न्यूनती हो रही है।

2. मृदा प्रदूषण अन्य पर्यावरणीय प्रदूषणों को जन्म देता है

प्र. 41 वायु प्रदूषण को रोकने के दो उपाय लिखो?

उत्तर वृक्षो की अन्धाधुन्ध कटाई पर नियन्त्रण तथा 33 प्रतिषत भाग पर वृक्षारोपण व हरित पट्टी का विकास करना।

CBEO BHINDER

प्र. 42 संयुक्त राष्ट्र संघ के एक प्रतिवेदन के अनुसार विष्व में प्रतिदिन शुद्ध जल के अभाव व डायरिया के कारण कितने व्यक्ति मर जाते हैं?

उत्तर 2300 व्यक्ति प्रति दिन मर जाते हैं।

प्र. 43 भारत मे वर्तमान में मानवों को होने वाले कुल रोगों में से कितने प्रतिशत रोग जल प्रदूषण के कारण होते हैं?

उत्तर लगभग 65 प्रतिशत।

प्र. 44 भारत की सर्वाधिक प्रदूषित नदी कौन सी है?

उत्तर गंगा नदीं।

प्र. 45 डब्ल्यू. डब्ल्यू. एफ. का मुख्यालय कहॉ स्थित है?

उत्तर स्वीटजरलैण्ड **हरित गृह प्रभाव के कारण**

प्र. 46 हरित गृह प्रभाव के कोई तीन कारण बताइये।

उत्तर हरित गृह प्रभाव के कारण

(1) औद्योगिकरण (उद्योगों में कोयले, पेट्रोलियम के उपयोग के कारण)।

(2) वनों का विनाश : कार्बन डाईऑक्साइड बहुत उपयोगी गैस है क्योंकि यह पौधों में प्रकाश संश्लेषण क्रिया के लिए अत्यन्त आवश्यक है लेकिन वनों की लगातार कटाई के कारण वृक्षों की कमी होने से वायुमण्डल में ब्व की मात्रा लगातार बढ़ 2 रही है। अधिक मात्रा में यह हानिकारक होती है।

(3) रेफ्रिजरेटर तथा एयर कन्डीशनर्स का प्रयोग : रेफ्रिजरेटर तथा एयर कन्डीशनर्स के निर्माण कार्य तथा प्रयोग से CFC (क्लोरोफ्लोरो कार्बन) गैस उत्पन्न होती है जो हरित गृह गैसों की मात्रा को बढ़ाती है।

प्र. 47 हरित गृह प्रभाव के कोई चार दुष्परिणाम बताइये।

उत्तर (1) **तापमान में वृद्धि** : पूरे विश्व के औसत तामान में वृद्धि दर्ज की गई है ऐसा माना जा रहा है कि यदि ग्रीन हाऊस गैसों के प्रभाव को कम नहीं किया गया तो सूरज की तीव्र रोशनी एवं ऑक्सीजन (O) के कमी से वृक्षों के बने रहने की संभावनाएँ कम हो जायेगी।

(2) **वर्षा में वृद्धि** : वर्षा का चक्रण बदल जाएगा, वर्षा में वृद्धि होगी, लेकिन कुछ देशों में विपरीत स्थिति के कारण मरूस्थलीकरण होगा।

(3) **समुद्र सतह में वृद्धि** : मात्र 0.5ºब् से 1.5ºब् ताप वृद्धि के परिणामस्वरूप हिमनद तथा ध्रुवीय हिम टोपियां पिघलेगी, समुद्रतटीय मैदानों में बाढ़ आयेगी। सम्भवतः कई द्वीप पानी में डूब जायेंगे। जल स्तर में वृद्धि होगी।

(4) **वनस्पति क्षेत्रों में परिवर्तन** : घास क्षेत्र, वन क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन होगा, अफ्रीका के रेतीले क्षेत्रों में अकाल की संभावना हो सकती है।

CBSEGUIDER

## इकाई 8

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 1 | 1 | 1 | 1 |
| ब | 1 | 1 | 2 | 2 |
| स | 1 | 1 | 3 | 3 |
| योग | | 3 | | 6 |

## अध्याय–13 : भारत–जनसंख्या वितरण, घनत्व एवं वृद्धि

प्र. 1 विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत भारत रखता है?

उत्तर 2.4%

प्र. 2 विश्व जनसंख्या की कितने प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है?

उत्तर 17.5%

प्र. 3 जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में प्रथम व द्वितीय स्थान रखने वाले देशों के नाम लिखो।

उत्तर प्रथम– चीन, द्वितीय– भारत

प्र. 4 भारत के किस भौगोलिक खण्ड में सर्वाधिक जनसंख्या निवासरत है?

उत्तर उत्तरी मैदानी प्रदेश

प्र. 5 जनगणना 2011 के अनुसार भारत में जनसंख्या अनुसार प्रथम 4 राज्यों का अवरोही क्रम बताइये।

उत्तर उत्तरप्रदेश–महाराष्ट्र–बिहार–पश्चिम बंगाल

प्र. 6 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले हिन्ही 4 कारकों के नाम लिखो?

उत्तर 1 जलवायु 2 जल प्राप्ति 3 परिवहन 4 धरातल

प्र. 7 जन घनत्व को परिभाषित करो?

उत्तर किसी क्षेत्र के इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या उस क्षेत्र का जनघनत्व कहलाता है।

प्र. 8 जनसंख्या घनत्व का सूत्र लिखो?

उत्तर जनसंख्या घनत्व = प्रदेश की कुल जनसंख्या / प्रदेश का कुल क्षेत्रफल

प्र. 9 भारत में सर्वाधिक जनघनत्व कहां है?

उत्तर दिल्ली 11297

प्र.10 भारत में सर्वाधिक जनघनत्व वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर बिहार 1102

प्र. 11 भारत का जनघनत्व लिखो?

उत्तर 382 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर

प्र. 12 भारत में न्यूनतम जनघनत्व वाले राज्य का नाम लिखो?

उत्तर अरूणाचल प्रदेश

प्र. 13 भारत में न्यूनतम जनघनत्व वाले केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखो?

उत्तर अण्डमान–निकोबार द्वीप समूह

प्र. 14 राजस्थान का जनघनत्व कितना है?

उत्तर 200 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर

प्र. 15 भारत की प्रथम जनगणना कब हुई?

उत्तर 1872 ई.

प्र. 16 भारत की प्रथम नियमित जनगणना कब हुई?

उत्तर 1881 ई. से

CBEO BHINDER

प्र. 17 भारत में जनगणना कितने वर्षों के अन्तराल में की जाती है?

उत्तर 10 वर्षों के अन्तराल पर

प्र. 18 जनगणना 2011 के अनुसार भारत के किस राज्य में दशकीय जनसंख्या वृद्धि न्यूनतम हुई?

उत्तर नागालैण्ड –65ः

प्र. 19 भारत में ग्रामीण व नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत लिखो?

उत्तर नगरीय जनसंख्या–31.16%] ग्रामीण जनसंख्या–68.84%

प्र. 20 भारत की साक्षरता दर क्या है?

उत्तर 73 प्रतिशत

प्र. 21 जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या कितनी है?

उत्तर 121.01 करोड़

प्र. 22 भारतीय जनसंख्या विकास में प्रथम तथा द्वितीय जननांकिकीय विभाजन वर्ष कौनसे हैं?

उत्तर प्रथम जननांकिकीय विभाजन वर्ष 1921 द्वितीय जननांकिकीय विभाजन वर्ष 1951

प्र. 23 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों के नाम लिखो?

उत्तर 1. जलवायु 2. धरातल 3. रोजगार 4. जल प्राप्ति 5. खनिज संसाधन
6 राजनैतिक स्थिरता 7 सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारक

प्र. 24 भारत में जनसंख्या वृद्धि के कालों के नाम लिखो?

उत्तर 1 मन्द वृद्धि का काल1900–1921 2 स्थिर वृद्धि का काल1921–1951
3 तीव्र वृद्धि का काल1951–1981 4 घटती वृद्धि का काल1981–2011

प्र. 25 जनसंख्या वृद्धि के कोई 2 प्रभाव बताइये?

उत्तर रोजगार की कमीं, संसाधनों के अधिक उपयोग से संसाधन घटेंगे

प्र. 26 भारत में जनसंख्या वृद्धि के 2 कारण लिखों?

उत्तर संयुक्त परिवार प्रथा, रूढियों तथा अंधविश्वास में आस्था

प्र. 27 जनसंख्या नियंत्रण के उपाय लिखो?

उत्तर 1. विवाह की आयु में वृद्धि 2. आर्थिक समृद्धि में वृद्धि
3. परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा 4. शिक्षा या साक्षरता में वृद्धि

**निबंधात्मक प्रश्न –**

प्र. 1 भारत में जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न कालों का वर्णन करो?

उत्तर किसी क्षेत्र में निश्चत समय अन्तराल में जनसंख्या में होने वाली जनसंख्या वृद्धि उस क्षेत्र की जनसंख्या वृद्धि कहलाती है। भारतीय जनसंख्या वृद्धि को चार अवस्थाओं में विभक्त किया गया है।

1. मन्द जनसंख्या वृद्धि का काल 1901–1921– इस काल में भारत की जनसंख्या 23.8 से 25.1 करोड़ हो हुई। इस मन्द वृद्धि के कारण भीषण अकाल, महामारी तथा खाद्यान्न की कमीं थीं।

2 स्थिर जनसंख्या वृद्धि का काल 1921–51– 1921 के बाद भारतीय जनंसख्या में सतत् रूप से वृद्धि देखी गई। इसलिये 1921 को महान जननांकिकीय विभाजक वर्ष कहा जाता है। इस अवधि में जनसंख्या 25.1 करोड़ से बढकर 36.1 करोड़ हो गई। इस वृद्धि का प्रमुख कारण मृत्युदर में कमीं तथा जन्मदर पूर्ववत् रहना थीं।

3 तीव्र जनसंख्या वृद्धि का काल 1951–81– 1951 के बाद भारत की जनसंख्या में तीवृ वृद्धि हुई इसलिये 1951 को भारत में द्वितीय जननांकिकीय विभाजक वर्ष कहा जाता है। इस अवधि में जनसंख्या 36.1 करोड़ से बढ़कर 68.3 करोड़ हो गई। 1961से 1971 के दशक में सर्वाधिक जनसंख्यावृद्धि दर 248 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण मृत्युदर में तीवृ गिरावट, जन्म दर में धीमी गिरावट रही।

4 घटती जनसंख्या वृद्धि का काल 1981–2001– 1981 के बाद भारतीय जनसंख्या वृद्धिदर में गिरावट प्रारंभ हुई, जिसका प्रमुख कारण परिवार नियोजन कार्यक्रम नागरिकों की जागरूकता, छोटे परिवारों के प्रति आम व्यक्ति का बढ़ता रूझान तथा स्कूली पाठ्यक्रम में बढ़ती जनसंख्या की हानियों को सरकार द्वारा प्रदर्शित करना रहा।

CBEO BHINDER

प्र .2 भारत में जनसंख्या वृद्धि के 5 कारणों का वर्णन करो?

उत्तर भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्न कारण हैं—

1. **सयुक्त परिवार प्रथा**— संयुक्त परिवार होने से छोटे बच्चों की जिम्मेदारी उनके दादा व दादी के पास रहती है जिससे युवा वर्ग पर उनकी जिम्मेदारी नहीं रहती है। इस कारण देश की जनसंख्या बढ़ रही है।
2. **परम्परावादी/रूढ़िवादी सोच**— ग्रामीण भारत में पुरूष प्रधान समाज होने के कारण यहां लड़का नहीं होने पर उस परिवार में बच्चों की संख्या बढ़ती रहती है। इस कारण न चाहते हुए भी दो से अधिक बच्चे हो जाते है।
3. **निम्न साक्षरता**— भारत में साक्षरता की दर कम होने के कारण गावों में लोग जनसंख्या वृद्धि की हानियों को जान नहीं पाते है। जैसे— अधिक बच्चे होने पर उनके लालन पालन, शिक्षा व चिकित्सा का खर्च बढ जाता है।
4. **समाज में महिलाओं की उपेक्षित स्थिति**— भारतीय समाज प्राचीन काल से ही पुरूष प्रधान रहा है। अर्थात् स्त्रियों को समाज में कम सम्मान मिलता है। उसे केवल बच्चा पैदा करने की मशीन समझा जाता है। जिससे परिवार बढ़ता रहता है।
5. **मध्यम नगरीकरण**— भारत की केवल 31.1 प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवास करती है। जो रूढ़िवादी व परम्परावादी सोच रखती है। इस सोच से ग्रामीण क्षेत्रों जनसंख्या लगातार बढ़ती रहती है।

प्र. 3 जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों का वर्णन करो?

उत्तर भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्न प्रभाव है—

1. प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण ढंग से उपयोग जिससे संसाधनों की कमी होती जायेगी।
2. खाद्यानों की कमीं।
3. कृषि जोतों का छोटा होना।
4. बढ़ती जनसंख्या के कारण मकानों की संख्या में वृद्धि होगी जिससे कृषिभूमि घट जायेगी, जिससे खाद्यान्न संकट उत्पन्न होगा।
5. प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से जैवविविधता को खतरा होगा।
6. भूजल स्तर में काफी गिरावट हो जायेगी जो भविष्य में जलसंकट पैदा करेगा।
7. पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा क्योंकि वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ती जायेगी।
8. कूपोषण की समस्या बढ़ेगी।
9. आर्थिक विकास की वृद्धि धीमी हो जायेगी व बेराजगारी बढ़ जायेगी।
10. क्षेत्रवाद, जातिवाद व धर्मवाद की भावना बढ़ने से कानून व्यवस्था में गिरावट आयेगी।

प्र. 4 जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए अपने सुझाव लिखो?

उत्तर भारत में जनसंख्या वृद्धि नियंत्रण के निम्न सुझाव हैं—

1. **विवाह की आयु में वृद्धि**— भारत में वर्तमान में विवाह की लड़कों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष व लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित है। जिसे यदि बढ़ाया जाये तो स्त्री शिक्षा को बढ़ावा तो मिलेगा ही इसके साथ सन्तान उत्पत्ति में भी कमीं आयेगी। जिससे जनसंख्या वृद्धि कम होगी।
2. **उत्पादन में वृद्धि**— कृषि तथा उद्योग में उत्पादन बढ़ने पर आम व्यक्ति की आय बढेगी, जिससे उसका जीवन स्तर ऊँचा उठेगा इस कारण वह अपने परिवार को शिक्षा व चिकित्सा दे पायेगा। जिससे उसके परिवार में जनसंख्या के प्रति जागरूकता बढेगी एवं जनसंख्या नियंत्रित रहेगी।
3. **परिवार कल्याण कार्यकमों में विस्तार**— सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए छोटे—छोटे गांवों में भी परिवार कल्याण की योजनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया जाये एवं छोटे परिवार के महत्व को गांवों की महिलाओं को समझायें। जिससे जनसंख्या नियंत्रित हो पायेगी।
4. **शिक्षा का प्रसार**— परिवार कल्याण कार्यक्रम के साथ यदि शिक्षा का प्रचार—प्रसार किया जाये तो लोगों में जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उनका रूझान छोटे परिवारों की ओर अधिक रहेगा। वस्तुतः शिक्षा को बढ़ावा देकर ही हम जनसंख्या नियंत्रण को प्रभावा रूप दे पायेंगे।
5. **स्त्री सम्मान को बढ़ावा**— सरकार द्वारा परिवार का मुखिया स्त्रीयों को बनाया जाये जैसे— भामाशाह कार्ड के जरिए प्रत्येक परिवार में सबसे वृद्वतम स्त्री को उस परिवार का मुखिया बनाया गया।

CBEO BHINDER

## पाठ – 14 : भारत : जनसंख्या एवं संरचना

प्र. 1 सन 2011 में भारत में कुल नगरों की कितनी सख्या है।

उत्तर नगरो की कुल सख्या 7935 है।

प्र. 2 लिंगानुपात किसे कहतें हैं

उत्तर जनसंख्या में स्त्री पुरूषो की संख्या के अनुपात को लिगानुपांत कहते है।

प्र. 3 लिगांनुपात ज्ञात करने का सुत्र लिखिए।

उत्तर $$\text{लिंगानुपात} = \frac{\text{कुल स्त्रियो की जनसंख्या} \times 1000}{\text{कुल पुरूषो की संख्या}}$$

प्र. 4 नगरीय जनसंख्या वृद्वि के कोई दो कारण बताइए।

उत्तर 01 नगरोंमें गॉवो की उपेक्षा अधिक सुविधाएँ 02 परिवहन एवं संचार साधनो का विकास
03 ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार का अभाव

प्र. 5 भारत में लिगानुंपात कम होने के कारण बताइए

उत्तर 01 बालिकाओ की उपेक्षा बालकों के जन्म को प्राथमिकता देना
02 बालविवाह 03 बालिका शिक्षा का अभाव

प्र.6 आयु वर्ग की दृश्टि से जनसंख्या को कितने वर्गो में बाटा गया है।

उत्तर तीन वर्गो में बॉटा गया है।
01 बाल आयुं वर्ग (0से 14 वर्शकी आयु) 02 वयस्क (15 से64 वर्शका आयु)
03 वृद्ध आयु वर्ग (65 से अधिक आयु वर्ग)

प्र. 7 2011 की जनसंख्या के अनुसार भारत का लिगानुपात कितना था।

उत्तर 940

प्र. 8 भारत में सर्वाधिक लिगांनुपात वाला राज्य कौनसा है?।

उत्तर केरल (1084)

प्र. 9 भारत जनांकिकिय संक्रमण की किस अवस्था में है।

उत्तर भारत जनांकिकिय संक्रमण की तृतीय अवस्था में है।

प्र. 10 गावों की संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक गॉवो वाला राज्य कौनसा है।

उत्तर उत्तर प्रदेश (106,704) मध्यप्रदेश (54903)

प्र. 11 वर्ष 2011 की जनसख्या के अनुसार भारत में कुल गॉवो की सख्या कितनी है।

उत्तर 6,40,867

प्र. 12 सर्वाधिक नगरीय सख्या कौनसे राज्य की है।

उत्तर तमिलनाडु 721, उत्तर प्रदेश 648

प्र. 13 भारतीय सविधान में कितनी भाषाएॅ अनुसुचित है।

उत्तर 22

प्रं 14 भारतीय भाशाओ को उनकी बोली एवं उत्पति के आधार के कितनें समूहोंमें वर्गीकृत किया गया है।

उत्तर 1. इण्डो युरोपीयन 2. द्राविडियन 3. साइनो –तिब्तन 4. आस्ट्रो एशियाटिक

प्र. 15 भारत की संथाल जनजातियॉ किससे सम्बधित है।

उत्तर आद्य – ऑस्ट्रेलियाइड से

प्र. 16 कौनसी प्रजाति भारत में अन्त में आकार बसी है

उत्तर नॉर्डिक

प्र. 17 साक्षरता से क्या तात्पर्य है।

उत्तर भारत में सात वर्श से अधिक उम्र वाली जनसंख्या जिनमें पढने व लिखने की योग्यता होती है ऐसी जनसंख्या का प्रतिक्षत साक्षरता कहलाती है।

CBEOBHINDER

प्र. 18 साक्षरता कों प्रभावित करने वाले दो कारक बताईये।

01. अर्थव्यवस्था का प्रसार 02. शैक्षणिक सुविधाओ की अपलब्धता

प्र. 19 2011 की जनसख्या के अनुसार सबसे कम महिला साक्षरता किस राज्य की है।

उत्तर राजस्थान 52.70

प्र. 20 2011 की जनसख्या के अनुसार राश्ट्रीय औसत से कम पुरूष साक्षरता दर किस राज्य कीहै।

उत्तर बिहार 73.05

प्रं. 21 वर्श 2011 में हुई जनसख्या के अनुसार भारत में साक्षरता दर क्या है।

उत्तर 74.04

प्र. 22 देश में किस राज्य में हिन्दुओं की जनसंख्या का अनुपात किस राज्य में सर्वाधिक है?

उत्तर हिमाचल प्रदेश

प्र. 23 देश में किस राज्य में मुस्लिम जनसंख्या सर्वाधिक है?

उत्तर उत्तरप्रदेश

प्र. 24 मंगोल प्रजाति की जन्म भुमि है?

उत्तर चीन

प्र. 25 देश में किस राज्य में साक्षरता दर सर्वाधिक है?

उत्तर केरल 93.91

प्र. 26 2011 की जनसख्या के अनुसार भारत की ग्रामीण जनसख्या का प्रतिशत कितना है?

उत्तर 68.84

प्र. 27 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सर्वाधिक लिगांनुपात वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर केरल 1084

प्र. 28 भारत में लिंगानुपात में सर्वाधिक वृद्वि किस राज्य में हुई?

उत्तर मिजोरम

प्र. 29 भारत मे लिंगानुपात।न्युनतम वृद्वि किस राज्य में हुई?

उत्तर उत्तराखण्ड

प्र. 30 निग्रिटो आदिवासियो की दो विशेषता बताईयें?

उत्तर 01 लोग कद में बहुत छोटे होतें है।

02 इनका सिर छोटा तथा ललाट उभरा व नाक चपटी ओर चौटी होती

प्र. 31 भारत में लिंगानुपात कम होने प्रमुख कारणो को समझाइये

उत्तर **(1) बालिकाओं की अपेक्षा बालकों को प्राथमिकता देना** : भारत में अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक कारणों से लड़कों को वरीयता दी जाती रही है। पुत्र की इच्छा के कारण जन्म से पूर्व ही लिंग जाँच करवाकर कन्या–भ्रूण की हत्या करवाना प्रमुख कारण रहा है।

**(2) बाल–विवाह के कारण प्रसव काल में मृत्यु** : भारत में बाल–विवाह के कारण बहुत सी बालिकाओं का कम उम्र में ही मातृत्व भार तथा दाम्पत्य जीवन में संतानोत्पत्ति के कारण स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। असामायिक मृत्यु से स्त्रियों की संख्या में कमी आती है।

**(3) स्त्रियों की आर्थिक परतन्त्रता** : भारत में स्त्रियाँ आर्थिक दृष्टि से पुरुषों पर निर्भर रहती हैं। उनको गरीबी में आर्थिक संकटों से जूझना, चिन्ताग्रस्त रहना और पर्याप्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के अभाव में कम अवस्था में ही मृत्यु हो जाने के कारण स्त्रियों की संख्या घट रही है।

**(4) बालिका शिक्षा का अभाव** : देश में बालिका शिक्षा की कमी के कारण वे आर्थिक रूप से आत्म निर्भर नहीं है। अपने स्वयं के साथ हुए मानसिक, शारीरिक व सामाजिक अन्याय का प्रतिरोध नहीं कर सकती है।

**(5) बढ़ता नगरीकरण** : नगरीयकरण की प्रवृत्ति से ग्रामीण व नगरीय दोनों क्षेत्रों में लिंगानुपात बिगड़ रहा है।

CBEO BHINDER

# इकाई 10

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| **अ** | **5** | **5** | **1** | **5** |
| **स** | **1** | **1** | **3** | **3** |
| **योग** | | **6** | | **8** |

## अध्याय – 19 : उद्योग

प्र. 1 टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी की स्थापना कब की गई –
(अ 1907 (ब 1976
(स 2012 (द 1940 उत्तर– अ – 1907

प्र. 2 भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रमुख केंद्र है–
(अ मेरठ (ब कानपुर
(स कोलकाता (द बेंगलुरु उत्तर– द – बेंगलुरु

प्र. 3 सूती वस्त्र की राजधानी के नाम से किस नगर को जाना जाता है?
(अ बेंगलुरु (ब कानपुर
(स अहमदाबाद (द मुंबई उत्तर– द – मुंबई

प्र. 4 भारत में साइकिल निर्माण का प्रमुख केंद्र है–
(अ अहमदाबाद (ब नागपुर
(स रायपुर (द लुधियाना उत्तर– द – लुधियाना

प्र. 5 स्वतंत्रता के पश्चात सर्वप्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई?
(अ अप्रैल 1948 (ब अगस्त 1952
(स मार्च 1950 (द दिसंबर 1947 उत्तर अ – अप्रैल 1948

प्र. 6 सीमेंट उत्पादन की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान है–
(अ तृतीय (ब प्रथम
(स द्वितीय (द चतुर्थ उत्तर– स– द्वितीय

प्र. 7 राष्ट्रीय योजना आयोग की स्थापना कब की गई?
(अ 1955 (ब 1950
(स 1947 (द 1948 उत्तर– ब – 1950

प्र. 8 भारत का सबसे बड़ा इस्पात कारखाना है–
(अ टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (ब भारतीय लोहा और इस्पात कारखाना
(स विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड (द राउरकेला इस्पात संयंत्र
उत्तर– अ – टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी

प्र. 9 स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की स्थापना कब हुई?
(अ 1972 (ब 1973
(स 1974 (द 1975 उत्तर– स– 1974

प्र. 10 बॉक्साइट अयस्क से कौन सा धातु प्राप्त किया जाता है?
(अ लोहा (ब तांबा
(स एलुमिनियम (द चांदी उत्तर– स– एलुमिनियम

प्र.11 एशिया का सबसे बड़ा एल्युमिनियम उत्पादक कारखाना कौन सा है?
(अ INDAL (ब HINDALCO
(स MALCO (द NALCO उत्तर– द – NALCO

CBEO BHINDER

प्र. 12 विश्व में सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौनसा है?

(अ भारत (ब ऑस्ट्रेलिया

(स चीन (द जापान उत्तर– स – चीन

प्र. 13 सूती वस्त्र उत्पादन की दृष्टि से भारत में प्रथम स्थान पर कौन सा राज्य है?

(अ महाराष्ट्र (ब राजस्थान

(स तमिलनाडू (द पश्चिम बंगाल उत्तर– अ– महाराष्ट्र

प्र. 14 सूती वस्त्र की राजधानी के नाम से किस शहर को जाना जाता है?

(अ सूरत (ब मुंबई

(स कोलकाता (द चेन्नई उत्तर– ब – मुंबई

प्र. 15 भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) की स्थापना कौन से वर्ष में की गई?

(अ 1961 (ब 1969

(स 1964 (द 1967 उत्तर– स – 1964

प्र. 16 निम्नलिखित उद्योगों में से किस उद्योग को सनराइज क्षेत्र कहा जाता है?

(अ सूती वस्त्र उद्योग (ब चीनी उद्योग

(स सीमेंट उद्योग (द ऑटोमोबाइल उद्योग उत्तर–द –ऑटोमोबाइल उद्योग

प्र. 17 इंटीग्रल कोच फैक्ट्री कहां पर स्थित है?

(अ जमालपुर (ब वाराणसी

(स पटियाला (द पेराम्बूर उत्तर– द – पेराम्बूर

प्र. 18 भारत की सिलिकन वैली के नाम से किस शहर को जाना जाता है?

(अ हैदराबाद (ब पुणे

(स बेंगलुरु (द सूरत उत्तर–स– बेंगलुरु

प्र. 19 मेक इन इंडिया कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत कब की गई?

(अ 25 सितंबर 2014 (ब 26 जनवरी 2019

(स 1 मई 2017 (द 11 अगस्त 2018 उत्तर– (अ 25 सितंबर 2014

प्र. 20 सीमेण्ट उत्पादन की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान है।

(अ प्रथम (ब द्वितीय

(स तृतीय (द चतुर्थ उत्तर – ब – द्वितीय

प्र. 21. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।

(अ कानपुर (ब पटना

(स बैंगलूरु (द कोलकाता उत्तर – स – बैंगलूरु

प्र. 22 जहाजरानी उद्योग की स्थापना निम्नलिखित में से सर्वप्रथम (1941 में कहाँ की गई?

(अ कोलकाता में (ब विशाखापत्तनम में

(स चेन्नई मे (द कालीकट में उत्तर– ब – विशाखापत्तनम में

प्र. 23 भारत में प्रारम्भ में लोहा से सम्बन्धित कार्य किस जनजाति के लोग करते थे?

(अ भील (ब नागा

(स अगारिया (द मुण्डा उत्तर– स – अगारिया

प्र. 24. निम्नलिखित में से कौन–सा इस्पात संयन्त्र पूर्णतः स्वदेशी तकनीक पर आधारित है?

(अ दुर्गापुर (ब भिलाई

(स विजयनगर (द बोकारो उत्तर– स विजयनगर

प्र. 25. मध्य प्रदेश के सतना और मैहर निम्नलिखित में से किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं?

(अ लौह–इस्पात उद्योग (ब सीमेण्ट उद्योग

(स इन्जीनियरिंग उद्योग (द सूती वस्त उद्योग उत्तर–ब सीमेण्ट उद्योग

CBEO BHINDER

प्र. 26 भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रमुख केंद्र —————————————————————— है।

उत्तर बेंगलुरु

प्र. 27 ——————————————————— को पूर्व का बोस्टन कहा जाता है।

उत्तर अहमदाबाद

प्र. 28 योजना आयोग की स्थापना सन———————————————— वर्ष में की गई।

उत्तर 1950

प्र. 29 ——————————————— शहर को उत्तरी भारत का मैनचेस्टर कहते हैं।

उत्तर कानपुर

प्र. 30 ———————————————— को सूती वस्त्र की राजधानी कहा जाता है।

उत्तर मुंबई

प्र. 31 भारत में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य———————————————— है।

उत्तर महाराष्ट्र

प्र. 32 सर्वाधिक सूती वस्त्र के कारखाने—————————————————— राज्य में स्थित है।

उत्तर महाराष्ट्र

प्र. 33 भारत में सर्वाधिक जनसंख्या———————————————— उद्योग में कार्यरत है।

उत्तर सूती वस्त्र उद्योग

प्र. 34 ब्रिटेन के सहयोग से———————————— इस्पात संयंत्र स्थापित किया गया।

उत्तर दुर्गापुर इस्पात संयंत्र

प्र. 35 भारत में सर्वप्रथम शुरू होने वाला उद्योग ————————————————————— है।

उत्तर कपड़ा उद्योग

प्र. 36 SAIL का पूरा नाम लिखिए?

उत्तर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया

प्र. 37 लाखेरी किस राज्य में स्थित है?

उत्तर लाखेरी राजस्थान राज्य के बूंदी जिले में स्थित है।

प्र. 38 लोह इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहते हैं?

उत्तर क्योंकि इस उद्योग के उत्पादन अन्य सभी वस्तुओं के निर्माण में आवश्यक होते हैं, इसी उद्योग से किसी भी देश के औद्योगिक विकास की नीव पड़ती है।

प्र. 39 BHEL का पूरा नाम लिखिए?

उत्तर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

प्र. 40 देश की सबसे बड़ी एल्युमिनियम कंपनी का नाम लिखिए।

उत्तर नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (NALCO)

प्र. 41 महाराष्ट्र में सूती वस्त्र उद्योग विकास के कोई दो कारण बताइए।

उत्तर 1 समुद्री नम जलवायु 2 कपास उत्पादन क्षेत्र

प्र. 42 भारत में कृषि आधारित किन्ही दो उद्योगों के नाम लिखिए।

उत्तर 1 सूती वस्त्र उद्योग 2 चीनी उद्योग

प्र. 43 राजस्थान में चीनी मिले कहां स्थित है। कोई दो

उत्तर केशोरायपाटन (बूंदी), श्रीगंगानगर

प्र. 44 मेक इन इंडिया कार्यक्रम क्या है?

उत्तर निवेश को बढ़ावा देकर औद्योगिक विकास की गति को तेज करने तथा देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत 25 सितंबर 2014 को की गई।

CBEOBHINDER

प्र. 45 राजस्थान में सीमेंट उत्पादन के दो मुख्य केंद्रों के नाम बताइए।

उत्तर 1 चित्तौड़गढ़ 2 ब्यावर

प्र. 46 एल्युमिनियम उद्योग की स्थापना कोयला या बिजली उत्पादन केंद्र के समीप क्यों की जाती है?

उत्तर क्योंकि 1 टन एल्युमिनियम बनाने के लिए 20 से 24 हजार किलो वाट विद्युत शक्ति की आवश्यकता होती है।

प्र. 47 भारत में सूती वस्त्र के स्थानीयकरण को प्रभावित करने वाले दो कारको के नाम बताइए।

उत्तर 1 कच्चा पदार्थ 2 आर्द्र एवं नम जलवायु

प्र. 48 हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की स्थापना कब और कहां की गई?

उत्तर 1964 , बेंगलुरु

प्र. 49 भारत के किस शहर में लोह स्तंभ स्थापित है?

उत्तर दिल्ली में कुतुबमीनार के पास

प्र. 50 भारत में इंजीनियरिंग उपयोग की कोई दो समस्याएं बताइए।

उत्तर 1 कच्चे माल का अभाव 2 पूंजी का अभाव

प्र. 51. भारत में चीनी उद्योग की उन्नति के लिए अपने सुझाव दीजिए।

उत्तर भारत में चीनी उद्योग के विकास के लिए निम्नलिखित सुझाव महत्त्वपूर्ण हो सकते हैं –

1 उचित निरीक्षण की व्यवस्था हो।

2 पुरानी मशीनों के स्थान पर नई मशीनें लगाई जाएँ।

3 मिलों की स्थापना गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में ही की जाए।

4 गन्ने की फसलों के सम्बन्ध में अनुसन्धान कार्यों पर विशेष बल दिया जाए।

5 गन्ने की मात्रा के साथ ही रस की मात्रा का ध्यान रखकर कीमत निर्धारित की जाए।

6 गौण उपजों का पूर्ण उपयोग किया जाए।

7 श्रमिकों को वर्ष भर रोजगार देने की व्यवस्था की जाए।

8 कर व्यवस्था में सुधार किया जाए।

9 गन्ना किसानों को विक्रय के समय भुगतान किया जाए, आदि।

प्र. 52 भारत में भारी उद्योगों की स्थिति को शक्ति संसाधन किस प्रकार प्रभावित करते हैं? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर उद्योगों में तीव्र गति से कार्य सम्पन्न करने के लिए विविध प्रकार के मशीनों का प्रयोग किया जाता है। ये मशीनें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शक्ति के संसाधनों से ही संचालित होती हैं। अतरू शक्ति के स्रोतों की उपलब्धता एवं निकटता उद्योगों को नियन्त्रित करने वाला मुख्य कारक है यथा एल्युमीनियम उद्योग को शक्ति के स्रोत के निकट स्थापित किया जाता है, क्योंकि इसमें अधिक शक्ति का प्रयोग होता है।

प्र. 53 क्या कारण है कि भारत की अधिकांश चीनी मिलें गन्ना उत्पादक क्षेत्रों के समीप ही स्थापित मिलती हैं?

उत्तर चीनी उद्योग का सर्वप्रमुख व एकमात्र कच्चा माल गन्ना है। गन्ने के कुल भार में चीनी सुक्रोज का भाग 9 से 12 प्रतिशत के मध्य मिलता है। गन्ना भार ह्रास वाली कृषि फसल है। खेत में गन्ने को काटने से लेकर ढुलाई की अवधि तक इसमें सुक्रोज की मात्रा कम होती जाती है। यदि गन्ने को काटने के 24 घण्टे के अन्दर गन्ना मिलों में इसका रस निकाल लिया जाता है तो इससे चीनी की मात्रा अधिक प्राप्त होती है। इसके बाद जैसे–जैसे समय बीतता चला जाता है वैसे–वैसे गन्ने में चीनी का प्रतिशत कम होता चला जाता है। यही कारण है कि भारत की अधिकांश चीनी मिलें गन्ना उत्पादक क्षेत्रों के समीप ही स्थापित मिलती हैं। अतः चीनी उद्योग को कच्चा माल उन्मुख उद्योग माना जाता है।

CBEOBHINDER

प्र. 54 भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकास के कारकों को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकास के लिए निम्नलिखित कारक उत्तरदायी रहे हैं।

1 भारत एक उष्णकटिबन्धीय जलवायु वाला देश है। यहाँ की गर्म एवं अर्द्धशुष्क जलवायु में सूती कपड़ा आरामदायक वस्त्र होता है, जिसके कारण देश में सूती कपड़े की पर्याप्त माँग रहती है।

2 सूती वस्त्र उद्योग का सर्वप्रमुख कच्चा माल कपास होता है, जिसका पर्याप्त उत्पादन हमारे देश में होता रहा है।

3 भारत विश्व का दूसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र है, जिसमें सूती वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक कुशल श्रमिक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध मिलते हैं। भारत के कुछ क्षेत्रों में लोग व परिवार सूती वस्त्र तैयार करने का कार्य पीढ़ियों से कर रहे हैं, जिससे वस्त्र निर्माण कुशलता एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानान्तरित होती रही है।

प्र. 55 कच्चा माल उद्योगों के लिए चुम्बक का कार्य करता है—टिप्पणी लिखिए?

उत्तर उद्योगों को सामान्यतः दो भागों में बाँटा गया है।

1. भार क्लास मूलक उद्योग

2. भार ह्रास न होने वाले उद्योग

इनमें से प्रथम प्रकार का उद्योग जिसमें कच्चा माल अधिक लगता है तथा उनका भार अधिक होता है, उनसे सम्बन्धित उद्योगों की स्थापना कच्चे माल के स्रोतों के पास होती है क्योंकि तैयार माल को बाजार तक पहुँचाने में अपेक्षाकृत कम परिवहन व्यय करना पड़ता है; जैसे—लौह—इस्पात उद्योग, चीनी उद्योग, सीमेण्ट उद्योग आदि के लिए कच्चा माल चुम्बक के रूप में प्रभावी होता है और ये उद्योग कच्चे माल के स्रोतों की ओर आकर्षित होते हैं।

प्र. 56 राजस्थान में सीमेण्ट उद्योग के विकास के लिए उत्तरदायी कारकों को संक्षेप में बताइए?

उत्तर राजस्थान, भारत में प्रमुख सीमेण्ट उत्पादक राज्यों में से एक हैं। लाखेरी, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, ब्यावर आदि सीमेण्ट उद्योग के प्रमुख केन्द्र हैं। यहाँ सीमेण्ट उद्योग के विकास के लिए निम्नलिखित कारक उत्तरदायी हैं –

1 जिप्सम तथा चूने के पत्थर की स्थानीय उपलब्धता।

2 विस्तृत बाजार की सुविधा।

3 परिवहन की पर्याप्त सुविधा।

4 पर्याप्त पूंजी।

5 सस्ती विद्युत शक्ति एवं।

6 पर्याप्त श्रम की उपलब्धता आदि।

प्र. 57. भारत में इन्जीनियरिंग उद्योग की समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

उत्तर इन्जीनियरिंग उद्योग निरन्तर विकास कर रहा है। फिर भी इस उद्योग की कुछ प्रमुख समस्याएँ हैं, जो निम्नलिखित हैं –

1 **कच्चे माल का अभाव** :– इस उद्योग में जो कच्चा इस्पात प्रयुक्त होता है वह बाहर से आयात किया जाता है।

2 **पूँजी का अभाव** :– इस उद्योग में भारी पूँजी की आवश्यकता होती है, अतएव निजीक्षेत्र इसमें सहयोग नहीं कर पाते। अतएव अधिकांश इकाइयाँ सार्वजनिक क्षेत्र में खुली हैं।

3 **अत्यधिक कर भार** :– उद्योग के उत्पादन पर अधिक कर भार होने से निर्यात में कठिनाई होती है।

4 **अन्य समस्याएँ** :– विदेशी प्रतिस्पर्धा, उत्पादन क्षमता का अपूर्ण उपयोग तथा गुणवत्ता नियन्त्रण का अभाव अन्य समस्याएँ हैं।

CBEOBHINDER

## पाठ–20 : परिवहन

प्र. 1 परिवहन किसे कहते है?

उत्तर यात्रियों एवं वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना परिवहन कहलाता है।

प्र. 2 परिवहन तंत्र के विकास को प्रभावित करने वाले कारकों को समझाइये –

उत्तर (1 भौतिक कारक–50 प्रतिशत से अधिक रेल मार्ग उत्तरी भारत मे कच्ची सड़के मैदानी भाग व पक्की सड़कें पठारी क्षेत्र में है।

(2 कम जनसंख्या वाले क्षेत्र में परिवहन का विकास कम हुआ है।

(3 आर्थिक कारक–खनिज व औधोगिक बहुलता वालेक्षेत्र में परिवहन अधिक विकसित है।

(4 सुरक्षात्मक कारक–सीमावर्ती क्षेत्रों में परिवहन अधिक विकसित है।

(5 राजनैतिक कारक–सरकारी नीति व राजनैतिक इच्छा शक्ति भी भूमिका निभाती है।

प्र. 3 ग्रांड ट्रंक रोड़ का निर्माण किसने करवाया व यह कहाँ से कहाँ तक जाता है।

उत्तर ग्रांड ट्रंक रोड़ का निर्माण शेरशाह सूरी ने करवाया था यह ढ़ाका से वाराणसी दिल्ली होते हुए लाहौर और वहाँ से सिन्धु नदी तक जाता है। इसकी शाखाएँ–

(1 आगरा से जोधपुर

(2 आगरा से इन्दौर

(3 लाहौर से मुल्तान

(4 आगरा से चित्तौड़ तक जाती है।

प्र. 4 देश में 2015 में सड़कों की कुल लम्बाई कितनी थी।

उत्तर 48.85 लाख कि.मी.थी जो देश के कुल परिवहन का 80% है।

प्र. 5 सड़क परिवहन का महत्व लिखिए–

उत्तर सड़क परिवहन का महत्व निम्न है

(1 उपभोक्ता के घर तक पहुँच

(2 व्यापकता

(3 कृषि विकास में सहायक

(4 लचीलापन

(5 शीध्र खराब होने वाली वस्तुओं का परिवहन

(6 मरम्मत व परिवहन पर अन्य की अपेक्षा कम खर्च

(7 कम दुरी के लिए आदर्श परिवहन

(8 युद्ध, अकाल, प्राकृतिक आपदा के समय सड़क मार्ग सबसे उपयुक्त

(9 ग्रामीण भारत के विकास हेतु सर्वप्रिय साधन

(10 लधु से वृहद उधोग के विकास मे सहायक

प्र. 6 भारतीय सड़कों के प्रकार बताइये–

उत्तर भारतीय सड़कों के निम्न प्रकार है–

(1 राष्ट्रीय महामार्ग

(2 राज्यीय/राज्य राजमार्ग

(3 जिला सड़के

(4 ग्रामीण सड़के (5 सीमावर्ती सड़के

CBEO BHINDER

प्र. 7 राष्ट्रीय राजमार्ग क्या है?

उत्तर वे सड़के जिनका निर्माण व रख रखाव केन्द्र सरकार के नियंत्रण में है राष्ट्रीय राजमार्ग कहलाते है 1950–51 में इनकी कुल लम्बाई 19700 कि.मी थी जो अब 100475 कि.मी है देश में कुल 292/223 राष्ट्रीय राजमार्ग है राष्ट्रीय राजमार्गो की पूरी लम्बाई पूरे देश की कुल सड़कों की लम्बाई का 1.7% है किन्तु ये यातायात का 40% वहन करते है।

प्र. 8 स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना क्या है।

उत्तर यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वकांक्षी योजना है जिससके अन्तर्गत 5846 किमी लम्बी 4 व 6 लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण किया जायेगा जो चार महानगरों दिल्ली मुम्बई चैन्नई कोलकाता को जोड़ते है इससे महानगरों के बीच समय व यातायात की लागत कम हो जाएगी।

प्र. 9 उत्तर दक्षिण व पूर्व पश्चिम गलियारा क्या है?

उत्तर उत्तर दक्षिण गलियारा –जम्मु कश्मीर के श्री नगर से कन्या कुमारी तमिलनाडु तक4016 कि.मी सड़क (2 पूर्व पश्चिम गलियारा–असम के सिलचर से गुजरात के पोरबंदर तक 3640 किमी लंबा मार्ग

प्र. 10 BOT क्या है?

उत्तर सड़क मार्गो पर भारी दबाव व सड़क के विकास के लिए बजट आवंटन अपर्याप्त होनेके कारण राष्ट्रीय राजमार्गो को निजी में बनाओ चलाओं और हस्तांतरित करो। (buid operate,And transfer)(BOT) परियोजना शुरू की गई।

प्र. 11 एक्सप्रेस राजमार्ग कौन से है नाम बताइये?

उत्तर एक्सप्रेस राजमार्ग निम्न लिखित है

1. मुबंई–शांताक्रुज
2. मुबंई–थाणे
3. कोलकाता–दमदम
4. पारद्वीप–कोलकाता राजमार्ग

प्र. 12 राज्य राजमार्ग क्या है?

उत्तर वे सड़के जिनके निर्माण व रखरखाव का कार्य राज्य सरकार करती है। व जो राजधानी से जिला मुख्यालय को जोड़ती है राज्य राजमार्ग कहलाती है। ये मार्ग राष्ट्रीय महामार्गो से जुड़े होते है 2010–11 में इन सड़कों की कुल लम्बाई का 163.9 हजार कि.मी. थी जो देश की सड़को की कुल लंबाई का 4% है।

प्र. 13 जिला सड़कें क्या है?

उत्तर वे सड़के जो जिला मुख्यालय को जिले के अन्य स्थानों से मिलाती है इनकी कुल लम्बाई 4.7 लाख कि.मी है जो देश की कुल सड़क का 14% है।

प्र. 14 ग्रामीण सड़कें क्या है?

उत्तर ग्रामीण क्षेत्रो को शहरों, कस्बों एवं ग्रामीण सड़क मार्गो से जोड़ने वाली सड़कें ग्रामीण सड़कें कहलाती है भारत की कुल सड़क का 80% भाग ग्रामीण सड़क के रूप में है।

प्र. 15 सीमावर्ती सड़कें क्या है?

उत्तर सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतू निर्मित सड़कें सीमावर्ती सड़कें कहलाती है।

प्र. 16 BROसीमा सड़क संगठन (border road organization )क्या है?

उत्तर 1960 में सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस संगठन की स्थापना की गई इसने 1960 से 2005 तक सीमावर्ती क्षेत्र में 40,450 कि.मी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया तथा

CBEO BHINDER

35577 कि.मी सड़कों को पक्का किया है। तथा संसार की सबसें ऊँची सड़क लद्दाख से लेह तक का निर्माण भी किया।

प्र. 17 देश का सबसें बड़ा राष्ट्रीय उपक्रम कौनसा है?

उत्तर भारतीय रेलवे।

प्र. 18 विश्व की प्रथम रेलगाड़ी कहाँ चलाई गई?

उत्तर इंग्लैण्ड में 1825 में चलाई गई

प्र. 19 भारत में प्रथम रेल कब चलाई गई

उत्तर भारत में प्रथम रेल 16 अप्रैल 1853 को मुम्बई से थाणें के मध्य 34 कि.मी में चलाईगई।

प्र. 20 भारतीय रेलवे की विश्व में क्या स्थिति है?

उत्तर भारतीय रेलमार्ग एशिया का सबसे बड़ा व विश्व का दूसरा बड़ा रेलमार्ग है 31 मार्च 2015 तक भारतीय रेलवें के पास 10822 इंजन है इसमें 43 भाप ईजन 5714 डीजल ईजन व 5065 विधुत इंजन है देश में रेलवें स्टेश्नों की संख्या 7112 है व रेलवें में 13.26 लाख श्रमिक कार्यरत है।

प्र. 21 गतिमान एक्सप्रेस क्या है?

उत्तर देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन है जिसका 5 अप्रैल 2016 को रेलमंत्री ने हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से आगरा केंट तक 187 कि.मी की दूरी के लिए रवाना किया जो यह दूरी 100 मिनट में तय करेगी इस रेलगाड़ी में सुरक्षा के साथ परिचायिका भी होगी वाई फाई के साथ आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित होगी।

प्र. 22 हिमसागर एक्सप्रेस क्या है?

उत्तर जम्मूतवी से कन्याकुमारी तक 3729 कि.मी दूरी तय करने वाली भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन है।

प्र. 23 मथुरा पलवन रेल की गति क्या है?

उत्तर 180 किमी प्रति घंटा

प्र. 24 देश का पहला रेल विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

उत्तर बड़ोदरा (गुजरात) में

प्र. 25 विश्व विरासत में किस भारतीय रेल को शामिल किया है?

उत्तर (1 माउन्टेन रेलवें (दार्जिलिंग हिमालय रेलवे 1999)

(2 नीलगिरि पर्वतीय रेलवें–2005 में शामिल

(3 कालका शिमला रेलवें–2008 में शामिल

प्र. 26 फ्रंट कोरिडोर परियोजना क्या है?

उत्तर रेल मार्ग द्वारा देश के चारों महानगरों – दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता व चेन्नई को जोड़ना

प्र. 27 कोंकण रेलवे परियोजना क्या है?

उत्तर देश का समृद्ध पश्चिमी तटीय देश जो कि 26 जनवरी 1998 तक उबड़ खाबड़ धरातल व नदियों के कारण रेल सेवा से वंचित था पर मुंबई के रोहा से मंगलौर तक 760 कि.मी लंबा रेल मार्ग बनाया गया जिसमें 2000 पुल (179 बड़े तथा 91 सुरगें जिसमें से एक सुरग 6.5 कि.मी तक लंबी है शरावती नदी पर पुल 2065.8 मीटर लंबा है।

प्र. 28 मेट्रो रेल क्या है?

उत्तर यह अतः नगरीय द्रुतगामी रेल सेवा है जिसका शुभारम्भ 1972 में कोलकाता से हुआ इसके बाद दिल्ली बैगलौर,चैन्नई,हैदराबाद में भी चली।

CBEO BHINDER

प्र. 29 मोनो रेल क्या है?

उत्तर यह अंतः नगरीय द्रुतगामी रेल सेवा है जो सिंगल ट्रेक,पर चलती है इसका शुभारम्भ 1 फरवरी 2014 को मुंबई में हुआ।

प्र. 30 परिवहन का सबसे तीव्रतम व आधुनिक व मंहगा साधन कौनसा है?

उत्तर वायु परिवहन

प्र. 31 भारत में वायु परिवहन की शुरूआत कब हुई?

उत्तर 1911 में इलाहाबाद व नैनी के बीच

प्र. 32 भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण क्या कार्य करता है?

उत्तर भारत में वायु परिवहन की सुविधाएँ प्रदान करने का कार्य करता है यह 23 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों सहित 97 घरेलू हवाई अड्डों और 25 नागरिक विमान टर्मिनलों सहित 127 हवाई अड्डो का प्रबन्ध करता है भारत द्वारा 57 देशों के साथ वैमानिक समझौते किए गए है।

प्र. 33 भारत में वायु परिवहन की सेवा कौन सी कम्पनियां उपलब्ध करवाती है?

उत्तर 1953 में भारत की वायु परिवहन का राष्ट्रीकरण किया गया और सभी कम्पनियों को दो नवनिर्मित निगमों के अंतर्गत रखा गया जो निम्न है

1. इण्डियन एयर लाइन्स
2. एयर इण्डिया

वायुदुत व पवन हंस को अतंदेर्शीय वायु परिवहन के लिए स्थापित किया गया।

1 मार्च 1994 को इंण्डियन एयर लाइन्स व एयर इण्डिया का विलय कर द नेशनल एविएशन कंपनी ऑफ इंडियाज लिमिटेड बनाई गई किन्तु यह कम्पनी अभी तक अपनी सेवाएं एयर इंडिया नाम से ही उपलब्ध करवाती है।

प्र. 34 ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा क्या है?

उत्तर ऐसे हवाई अड्डे जहाँ कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबधी विधियों का प्रयोग किया जाता है ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा कहलाता है हैदराबाद का राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एशिया का पहला ग्रीन एयापोर्ट है इसके अलावा जोधपुर एयरपोर्ट,सिक्किम में वेरूंयांग एयरपोर्ट नागालेण्ड में चेतू अरूणाचल प्रदेश का ईटानगर आदि भी ग्रीन एयरपोर्ट के रूप में विकसित किए जा रहे है।

प्र. 35 भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के नाम बताइये?

उत्तर भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अड्डे निम्नलिखित है–

1. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली
2. नेताजी सुभाष चंद बोस हवाई अड्डा दमदम कोलकाता
3. छत्रपति शिवाजी (शांताक्रुज हवाई अड्डा मुम्बई
4. मीनाम्बक्कम हवाई अड्डा चैन्नई
5. अहमदाबाद
6. हैदराबाद
7. बैगलौर

प्र. 36 सबसे सस्ता परिवहन कौनसा है

उत्तर जल परिवहन क्यों कि इसमें मार्ग निर्माण व रख रखाव की समस्या नही रहती व भारी भरकम सामानों का सुरक्षित परिवहन होता है।

प्र. 37 व्यापारिक जहाजरानी बेड़े की दृष्टि से भारत का विश्व में कौनसा स्थान है।

उत्तर 16 वां

CBEOBHINDER

प्र. 38 आंतरिक जल परिवहन क्या है?

उत्तर देश के भीतर स्थित नदियों ,सागरो आदि के मध्य होने वाले परिवहन को आंतरिक जल परिवहन कहते है। भारत के पास अंतर्देशीय जहाजरानी के लिए 14,500 किमी लंबा जलमार्ग है इसमें से बडी नदियों के 3700 किमी लंबे यंत्रीकृत नौकाओं द्वारा नौगम्य है इसके अलाचा 4300 किमी नौगम्य नहरे भी है। सर्वाधिक आंमरिक जलमार्ग उत्तरप्रदेश, पं0 बंगाल आन्ध्र प्रदेश, असम, केरल, बिहार, व उड़ीसा में है।

प्र. 39 आंतरिक परिवहन के विकास में आने वाली प्रमुख बाधाएँ कौनसी है?

उत्तर नदियों का मौसमी होना,जल स्तर में परिवर्तन ,जल प्रपात,अवसाद की अधिकता,सदावाहिनी नदियों से सिंचाई की नहरे निकालने से जल की कमी आना ,तटीय क्षेत्र की नदियों का लवणीय होना।

प्र. 40 आंतरिक जल परिवहन के लाभ लिखिए

उत्तर आंतरिक जल परिवहन के लाभ निम्न है

1. सबसें सस्ता परिवहन का साधन

2.. अन्य साधनों की तरह रख रखाव पर खर्च नही

3. उर्जा की बचत

4. भारी सामान के लिए उपयुक्त

5. वर्षा काल में पूर्वोतर में संडक व रेल परिवहन अवरूद्ध होने पर उपयोगी

6. प्रदुषण कम होना

प्र. 41 बंदरगाह किसे कहते है?

उत्तर समुद्र अथवा नदी के किनारे पर स्थित वह नगर जिसमें एक पोताश्रय होता है जहाँ से जहाजों में माल उतारने व चढ़ाने की सुविधा होती है बंदरगाह कहलाता है।

प्र. 42 भारत की समुद्री तटरेखा की लम्बाई कितनी है व इस पर कितने बंदरगाह है?

उत्तर भारत में समुद्री तटरेखा की लम्बाई 7517 कि.मी है व 20 लाख वर्ग किमी से अधिक का समुद्री आर्थिक क्षेत्र है इस तटरेखा पर 13 प्रमुख पतन तथा 20 लधु एवं मध्यम् पत्तन है।

प्र. 43 देश के व्यापार का कितना प्रतिशत समुद्री मार्ग से होता है?

उत्तर लगभग 95 प्रतिशत व्यापार व मूल्य स्तर पर 70 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है व कुल व्यापार का 76 प्रतिशत बडे 13 बंदरगाहों द्वारा होता है।

प्र. 44 पाइप लाइन परिवहन द्वारा किन पदार्थो का परिवहन होता है।

उत्तर पाइप लाइन परिवहन द्वारा जिन पदार्थो का परिवहन होता है वे निम्न है।

1. खनिज तेल
2. पेट्रोलियम
3. प्राकृतिक गैस
4. तरल लौह अयस्क
5. जल
6. दूध आदि

प्र. 45 पाईप लाईन परिवहन के क्या लाभ है?

उत्तर

1. सस्ता साधन
2. सुगम परिवहन
3. उबड खाबड मार्ग से परिवहन
4. उर्जा की बचत
5. समुद्री जल में भी पाइन लाईन बिछाई जा सकती है
6. सुनिश्चित आपूर्ति
7. समय की बचत
8 प्रदुषण कम

CBEO BHINDER

प्र. 46 नाहरकटिया नूनमती बरौनी पाइप लाइन का वर्णन कीजिए –

उत्तर यह भारत की सबसे पहली पाइप लाइन है जो असम के तेल के कुओं से नूनमती तेलशोधन शाला तक 443 कि.मी की दूरी तय कर तेल परिवहन करती है नूनमती से 724 कि.मी दूरी बिहार के बरौनी तक कुल लंबाई 1167 कि.मी है यह पाइन लाईन छोटी बड़ी 80 नदियों को पार करती है इसके मार्ग में 9 पम्पिंग स्टेशन है।

प्र. 47 भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड की स्थापना कब की गई व इसका क्या कार्य है?

उत्तर 1984 में की गई यह 14400 कि.मी लंबी पाइप लाइनों के संचालन का कार्य करती है।

प्र. 48 सलाया कोयली मथुरा पाइप लाइन पर टिप्पणी लिखिए–

उत्तर यह पाइप लाइन कच्छ की खाड़ी के समीप स्थित सलाया से मथुरा तक बिछाई गई 1256 कि.मी लंबी है यह मुंबई हाई से प्राप्त व आयातित तेल को मथूरा शोधन शाला तक पहुँचाती है साफ तेल जालधर तक ले जाया जाता है और इसे कोयली पाइप लाइन से जोड़ दिया गया है।

प्र. 49 गुजरात में पाइप लाइन परिवहन के अन्तर्गत आने वाली प्रमुख पाइप लाइनों के नाम बताइये –

उत्तर परिवहन के अन्तर्गत आने वाली प्रमुख पाइप लाइन निम्न है

1. अंकलेश्वर कोयली तेल पाइप लाइन
2. कलोल साबरमती तेल पाइप लाइन
3. नवगाँव कालेल कोयली तेल पाइप लाइन
4. केम्बे धुबरन गैस पाइप लाइन
5. अंकलेश्वर बंडौदा गैस पाइप लाइन
6. कोयली अहमदाबाद पाइप लाइन

प्र. 50 मुम्बई हाई मुम्बई अंकलेश्वर कोयली पाइप लाइन परिवहन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए –

उत्तर मुम्बई हाई से मुम्बई तट तक तेल तथा गैस लाने के लिए दो अलग–अलग पाइप लाइनेबिछाई गई है जिनकी प्रत्येक की लम्बाई 210 कि.मी है।

प्र.51 **HBJ** क्या है?

उत्तर हाजीरा–विजयपुरा जगदीशपुरा(HBJ)विश्व की सबसे लम्बी भूमिगत गैस पाइप लाइन हैजो 1750 कि. मी लम्बी है इससे उतर प्रदेश के 4 मध्यप्रदेश व राजस्थान के एक एक उर्वरक कारखाने तथा ओरैया (उतर प्रदेश व अन्ता (राजस्थान कावस (गुजरात ताप विधुत गृहों को गैस पहुँचाई जाती है।

CBEO BHINDER

# इकाई 12

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| अ | 6 | 6 | 1 | 6 |
| य | 1 | 1 | 4 | 4 |
| योग | | 7 | | 10 |

## पाठ– 23 : सिंचाई एवं पेयजल

प्र. 1. जल संसाधन कहते है?

उत्तर जल के वे स्रोत जो मानव के लिए उपयोगी है या जिनके उपयोग की संभावना हो, उन्हें जल संसाधन कहते है।

प्र. 2. भौगोलिक दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य कौनसा है?

उत्तर भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है।

प्र. 3. सतही जल की उपलब्धता का सम्पूर्ण भारत का राजस्थान कितना प्रतिशत है?

उत्तर सतही जल की उपलब्धता का सम्पूर्ण भारत का राजस्थान1.16 प्रतिशत है।

प्र. 4. देश का न्यूनतम वर्षाप्राप्त करने वाला राज्य कौनसा है?

उत्तर राजस्थान देश का न्यूनतम वर्षाप्राप्त करने वाला राज्य है।

प्र. 5. वर्तमान में राज्य में प्रति व्यक्ति जल की वार्षिक उपलब्धता घन मीटर है?

उत्तर वर्तमान में राज्य में प्रति व्यक्ति जल की वार्षिक उपलब्धता 780 घन मीटर है, जबकि कम से कम 1000 घन मीटर होनी चाहिए।

प्र. 6. राज्य की प्रमुख नदियाँ कौनसी है?

उत्तर चम्बल, बनास, लूनी, माही, बाणगंगा, बेड़च, गम्भीरी, सूकड़ी, कालीसिंध, परवन, मेज आदिराज्य की प्रमुख नदियाँ है।

प्र. 7 नदियों को जोड़ने का कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य कौन बना है?

उत्तर नदियों को जोड़ने का कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना है।

प्र. 8. राज्य की प्रमुख मीठेपानी कीझीलें कौनसी है?

उत्तर राज्य की प्रमुख मीठे पानी कीझीलें में–जयसमन्द, पिछोला व फतहसागर (उदयपुर, राजसमन्द (राजसमन्द, आनासागर, पुष्कर (अजमेर, सिलीसेढ (अलवर, कोलायत (बीकानेर, नवलखा झील (बूंदी, गेपसागर (डूँगरपुर, कायलाना, बालसमन्द (जोधपुर, बंध बारैठा (भरतपुर, रामगढ (जयपुर, नक्की झील (माउण्ट आबू, सिरोही आदि।

प्र. 9. वर्तमान में राज्य में कुँए एवं नलकूप से कुल सिंचित क्षेत्र का कितना प्रतिशत भाग सिंचित होता है?

उत्तर वर्तमान में राज्य में कुँए एवं नलकूप से कुल सिंचित क्षेत्र का 70 प्रतिशत भाग सिंचित होता है।

प्र. 10. संसाधन संरक्षण किसे कहते है?

उत्तर संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से रख–रखाव जिससे उस संसाधन की हानि न हो तथा व्यर्थता को रोका जा सके, यह प्रक्रिया संसाधन संरक्षण कहलाती है।

प्र. 11. जल संचयन व संग्रहण की परम्परागत विधियाँ कौनसी है?

उत्तर खड़ीन, कुण्डी, कुँई, नाड़ी, जोहड़, तालाब आदि हमारी जल संचयन व संग्रहण की परम्परागत विधियाँ हैं।

CBEO BHINDER

प्र. 12. जल संरक्षण की कोई 4 विधियों का उल्लेख किजिये जिसे अपना कर जल को बचाया जा सकता है?

उत्तर जल संरक्षण की निम्न विधियोंको अपना कर जल को बचाया जा सकता है –

1– सिंचाई हेतु नवीन पद्धतियों को अपनाना।

2– भूमिगत जल का विवेकपूर्ण उपयोग।

3– वनस्पति विनाश पर नियंत्रण।

4– वर्षा जल का संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग।

5– अपशिष्ट जल का शोधन कर उपयोग।

6– कृषि पद्धति व फसल प्रतिरूप में परिवर्तन।

7– छोटे तालाबों, बाँधों व एनिकट आदि का निर्माण।

प्र. 13. राजस्थान पत्रिका द्वारा जलसंरक्षणहेतु कौनसा अभियान चलाया गया है?

उत्तर राजस्थान पत्रिका का ''अमृतम् जलम्'' अभियान का जल संरक्षण कासराहनीय प्रयास है।

प्र. 14. राजस्थान में कुल सिंचित क्षेत्र का सबसे बड़ा भाग एवं सबसे कम भाग किस जिले में है?

उत्तर राजस्थान में कुल सिंचित क्षेत्र का सबसे बड़ा भाग श्रीगंगाानगर एवं सबसे कम भाग राजसमंद जिले में है।

प्र. 15. राजस्थान मेंसिंचाई के प्रमुख साधन कौन–कौनसे हैं?

उत्तर राजस्थान में सिंचाई के प्रमुख साधन में कुँए एवं नलकूप, नहरें, तालाब आदि सिंचाई के प्रमुख साधन हैं।

प्र. 16. राज्य का सबसे महत्त्वपूर्ण सिंचाईका साधन कौनसा है?

उत्तर राज्य का सबसे महत्त्वपूर्ण सिंचाई का साधनकुँए एवं नलकूप है।

प्र. 17. कुँए एवं नलकूपों से सर्वाधिक सिंचाई किन जिलों में होती है?

उत्तर कुँए एवं नलकूपों से सर्वाधिक सिंचाई जयपुर व अलवर जिलों में होती है?

प्र. 18. 'थार काघड़ा' किसे कहते है?

उत्तर जैसलमेर जिले के चाँदन नलकूप में मीठे पानी की उपलब्धता के कारण यह स्थान 'थार का घड़ा' कहलाता है।

प्र. 19. नहरी सिंचाई में किस जिले का प्रथम स्थान है।

उत्तर नहरी सिंचाई में गंगानगर जिले का प्रथम स्थान है।

प्र. 20. राजस्थान में तालाब द्वारा सिंचाई किन क्षेत्रों में होती है?

उत्तर राज्य के दक्षिणी व दक्षिणी–पूर्वी भाग में यह सिंचाई का प्रमुख साधन है। तालाब द्वारा सिंचाई में प्रथम स्थान भीलवाड़ा जिले का तथा द्वितीय स्थान उदयपुर जिले का है।

प्र. 21. नदियों को जोड़ने का कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य कौनसा है?

उत्तर नदियों को जोड़ने का कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना है।

प्र. 22. मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान का उद्धेश्य क्या है?

उत्तर मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान का उद्धेश्य ग्रामों को जल आवश्यकता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना है।

प्र. 23. 'आपणी योजना' के बारे में बताईये?

उत्तर जर्मन सरकार के सहयोग से गंधेली साहवा लिफ्ट नहर से 'आपणी योजना' बनाई गयी है। इससे हनुमानगढ़, चूरू व झुन्झुनूं के गांवों में जलापूर्ति हो रही है।

CBEO BHINDER

प्र. 24. राजस्थान की प्रमुख बहुउद्देश्य परियोजना एवं वृहत परियोजना के नाम बताओं?

उत्तर **राजस्थान की प्रमुख बहुउद्देश्य परियोजनाएं–**

(1 चम्बल परियोजना (2 भाखड़ा–नाँगल परियोजना

(3 व्यास परियोजना (4 माही–बजाज सागर परियोजना।

**राजस्थान की प्रमुख वृहत परियोजनाएं**

(1 इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना (2 गंग नहर

(3 भरतपुर नहर (4 गुड़गांव नहर

(5 भीखाभाई सागवाड़ा माही नहर (6 जाखम परियोजना

(7 सिधमुख–नोहर परियोजना

(8 बीसलपुर परियोजना (राज्य की सबसे बड़ी पेयजलयोजना

(9 नर्मदा नहर परियोजना (10 ईसरदा परियोजना।

प्र. 25. राजस्थान में इन्दिरा गांधी नहर परियोजनों का विस्तार से वर्णन कीजिए?

उत्तर इन्दिरा गांधी नहर परियोजना को प्रदेश की जीवन रेखा मरूगंगा भी कहा जाता है। पहलेइसका नाम राजस्थान नहर था। 2 नवम्बर 1984 को इसका नाम इन्दिरा गांधी नहर परियोजना कर दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य राजस्थान के पश्चिमी भाग में सिंचाई,पेयजल, पशुपालन, मत्स्य पालन व अन्य उपयोग हेतु जलउपलब्ध करवाना है। इसे बनाने का सुझाव सन् 1948 में बीकानेर के तत्कालीन सिंचाई इंजीनियर कँवरसेन ने दिया था। इस नहर के निर्माण का मुख्य उद्देश्य रावी व व्यास नदियों के जल में से राजस्थान को आवंटित 86 लाख एकड़ घन फीट जल को उपयोग में लेना था। हरीके बैराज से हनुमानगढ के मसीतावाली तक 204 किमी (169 किमी पंजाब व हरियाणा + 35 किमी राजस्थान फीडर नहर है। किसी नहर का ऐसा हिस्सा जहाँ से पानी का कोई उपयोग नही किया जाता है,उसे फीडर कहते है। फीडर सहित मुख्य नहर की लम्बाई 649 किमी है। वितरिकाओं की लम्बाई लगभग 9060 किमी है। नहर का अंतिम छोर वर्तमान में गडरा रोड तक है।

इस परियोजना को दो चरणों में लागू किया गया है–

प्रथम चरण : 345 किमी– लम्बी वितरिकाएं बनाना। 5.53लाख हैक्टर में सिंचाई।

द्वितीय चरण : 256 किमी– मुख्य नहर 5112 किमी वितरिकाओं का निर्माण तथा 19.63 लाख हैक्टर क्षेत्र में सिंचाई करना।

थार मरूस्थल का ढाल पश्चिम में होने के कारण पूर्वी भाग में पानी लाने के लिए 8 उत्थापक (लिफ्ट नहरें बनाई गयी है। ये नहरें निम्न है –

1– गंधेली (नोहर साहवा लिफ्ट नहर। 2– बीकानेर–लूणकरणसर लिफ्ट नहर।

3– गजनेर लिफ्ट नहर। 4– बांगड़सर लिफ्ट नहर।

5– कोलायत लिफ्ट नहर। 6– फलौदी लिफ्ट नहर।

7– पोकरण लिफ्ट नहर। 8– जोधपुर लिफ्ट नहर।

इन्दिरा गाँधी नहर से प्रमुख शाखा नहरें निकाली गई है, जोनिम्न है –

1– रावतसर शाखा (हनुमानगढ

2– सूरतगढ़ शाखा (श्री गंगाानगर

3– अनूपगढ़ शाखा (श्री गगानगर

4– पूंगल शाखा (बीकानेर

5– चारणवाला शाखा (बीकानेर

6– दात्तोर शाखा (बीकानेर

CBEO BHINDER

7– बिरसलपुर शाखा (बीकानेर

8– शहीद बीरबल शाखा (जैसलमेर

9– सागरमल गोपा शाखा (जैसलमेर

**लाभ**

1– सिंचाई के रूप में प्रत्यक्ष लाभ

2– व्यावसायिक फसलों की पैदावार

3– नये नगर, व्यापारिक म.डियों की स्थापना

4– पशु पालन, मत्स्य पालन का विकास

5– वर्तमान ऊन व्यवसाय को लाभ

6– 9.5 लाख टन अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन संभव

7– मरुस्थल पर नियन्त्रण

8– वन क्षेत्र, चरागाहों का विकास

9– बंजर भूमि का विकास संभव

सूरतगढ़ व अनूपगढ शाखाओं पर 3 लघु विद्युत गृह बनाये गये है। इस परियोजना से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा सेकृषि उत्पादन बढ़ा है। अकाल पर रोक लगी है तथा क्षेत्र में मानवअधिवासों को प्रोत्साहन मिला है। विद्युत उत्पादन के साथ–साथ पशु पालन, खनिज उद्योग व मत्स्य उद्योग का भी विकास हुआ।

प्र. 26. राजस्थान की चम्बल बाँध परियोजना का विस्तार से वर्णन कीजिए?

उत्तर चम्बल परियोजना राजस्थान व मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना है। इसमें दोनों राज्यों की हिस्सेदारी आधी–आधी है।चम्बल परियोजना का कार्य 1952–54 में प्रारम्भ हुआ। इस परियोजना का प्रारम्भिक उद्देश्य चम्बल की विनाशकारी लीला कोसमाप्त कर 56 लाख हैक्टयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करना तथा 230 मेगावाट विद्युत उत्पादन करना था। इस परियोजना के अन्तर्गत चार बाँध बनाये गये हैं

(1 **गांधी सागर बाँध** :यह बाँध 1960 में मध्यप्रदेश की भानपुरा तहसील में बनाया गया है। यह बाँध चौरासीगढ़ बनाया गया है। इससे दो नहरें निकाली गई है–

**(1 बाईं नहर**– बूँदी तक जाकर मेज नदी में मिलती है।

(2 **दाँयी नहर**– पार्वती नदी को पार कर मध्य प्रदेश में चली गयी है। यहीं पर एक जल विद्युत स्टेशन भी है।

(2 **राणा–प्रताप सागर बाँध** : यह बाँध गांधी सागर से 48 किमी आगे चित्तौड़गढ़ में चुलिया जल प्रपात के समीप रावतभाटा नामक स्थान पर 1970 में बनाया गया है।

(3 **जवाहर सागर बाँध** : रावतभाटा से 38 किमी– आगे कोटाके समीप बोरावास गांव में बनाया गया है। यहाँ एक जल विद्युत शक्ति गृह भी बनाया गया है।

(4 **कोटा बैराज**– यह कोटा शहर के पास बनाया गया है। केवल सिंचाई की सुविधा के उद्देश्य से बनाये गये बाँध को बैराजकहते है। इसमें से दो नहरें निकाली गयी है। दाँयीं नहर पार्वती वपरवन नदी को पार करके मध्यप्रदेश में चली गयी है। जबकि बाँयींनहर से राजस्थान के कोटा, बूँदी जिलों में सिंचाई एवं जलापूर्तिहोती है।

प्र. 27. राजस्थान की माही बजाज सागर परियोजना का विस्तार से वर्णन कीजिए?

उत्तर दक्षिणी राजस्थान की आदिवासी बहुल बाँसवाड़ा व डूँगरपुर जिलों की जनता की समृद्धि के लिए यह राजस्थान एवं गुजरातकी संयुक्त परियोजना है। सन् 1966 में हुये समझौते के अनुसार राजस्थान का हिस्सा 45 प्रतिशत व गुजरात का हिस्सा 55 प्रतिशत है। इस परियोजना के अन्तर्गत

CBEO BHINDER

बाँसवाड़ा के बोरखेड़ा गाँव में माही बजाज सागर बाँध बनाया गया है। इसके अलावा यहाँ दो नहरें, दो विद्युत गृह, दो लघु विद्युत गृह व कागदी पिकअप बाँध बनाया है।

इस परियोजना का कार्य तीन चरणों में पूरा हुआ –

**प्रथम चरण** : प्रथम चरण में बाँसवाड़ा के समीप बोरखेड़ा गाँव में माही नदी पर माही बजाज सागर बाँध बनाया गया। इसका जल संग्रहण क्षेत्र 6240 वर्ग किमी. है। इस बाँध की भराव क्षमता 72.70 टी.एम.सी. है।

**द्वितीय चरण** : डूँगरपुर में सिंचाई सुविधा हेतु आनन्दपुरी व सागवाड़ा नामक दो नहरें निकाली गयी है।

**तृतीय चरण** : इस चरण में दो विद्युत गृहों का निर्माण किया गया। जिससे 140.95 मेगावाट विद्युत उत्पन्न की जा रही है।
सिंचाई एवं विद्युत की सुविधा मिलने के कारण इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक जीवन में बदलाव के साथ कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में भी तेजी से बदलाव आया है। ये परियोजना इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुयी है।

प्र. 28. राजस्थान में सिंचाई विकास हेतु कोई 4 सुझाव दीजिए?
उत्तरराजस्थान में सिंचाई विकास हेतु सुझाव –

1– उपलब्ध जल का सर्वाधिक संरक्षण आवश्यक है।

2– भू–जल का उपयोग पूरी सतर्कता से होना चाहिये।

3– नदी–बेसिन आधार पर जल के सम्बन्ध में सघन नियोजनकिया जाना चाहिये।

4– आधुनिक तकनीकी विधियों को प्रयुक्त कर जल रिसाव व वाष्पन से होने वाली जल क्षति को घटाना चाहिये।

5– फव्वारा–सिंचाई व बूँद–बूँद सिंचाई विधियों का उपयोग कर जल की बचत करनी चाहिये।

6– भू–जल एवं सतही जल का मिला जुला उपयोग होनाचाहिये।

7– जल मार्गों व खेत की नालियों की लाइनिंग को प्राथमिकतासे पूरा किया जाना चाहिये।

8– चालू परियोजनाओं पर अधिक ध्यान देना ताकि उनसे प्रतिफल प्राप्त होने लगे।

9– नई योजनाओं को चयनित आधार पर स्वीकार करनाचाहिये।

10– परियोजना के रख–रखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानीचाहिये।

प्र. 29. मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान के बारे में बताइये?

उत्तर इस अभियान का मूल उद्धेश्य ग्रामों को जल आवश्यकता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि पेयजल संकट, घरेलू उपयोग व पशुधन के लिए जल उपलब्धता तथा सूखे की समस्या का समाधान किया जा सके। परम्परागत रूप से मात्र एक सरकारी कार्यक्रम के स्थान पर इसे एक जन–अभियान का रूप दिया गया। इस अभियान में 9 राजकीय विभागों, सामाजिक–धार्मिक समूहों तथा आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की गई। इसमें सरकारीप्रयासों के साथ–साथ भामाशाहों द्वारा अंशदान सी.एस.आर गतिविधियाँ, स्वैच्छिक श्रमदान और मशीनरी व सामग्री में सामुदायिक योगदान के रूप में संसाधन प्रबंधन किया गया। अभियान के अन्तर्गत मध्य जुलाई, 2016 तक राज्य के 3529 गांवों में 91043 जल संरक्षण एवं संग्रहण कार्यों का निर्माण किया गया। अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टैगर्ड ट्रैंच, सतत समोच्च ट्रैंच, मिनी परकोलेशन टैंक, नाडी खुदाई, खड़ीन निर्माण, तलाई निर्माण, छत के जल संग्रहण हेतु पुनर्भरण ढाँचे, सूखे हैडपम्पों पर रिचार्ज किट, फार्म पौण्ड इत्यादि जैसे जल संरक्षण व संग्रहण कार्यों का वृहत स्तर पर निर्माण किया गया है। इससे जल स्तर बढ़ेगा, मृदा अपरदन रूकेगा, आने वालेसमय के शेष चरणों में सभी इलाकों में जल संरक्षण कार्य पूर्ण होजाने के बाद राजस्थान जल संकट से हमेशा के लिए मुक्त हो जायेगा।

CBEO BHINDER

## पाठ – 24 : राजस्थान खनिज एवं पेयजल

1 राजस्थान में रैण्डा व अजमेरी के नाम से जानी जाने वाली गौं नस्ल है।
(अ) मालवी (ब) गीर (स) राठी (द) थारपारकर (ब)

2 कॉकरेज नस्ल पाई जाती है।
(अ) जालौर (ब) सिरोही (स) पाली (द) उपर्युक्त सभी (अ)

3. 'गोपाल कार्यक्रम' उन्नयन हेतु बनाया गया है
(अ) ऊँट (ब) घोड़े (स) गोवंश (द) भेड़ें (स)

4 राजस्थान में सबसे पहले सीमेन्ट कारखाने की शुरूआत किस जिले से हुयी
(अ) पाली (ब) बूंदी (स) चित्तौड़गढ़ (द) जोधपुर (ब)

5. राजस्थान में कितने प्रकार के खनिज मिलते हैं–
(अ) 44 प्रकार के (ब) 67 प्रकार के (स) 23 प्रकार के (द) कोई नहीं (ब)

6. सीसा–जस्ता उत्पादन की सबसे बड़ी खान है–
(अ) देबारी (ब) अलवर (स) खो–दरीबा (द) उपर्युक्त सभी (अ)

7. टंगस्टन का जिले से उत्पादन होता है–
(अ) अजमेर (ब) नागौर (स) भीलवाड़ा (द) सिरोही (ब)

8. निम्न में से कौनसे जिले औद्योगिक दृष्टि से विकसित है–
(अ) जयपुर (ब) कोटा (स) श्रीगंगानगर (द) उपर्युक्त सभी (ब)

9. राजस्थान की सर्वप्रथम मिल स्थापित हुई–
(अ) ब्यावर (ब) किशनगढ़ (स) भीलवाड़ा (द) पाली (अ)

10. कृष्णा मिल्स स्थित है–
(अ) अजमेर (ब) जयपुर (स) ब्यावर (द) भीलवाड़ा (स)

11. टंगस्टन ............ अयस्क से प्राप्त होता है? वुलफ्रेमाइट

12. राज्य में ताम्बा शोधन का प्लांट हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड,...............में लगा है। खेतड़ी

13. सीसा–जस्ता मिश्रित अयस्क..................... में मिलता है। गैलेना

14. राजस्थान में...................... का मुख्य जमाव नागौर जिले के डेगाना व भाकरी तथा सिरोही के वाल्दा क्षेत्र में पाया जाता है। टंगस्टन

15. राजस्थान के.................... का संगमरमर विश्व प्रसिद्ध है। मकराना
ताजमहल व विक्टोरिया पैलेस ..........................के मार्बल से ही बने है। मकराना

16. जिप्सम का सर्वाधिक उपयोग ..................बनाने में होता है। उर्वरक

17. पेट्रोलियम की उपस्थिति केवल ..............चट्टानों में ही सम्भव है। अवसादी

18. राज्य में अधिकांश सीमेन्ट कारखानों की स्थापना.................... के प्राप्ति स्थलों के पास ही अधिक हुई है। कच्चे माल

19. भारत में सबसे अधिक जिप्सम ..................में मिलता है। राजस्थान

प्र. 1. राजस्थान' को खनिजों का अजायबगर' कहा जाता है।

उत्तर राजस्थान में विविध खनिजों की प्राप्ति के कारण 'खनिजों का अजायबगर' कहा जाता है।

प्र. 2 खनिज भण्डारों की दृष्टि से तथा उत्पादनकी दृष्टि से राजस्थान का भारत मे कौनसा स्थान है

उत्तर खनिज भण्डारों की दृष्टिसे झारखण्ड के बाद राजस्थान का द्वितीय स्थान है। खनिज उत्पादन की दृष्टि से झारखण्ड व मध्यप्रदेश के बाद राज्य का तृतीय स्थानहै।

प्र. 3 राजस्थान में एकाधिकार वाले खनिजों के नाम बताईये।

उत्तर वोलेस्टोनाइट, जास्पर, जस्ता, सीसा, फ्लोराइट, जिप्सम,संगमरमर, स्बेस्टॉस, घीया पत्थर, रॉक फॉस्फेट आदि खनिजों के उत्पादन में राज्य का एकाधिकार है।

प्र. 4 ताँबा उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है।

उत्तर ताँबा उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान का देश में द्वितीय स्थान है।

CBEO BHINDER

प्र. 5 ताँबे के उपयोग बताईये?

उत्तर ताँबा बहुत लचीला व विद्युत का उत्तम सुचालक है।होने के कारण इसका प्रयोगविद्युत उपकरण व तार तथा रसायन उद्योग में किया जाता है। इसके अलावा मिश्र धातुओं मे भीइसका प्रयोग होता हैं।

प्र. 6 राजस्थानमें ताँबे उत्पादन कहाँ²से होता हैं?

उत्तर ताँबे की खानें राजस्थान में कई स्थानों पर पायी जाती है,लेकिन झुन्झुनूँ जिले में खेतड़ी–सिंगाााना, जयपुर में नीम का थाना, अलवर जिले में खो–दरीबा खानें महत्त्वपूर्ण है। तांबे की अन्य खाने रामपुर–आगुचा व गुलाबपुरा (भीलवाड़ा, देबारी, सलूम्बर, रेलमगरा (राजसमन्द) व बीदासर (चूरू) महत्त्वपूर्ण हैं। इसके अलावा राजस्थान में ताँबे के 13 करोड़ टन से अधिक भ.डारों का अनुमान है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के वैज्ञानिकों के सर्वे में राज्य के कईहिस्सों में सैकड़ों मिलियन टन भण्डार होने के संकेत मिले है। सीकर की 'बन्नो बालो की ढाणी' में ताँबे के अकूत भण्डार मिले है।

प्र. 7 सीसा–जस्ता के मिश्रित अयस्क को किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर सीसा–जस्ता के मिश्रित अयस्क को गैलेना नाम से जाना जाता है।

प्र. 8 राजस्थान मेंसीसा–जस्ता के निक्षेप किस काल की चट्टानों में मिलते है।?

उत्तर राजस्थान मेंसीसा–जस्ता के निक्षेप आर्कियन व प्रोटोजोइक काल की चट्टानों में मिलते है।

प्र. 9 राजस्थान में एशिया का सबसे बड़ा सुपर जिंक स्मेल्टर कहाॅ और किसकी सहायता से स्थापित किया गया है।

उत्तर राजस्थान में एशिया का सबसे बड़ा सुपर जिंक स्मेल्टर चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया में ब्रिटेन की सहायता से 2005 में स्थापित किया गया है।

प्र. 10 राजस्थान मेंसीसा–जस्ता उत्पादन कहाँ²से होता हैं?

उत्तर राजस्थान मेंसीसा–जस्ता उत्पादन निम्न जिलोंसे होता हैं–

उदयपुर में जावर की खानो से राजसमंद में राजपुरा–दरीबा की खानो से तथा भीलवाड़ा में रामपुरा–आगुँचा, गुलाबपुरा प्रमुख है। अन्य क्षेत्रों में सवाई माधोपुर में चौथ का बरवाड़ा व अलवर में गूढ़ा–किशोरीदास प्रमुख है। सर्वाधिक उत्पादन जावर क्षेत्र में होता है।

प्र. 11 टंगस्टन किस अयस्क से प्राप्त होता है?

उत्तरः टंगस्टन वुलफ्रेमाइटअयस्क से प्राप्त होता है।

प्र. 12 सीसा–जस्ता के उपयोग बताईये?

उत्तर इस धातु का प्रयोग सेना के लिए बारूद निर्माण, जहाज निर्माण, काँसा बनाने में इसका उपयोग प्रमुखता से होता है।

प्र. 13 टंगस्टनका उपयोग कहां–कहां किया जाता हैं?

उत्तर टंगस्टन भारी, कठोर तथा उच्च द्रवणांक वाली धातु है। यह अत्यधिक सामरिक महत्त्व का खनिज है। इसका उपयोग बिजली के बल्ब बनाने, इस्पात को मजबूतबनाने, धातुओं को काटने व सामरिक महत्त्व के हथियार बनाने मेंकिया जाता है। इसके अतिरिक्त एक्सरे, रेडियो व टेलीविजन के उपकरण बनाने व रंगाई–छपाई उद्योगों में भी इसका उपयोग होताहै।

प्र. 14 राजस्थान में टंगस्टन का मुख्य जमाव कहाँ² पाये जाते हे?

उत्तर राजस्थान में टंगस्टन का मुख्य जमाव नागौर जिले केडेगाना के रेवत व भाकरी व सिरोही जिले के बाल्दा क्षेत्र में पायाजाता है। सिरोही के बाल्दा में राजस्थान राज्य टंगस्टन विकासविभाग द्वारा खनन कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त डूंगरपुरजिले के अमरतिया, उदयपुर जिले के कु.ण, पाली जिले के बराठियाव अजमेर जिले के लादेरा–साकुण क्षेत्रों में भी टंगस्टन के जमाव पाये जाते है। राज्य में देश के कुल उत्पादन का 75 प्रतिशत टंगस्टन प्राप्त होता है। वर्तमान में आयातित टंगस्टन सस्ती होन`के कारण राज्य में इसका खनन कार्य बन्द है।

CBEOBHINDER

प्र. 15 चाँदी का उत्पादन किस के साथ मिश्रित धातु के साथ होता है।

उत्तर चाँदी का उत्पादन सीसा व जस्ता के साथमिश्रित धातु के रूप में होता है।

प्र. 16 धात्विकऔर अधात्विक खनिजों मे अन्तर बताईये?

उत्तर धात्विकऔर अधात्विक खनिजों मे निम्न अन्तर है–

| धात्विक | अधात्विक |
|---|---|
| खनिज जिनमें मूल रूप से धातु का अंश विद्यमान रहता है। | वे खनिज जिनमें धातु का अंश बिल्कुल नहीं पाया जाता है। |

प्र. 17 आगरा का किला, ताजमहल व विक्टोरिया पैलेस कहॉ के मार्बल से ही बने हैं।

उत्तर आगरा का किला, ताजमहल व विक्टोरिया पैलेसमकराना के मार्बल से ही बने हैं।

प्र. 18 राजस्थान में रंगो के आधार पर कहॉ के पत्थर प्रसि़द्ध है?

उत्तर उदयपुर में हरे, भैंसलाना में काला, जालौर, बांसवाड़ा में गुलाबी, जैसलमेर में पीला, मकराना में सफेद व पाली में सतरंगा मार्बल प्रसि़द्ध है।

प्र. 19 भारत में सबसे अधिक जिप्सम का उत्पादनकहॉ होता है।

उत्तर भारत में सबसे अधिक जिप्सम का उत्पादन राजस्थानहोता है।

प्र. 20 राजस्थान में जिप्सम का मुख्य उत्पादक क्षेत्रों का बताईये?

उत्तर राजस्थान में मुख्यतः तीन क्षेत्रों में इसका खनन होता है –

नागौर क्षेत्र– गोठ–मांगलोद, भदवासी, मंगोलचुरू–बीकानेर क्षेत्र–जामसर, लूणकरणसर, तारानगर

जैसलमेर–बाड़मेर क्षेत्र– मोहनगढ़, हमीरवाली पाली–जोधपुर क्षेत्र– फालसुन्द, मंगलोद

प्र. 21 जिप्सम के मुख्य उपयोग बताईये?

उत्तर इस खनिज का सर्वाधिक उपयोग उर्वरक बनाने में होता है। इसकेअलावा यह प्लास्टर ऑफ पेरिस, सीमेन्ट, रंग–रोगन, गंधक कातेजाब तथा अमोनियम सल्फेट आदि बनाने में भी प्रयुक्त होता है।

प्र. 22 पेट्रोलियम की उपस्थिति किस प्रकार चट्टानों में ही सम्भव है?

उत्तर पेट्रोलियम की उपस्थिति केवल अवसादी चट्टानों में ही सम्भव है?

प्र. 23 राजस्थान में खनिज तेल के मुख्य उत्पादक क्षेत्रों को बताईये?

उत्तर राजस्थान में बीकानेर, जैसलमेर व पश्चिमी जोधपुर क्षेत्र मेंअवसादी चट्टाने पायी जाती है। इन्हीं चट्टानों में पेट्रोलियम केभण्डार सुरक्षित है। बाड़मेर जिले का गुढ़ामलानी क्षेत्र खनिज तेलभण्डार का प्रमुख है। बाड़मेर–सांचौर बेसिन में भी तेल खनिजके अपार भण्डार मिले है गुढ़ामालानी तहसील के नगर गॉंव वमामियों की ढाणी में ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी इण्डिया लिमिटेड कोखनिज खनन की अनुमति तेल मिला है। इस तेल के कु,ए का नामरागेश्वरी रखा गया है। बाड़मेर–सांचौर बेसिन में मंगला कुए सहित 31 कुओं की खुदाई की गई है। जैसलमेर में तनोट, घोटारू,डांडेवाला, सादेवाला, मनिहारी टिब्बा व लोंगेवाला खनिज तेल केप्रमुख क्षेत्रहै। पश्चिमी जोधपुर के मयाजलार क्षेत्र में भी इसके भण्डार मिले हैं।

प्र. 24 राजस्थान स्टेट पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड का गठन किसके लिये किया गया है।

उत्तर राज्य में पेट्रोलियम अन्वेषण, उत्पादन, परिशोधन, वितरण, परिवहन हेतु राजस्थान स्टेट पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड कागठन किया गया है।

प्र. 25 वर्तमान में औद्योगिक विकास हेतु राज्य में कितने जिला उद्योग केन्द्र व उपकेन्द्र कार्यरत है।

उत्तर वर्तमान में औद्योगिक विकास हेतु राज्य में 36 जिला उद्योग केन्द्र व 7 उपकेन्द्र कार्यरत है। इन केन्द्रों के माध्यम से उद्यमियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु मागदर्शन, सहायता व सुविधाए एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है।

प्र. 26 औद्योगिक विकास हेतु कब में विशेष आर्थिक क्षेत्र विधेयक पारित किया गया?

GEO BHINDER

उत्तर औद्योगिक विकास हेतु 2015 में विशेष आर्थिक क्षेत्र विधेयक पारित किया गया।

प्र. 27 राजस्थान के सूती वस्त्र उद्योग के विकास के बारे में बताइये।

उत्तर सूती वस्त्र राजस्थान का परम्परागत एवं प्राचीनतम् उद्योग है। राज्य में ग्रामीण जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध करवाने वाला यह प्रमुख निर्माण उद्योग है। राजस्थान में प्रथम सूती वस्त्र कारखाना दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड, ब्यावर में सन् 1889 में सेठ दामोदर दास व्यास द्वारा निजी क्षेत्र में स्थापित की गई थी। ब्यावर में ही 1906 में एडवर्ड मिल्स लिमिटेड के नाम से दूसरी तथा 1925 में श्री महालक्ष्मी मिल्स लिमिटेड के नाम से तीसरी सूती वस्त्र मिल की स्थापना की गई। आजादी से पूर्व भीलवाड़ा में मेवाड़ टेक्सटाईल्स मिल्स 1938 में, पाली में 1942 में महाराजा उम्मेद सिंह मिल्स लिमिटेड तथा सन् 1946 में गंगानगर में सार्दुल टेक्सटाईल लिमिटेड स्थापित की गई थी। राजस्थान की सबसे बड़ी सूती वस्त्र मिल महाराजा उम्मेद मिल है।

प्र. 28 राजस्थान में सूती वस्त्रों के उत्पादन में होने वाली समस्याएँ बताईये?

उत्तर राजस्थान में सूती वस्त्रों के उत्पादन में लगातार वृद्धि व विकास के बावजूद कुछ समस्याएँ इसकी प्रगति में बाधक है, जो इस प्रकार है।

1. कच्चे माल की आपूर्ति,
2. शुष्क जलवायु, ऊर्जा कीकमी,
3. पुरानी व छोटे आकार की मशीनें,
4. पूँजी की कमी,
5. अप्रशिक्षित श्रमिक आदि।

प्र. 29 राजस्थान में प्रथम सूती वस्त्र का कारखाना कौनसा और कब स्थापित किया गया?

उत्तर राजस्थान में प्रथम सूती वस्त्र कारखाना दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड, ब्यावर में सन् 1889 में सेठ दामोदर दास व्यास द्वारा निजी क्षेत्र में स्थापित की गई थी।

प्र. 30 राज्य में सीमेन्ट कारखानों की स्थापना कहॉ और क्यों हूई?

उत्तर राज्य में सीमेन्ट कारखानों की स्थापना कच्चे माल (लाईमस्टोन व जिप्सम) के प्राप्ति स्थलों के पास ही अधिक हुई है। क्योकि सामान्यतः एक टन सीमेन्ट के निर्माण में 1–5 टन चूना पत्थर, 1–2 टन कोयला व 0–3 टनजिप्सम प्रयुक्त होता है। 3 टन कच्चे माल से 1 टन सीमेन्ट का निर्माण होता है।

प्र. 31 राजस्थान का सीमेन्ट उत्पादन में देश में कौनसा स्थान है।

उत्तर राजस्थान का सीमेन्ट उत्पादन में आन्ध्रप्रदेश के बाद देश में द्वितीय स्थान है।

प्र. 32 सीमेन्ट उद्योग के स्थानीयकरण की दृष्टि से सर्वाधिक अनुकूल एवं उत्तम स्थिति किन जिलों की है।

उत्तर सीमेन्ट उद्योग के स्थानीयकरण की दृष्टि से सर्वाधिक अनुकूल एवं उत्तम स्थिति चित्तोड़गढ़ व सवाई माधोपुर जिलों की है।

प्र. 33 राजस्थान के सीमेन्ट उद्योग के विकास के बारे में बताइये?

उत्तर राज्यमें सीमेन्ट उद्योग का प्रारम्भिक स्थानीयकरण पूर्वी और दक्षिणी–पूर्वी जिलों बूंदी, सवाई माधोपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में चूना–पत्थर की उपलब्धता वाले स्थानों पर हुआ है। विगत कुछ वर्षों में इस उद्योग का स्थानीयकरण दक्षिणी–पश्चिमी जिलों विशेषकर सिरोही, जोधपुर, नागौर, पाली व जैसलमेर में होने लगा है। राज्य के पश्चिमी जिलों में नहरी जल की उपलब्धता व वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों से ऊर्जा की प्राप्ति के कारण इस उद्योग का तीव्र स्थानीयकरण हुआ है। राजस्थान में सबसे पहले सीमेन्ट कारखाने की शुरूआत1915 में ए–सी–सी– कम्पनी द्वारा लाखेरी (बूंदी में स्थापना के साथहुयी। वर्तमान में सन् 2012 के अनुसार राज्य में सीमेंट बनाने के 19 बड़े, 4 मध्यम और 104 लधु कारखाने (उत्पादन क्षमता 38–8मिलियन टन है स्थापित है। डबोक (उदयपुर, चन्देरिया, निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़, मोडक (कोटा, ब्यावर (अजमेर, कोटा, रास (पाली, पिण्डवाड़ा (सिरोही, गोटन (नागौर, खारिया खंगार (जोधपुर में प्रमुख सीमेंट उत्पादक बड़े व मध्यम सीमेंन्ट उत्पादक उद्योग है।गोटन (नागौर में जे–के– व्हाइट सीमेंट तथा खारिया खंगार (भोपालगढ–जोधपुर में बिरला व्हाइट सीमेन्ट के कारखाने हैं।

CBEO BHINDER

राज्य में बड़े व मध्यम सीमेन्ट कारखानों की तुलना में छोटे कारखानें अधिक स्थापित किये जा रहे है। इसके निम्न कारण –

(1 लागत कम आना,

(2 राज्य में फैले चूना पत्थर के भण्डार काउपयोग तथा

(3 बिजली की खपत कम।

प्र. 34 राजस्थान में सीमेन्ट उद्योग के उत्पादन में होने वाली समस्याएँ बताईये?

उत्तर राजस्थान में सीमेंट उद्योग के तीव्र विकास के मार्ग की कुछ महत्त्वपूर्ण बाधाएं–

1 पुरानी उत्पादन तकनीक,

2 कोयले की कमी,

3 ब्रॉडगेज की कमी,

4 विद्युत की अनियमित आपूर्ति व

5 अपर्याप्त मांग

प्र. 35 सन् 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में राज्य की कितने प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में निवास करती है।

उत्तर सन् 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में राज्य की 72.2 प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में निवास करती है।

प्र. 36 राजस्थान में ग्रामीण विकासहेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कौन$^{2}$ से कार्यक्रम लागू किये गये।

उत्तर राजस्थान में ग्रामीण विकास हेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विविध कार्यक्रम लागू किये गये। जिनमे निम्न प्रमुख है –मरू विकास कार्यक्रम (DDP] जीवनधारा योजना, एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं व बच्चों का विकास कार्यक्रम (DWCRA युवाओं के स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम (TRYSEM), सूखा संभावित कार्यक्रम, ग्रामीण बच्चों को शिक्षित करने हेतु आँगनबाड़ी केन्द्र, देशी गोवंश नस्ल सुधारकार्यक्रम, ऑपरेशन फ्लड, हरित क्रांति, भेड़ नस्ल सुधार कार्यक्रम, भामाशाह योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, स्वर्ण जयंति ग्राम स्वरोजगार योजना [SGSY] स्वजल धारा ग्राम पेयजल योजना,ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना, ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम व अन्नपूर्णा योजना आदि कार्यक्रम सेग्रामीण राजस्थान में विकास को गति मिली है।

प्र. 37 भारत की समस्त गायों का कितना प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है।

उत्तर भारत की समस्त गायों का 8 प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है।

प्र. 38 राज्य में सर्वाधिक गौवंश तथा न्यूनतम किन जिलों है।

उत्तर राज्य में सर्वाधिक गौवंश क्रमशः उदयपुर व चित्तौड़गढ़ में तथा न्यूनतम धौलपुर में है।

प्र. 39 भारत की समस्त गायों का कितने प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है।

उत्तर भारत की समस्त गायों का 8 प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है।

प्र. 40 राजस्थान में गौवंश की प्रमुख नस्लों का क्षेत्रीय वितरण का वर्णन किजिये?

उत्तर राजस्थान में गौवंश की प्रमुख नस्लों का क्षेत्रीय वितरण निम्न प्रकार है–

(1 **गीर**– इस नस्ल की गायें अजमेर, भीलवाड़ा, पाली वचित्तौड़गढ जिलों में पायी जाती है। इसे गुजरात में गिर वराजस्थान में रै.डा व अजमेरी के नाम से जाना जाता है। भारतीयनस्ल की ये गायें दूध (उत्पादन के लिए प्रसिद्व है।

CBEOBHINDER

(2 **थारपारकर**– इस नस्ल की गायों का मूल स्थान जैसलमेर का मालाणी क्षेत्र है। पूर्णतया शुष्क परिस्थितियों में भी ये उचित मात्रा में दूध देती है। जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर वजालौर में यह नस्ल अधिक संख्या में पायी जाती है।

(3 **नागौरी**– इस नस्ल की गायों का मूल स्थान नागौरजिले का सुहालक प्रदेश है। नागौरी बैल दौड़ने में तेज, मजबूत वभारवाहक होते है। इस नस्ल की गाये नागौर, जोधपुर केउत्तरी–पूर्वी भाग व नोखा (बीकानेर में प्रमुखता से पायी जाती है।

(4 **राठी**– यह लाल सिंधी व साहीवाल की मिश्रित नस्लहै। यह दूध देने में अग्रणी होने के कारण इसे राजस्थान कीकामधेनु कहा जाता है। यह नस्ल बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर व चूरू के कुछ भागों में पाली जाती है।

(5 **कांकरेज**– इन गायों का मूल स्थान गुजरात काकच्छ का रन है। ये भार वाहन व दुग्ध उत्पादन के लि, प्रसिद्ध है।ये बाड़मेर सांचौर व नेहड़ क्षेत्र (जालौर व जोधपुर के कुछ क्षेत्रों मेंपाली जाती है।

(6 **हरियाणवी**– ये भी भारवाहन व दुग्ध उत्पादन केलिए प्रसिद्ध है। ये गाये सीकर,झुन्झुनूं, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ,अलवर व भरतपुर जिलों में पायी जाती है।

(7 **मालवी**– इस नस्ल का मूल स्थान मध्यप्रदेश कामालवा क्षेत्र है। यह मुख्यतः भारवाही नस्ल है। राजस्थान मेंझालावाड़, बाँरा, कोटा व चित्तौड़गढ़ इनका प्रमुख क्षेत्र है।

(8 **सांचौरी**– जालौर जिले के सांचौर, सिरोही ,वंउदयपुर जिलों में पाया जाने वाला गौवंश संख्या में अधिक किन्तु दुग्ध उत्पादकता में सामान्य श्रेणी का है।

(9 **मेवाती** (कोठी)– ये नस्ल हल जोतने व बोझा ढोनेहेतु उपयुक्त है। ये अलवर व भरतपुर जिलों में अधिक पायी जातीहै।

(10 **विदेशी नस्ल**– वर्तमान में राजस्थान में अधिक दूधदेने वाली विदेशी नस्लों की जर्सी, हॉलिस्टिन व रेड डेन गाये भीपाली जाने लगी है।

प्र. 41 राजस्थान के सभी क्षेत्रों में गौधन के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए केन्द्रीय व राज्य सरकारों द्वारा नियोजित विकास हेतु कौन–कौन प्रयास किये जा रहे है।

उत्तर राजस्थान के सभी क्षेत्रों में गौधन के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए केन्द्रीय व राज्य की योजनाओं में नियोजित विकास हेतु निम्न प्रयास किये गये है। देशी गौवंश नस्ल सुधार कार्यक्रम, गोपाल कार्यक्रम, कामधेनु योजना, केन्द्रीय व राज्य गाय प्रजनन फार्मों की स्थापना, स्वयंसेवी संगठनों के लिए गौशालाओं को अनुदान की योजनाओं के माध्यम से गौवंश संर्वन के प्रयास हुये है। कृत्रिम गर्भाधान से अच्छी नस्ल पैदा करना, संतुलित पशुआहार उत्पादक इकाईयों की स्थापना, आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था, गौशालाओं के आधुनिकीकरण, उन्नत नस्ल के बछड़ों का वितरण, गौपालन को प्रोत्साहन देने हेतु रियायती दरों पर अनुदान,डेयरी उत्पादों का उत्पादन व विपणन की व्यवस्था, पशु मेलों काआयोजन आदि गौ–संसाधन विकास के प्रमुख कार्यक्रम है।वर्तमान में कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण व गाय के दूध की तुलना में भैंस के दूध के प्रचलन से गौवंश संकट में है। गाय से प्राप्त दूध, गोबर,चमड़ा आदि के उपयोगी व स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद बना कर गौवंशका संवर्द्धन किया जा सकता है।

प्र. 42 कुटीर उद्योग से क्या तात्पर्य है?

उत्तर एवं कुटीर उद्योग उन उद्योगों का सम्मिलित नाम है, जिनकेअन्तर्गत कुशल कारीगरों द्वारा कम पूंजी अधिक कुशलता सेअपने हाथों के माध्यम से वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।

प्र. 43 कच्चे माल की दृष्टि से कुटीर उद्योगों को कितने भागों में विभाजित किया जा सकता है

उत्तर कच्चे माल की दृष्टि से कुटीर उद्योगों को निम्न भागों मेंविभाजित किया जा सकता है –

(1 कृषि आधारित उद्योग

(2 खनिजों पर आधारित उद्योग

(3 पशु सम्पदा पर आधारित उद्योग

(4 वनोपज पर आधारित उद्योग।

CBEOBHINDER

प्र. 44 तेल एवं वनस्पति घी उद्योग का विकास राज्य के किन जिलों मे अधिक हुआ और क्यों?

उत्तर तेल एवं वनस्पति घी उद्योग का विकास राज्य के जयपुर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, गंगानगर, कोटा, बूंदी व अजमेर जिलों मेंतिलहन का अधिक उत्पादन होने के कारण हो रहा है।

प्र.45 अजरख प्रिंट व जाजम छपाई कहॉ की प्रसिद्ध है।

उत्तर बाड़मेर की अजरख प्रिंट व चित्तौड़गढ की जाजम छपाई प्रसिद्ध है।

प्र. 45 राज्य में ऊनीधागा बनाने की मिले कहॉ[2] पर संचालित है?

उत्तर राज्य में ऊनीधागा बनाने की मिले बीकानेर, चूरू, लाडनूं व कोटा में संचालितहै। ऊनी खादी में जैसलमेर की बरड़ी, बीकानेर के ऊनी कम्बल, चौमूं के खेस प्रसिद्ध है।

प्र. 46 कॉकरेज नस्ल कहां पाई जाती हैं?

उत्तर ये बाड़मेर सांचौर व नेहड़ क्षेत्र (जालौर व जोधपुर के कुछ क्षेत्रों मेंपाली जाती है।

प्र. 47 राजस्थान में कितने प्रकार के खनिज मिलते हैं?

उत्तर 67 प्रकार के

प्र. 48 टंगस्टन का उत्पादन कौनसे जिले में सर्वाधिक होता हैं?

उत्तर नागौर

प्र. 49 राजस्थान में डेयरी क्षेत्र में श्वेत क्रांति की शुरूआत कब हुई?

उत्तर 1970

प्र.50 गोटा उद्योग के लि, राजस्थान के कौनसे जिले प्रसिद्ध है?

उत्तर अजमेरव जयपुर

प्र. 51 खनिज से क्या तात्पर्य हैं?

उत्तर खनिज प्राकृतिक रूप से उपलब्ध ऐसी वस्तु, है जिसकीएक निश्चित आंतरिक व रासायनिक संरचना होती है।

CBEO BHINDER

# पाठ–25 : राजस्थान : जनसंख्या एवं जनजातियां

1. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या है।
(अ) 6.85 करोड़ (ब) 6.54 करोड़ (स) 5.85 करोड़ (द) 5.54 करोड़ (अ)
2. राजस्थान के किस जिले की साक्षरता सबसे कम है–
(अ) जैसलमेर (ब) बाड़मेर (स) जालोर (द) बाँसवाड़ा (54.9%) (स)
3. निम्न में से जो जनजाति नहीं है, वह है–
(अ) भील (ब) खटीक (स) मीणा (द) डामोर (ब)
4. मीणा समुदाय की उत्पत्ति मानी जाती है?
(अ) वराह अवतार से (ब) कुर्म अवतार से (स) मत्स्य अवतार से (द) कृष्णा वतार से (स)
5. मीणा जनजाति के कितने उपवर्ग है–
(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 6 (अ)
6. नेजा नृत्य किया जाता है–
(अ) बांसवाड़ा के भीलों द्वारा (ब) खैरवाड़ा के मीणा द्वारा
(स) भीलवाड़ा के भीलों द्वारा (द) भरतपुर के मीणा द्वारा (ब)
7. सहरीया जनजाती को केन्द्र है–
(अ) माण्डलगढ़ तहसील में (ब) घरियावद तहसील में
(स) शाहबाद तहसील में (द) बूंदी तहसील मे (स)
8. बेणेश्वर मेला लगता है–
(अ) जेष्ठ शुक्ला पूर्णिता पर (ब) माघ शुक्ला पूर्णिमा पर
(स) आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा पर (द) पौष शुक्ला पूर्णिमा पर (ब)

9. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या ............ करोड़ है।
10. राजस्थान का 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या घनत्व ..............प्रति वर्ग किलोमीटर है। 200 व्यक्ति
11. राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों की संख्या का .........प्रतिशत है। 13. 18%
12. राजस्थान की साक्षरता ................ है। .....................राज्य का सर्वाधिक साक्षर जिला (76.60 प्रतिशत) है। 67.07 प्रतिशत, कोटा
13 राज्य में लिंगानुपात ............ है जो देश के अनुपात 940 से ........ कम है। 928 एवं 12
14 मीणा, भील, गरासिया, सहरिया, डामोर, कथौड़ी, कंजर व सॉसी राज्य की प्रमुख.......................... हैं। जनजातियाँ

प्र. 1 जनसंख्या किसे कहते है?
उत्तर एक निश्चित समय में राज्य में रहने वाले समस्त मनुष्यों की संख्या को वहां की जनसंख्या कहते है?

प्र. 2 राजस्थान की जनसंख्या की विशेषताएं लिखिए।
उत्तर राजस्थान की जनसंख्या की कई विशेषताएं है – देश में आठवां स्थान, देश की 5.66% जनसंख्या, घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी, दशकीय वृद्धि 21.31%, सर्वाधिक वृद्धि दर बाडमेर मे, असमान वितरण, लिंगानुपात 928, साक्षरता दर 67.06% आदि।

प्र. 3 जनसंख्या घनत्व किसे कहते है?
उत्तर प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है।

$$\text{सूत्र – जनसंख्या का घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$$

प्र. 4 लिंगानुपात किसे कहते है? इससे क्या लाभ है?
उत्तर लिंगानुपात प्रति हजार पुरूषो पर स्त्रीयों की संख्या को कहते है।

$$\text{लिंगानुपात} = \frac{\text{स्त्रियों की जनसंख्या} \times 1000}{\text{पुरूषों की जनसंख्या}}$$

CBEO BHINDER

समुदाय की सामाजिक आवश्यकताओं, उपभोग प्रारूप, रोजगार आदि को समझने के लिए लिंगानुपात का ज्ञान आवश्यक है। इसका जनसंख्या वृद्धि, निर्वाह दर, व्यावसायिक संरचना, प्रवास आदि पर प्रभाव पड़ता है।

प्र. 5 राजस्थान में सबसे अधिक व सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले जिले कौनसे है?

उत्तर सबसे अधिक – जयपुर (595) तथा सबसे कम जैसलमैर (75)

प्र. 6 जनसंख्या वृद्धि किसे कहते है?

उत्तर किसी क्षेत्र विशेष में निवासियों की संख्या में एक निश्चित अवधि में हुई वृद्धि को जनसंख्या वृद्धि कहते है।

प्र. 7 जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में जनजाति जनसंख्या का अनुपात कितना है?

उत्तर 13.48%

प्र. 8 राजस्थान में कौन–कौनसी जनजातियां पाई जाति है?

उत्तर मीणा, भील, गरासिया, सहरिया, डामोर, अन्य में कथौडी, कंजर, सांसी आदि।

प्र. 9 राजस्थान में सबसे अधिक व सबसे कम साक्षरता वाला जिला कौनसा है?

उत्तर सबसे अधिक – कोटा व सबसे कम – जालौर

प्र. 10 मीणा समुदाय की उत्पत्ति मानी जाती है?

उत्तर मत्स्य अवतार से।

प्र. 11 नेजा नृत्य किस जाति द्वारा किया जाता है व कहां?

उत्तर होली के तीसरे दिन खेरवाड़ा व डूंगरपुर में मीणा जनजाति द्वारा नेजा नृत्य किया जाता है।

प्र. 12 मीणाओं प्रमुख रूप से कितने वर्गों में बांटा गया है?

उत्तर 1 जमीदार मीणा

2 चौकीदार मीणा

प्र. 13 भील समुदाय का प्रसिद्ध वेणेश्वर मेला कब व कहां भरता है?

उत्तर प्रतिवर्ष माघ शुक्ल पूर्णिमा के दिन माही, सोम व जाखम नदियों के संगम पर स्थित बेणेश्वर नामक स्थान पर भरता है।

प्र. 14 गमेती, भोपा व भगत किसे कहते है?

उत्तर भीलों के गांव के मुखिया को गमेती, झाड फूंक करने वाले को भोपा तथा धार्मिक संस्कारों को सम्पन्न कराने वाले व्यक्ति को भगत कहते है।

प्र. 15 भील जनजाति के प्रमुख नृत्य कौनसे है?

उत्तर गवरी व घूमर

प्र. 16 चिमाता व दजिया क्या है?

उत्तर पहाड़ी ढालों पर की जाने वाली खेती को चिमाता व मैदानी भागों की जाने वाली खेती को दजिया कहते है।

प्र. 17 गरासिया जनजाति को कितने भागों में बंटे हुए है?

उत्तर 3, मोटी नियात, नेनकी नियात तथा छोटी नियात।

प्र. 18 गरासिया जनजाति के प्रमुख नृत्य कौनसे है?

उत्तर वालर, गरबा, गैर, मौरिया व गौर

प्र. 19 सहलोत किसे कहते है?

उत्तर गरासिया जनजाति में पंचायत के मुखिया को सहलोत कहते है।

प्र. 20 राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में कौनसा स्थान है?

उत्तर आठवां स्थान है।

प्र. 21 राजस्थान में भारत के कुल क्षेत्रफल का तथा कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत भाग पाया जाता है?

उत्तर भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% तथा कुल जनसंख्या का 5.66% भाग

प्र. 22 राजस्थान में जनसंख्या को वितरण को प्रभावित करने वाले कारक कौन–कौनसे है?

CBEO BHINDER

उत्तर 1 भौतिक कारक : धरातल, जलवायु, मृदा, वनस्पति तथा सिंचाई सुविधा।

2 आर्थिक कारक : खनिज, नगरीकरण, औद्योगिक विकास तथा परिवहन।

3 सामाजिक व सांस्कृतिक कारक : विस्थापन तथा श्रम का प्रवास।

4 राजनैतिक कारक आदि।

प्र. 23 जनसंख्या वृद्धि किन कारकों पर निर्भर करती है? संक्षित में वर्णन कीजिए।

उत्तर यह तीन कारकों पर निर्भर है : जन्म, मृत्यु तथा प्रवास। पहले दो कारकों को जैविक कारक कहते है। जन्म व मृत्यु की संख्या में अन्तर बढने पर प्राकृतिक वृद्धि तथा जनसंख्या घटने पर प्राकृतिक कमी कहते है।

जनसंख्या वृद्धि = कुल जन्म – (कुल मृत्यु ± प्रवास)

प्र. 24 प्रवास का अर्थ क्या है?

उत्तर किसी व्यक्ति द्वारा अपने निवास स्थान को बदल देना है यानि अपने मूल आवास का`छोड़कर अन्य नये स्थान पर बस जाना है। प्रवास के लिए कई प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिकव राजनैतिक कारण उत्तरदायी है।

प्र. 25 उत्प्रवास तथा आप्रवास क्या है?

उत्तर एक स्थान से किसी व्यक्ति के जाने को उत्प्रवास तथा आने को आप्रवास कहा जाता है।

प्र. 26 जनसंख्या के अध्ययन से क्या लाभ है?

उत्तर जनसंख्या अध्ययन द्वारा राज्य में उत्पादन के लिए कुल मानव शक्ति तथा उनके लिएआवश्यक वस्तुओं तथा सेवाओं की कुल मात्रा का अनुमान लगा सकते है। जनांकिकीय विशेषताओं जैसे साक्षरता तथा लिंगानुपात आदि के आधार पर जनसंख्या के गुणात्मक स्तर का ज्ञान होता है।

प्र. 27 जनसंख्या निदेशालय का क्या कार्य है?

उत्तर भारत में जनगणना संघ सूची का विषय है। इसके द्वारा यहां रहने वाले लागों के विविध पक्षों से संबंधित सूचनाओं का संग्रहण, संकलन व प्रकाशन जनसंख्या निदेशालय द्वारा किया जाता है।

प्र. 28 भारत में 2021 में होने वाली जनगणना कौनसी होगी?

उत्तर भारत में 2021 में होने वाली जनगणना आठवीं जनगणना होगी।

प्र. 29 राजस्थान में लिगांनुपात कम होने के लिए कौन–कौनसे कारक उत्तरदायी है?

उत्तर राज्य में लिंगानुपात 928 है यह अनुपात राष्ट्रीय अनुपात 940 से 12 कम है। भारत में स्थान 21 वां है। इसके लिए निम्न कारक उत्तरदायी है –

1 पितृसत्तात्मक परिवार होने के कारण पुत्रों का प्राथमिकता दी जाती है, परिणामस्वरूप लड़कियों को खान–पान, स्वास्थ्य व शिक्षा की सुविधाएं कम मिल पाती है।

2 बाल विवाह के कारण लड़कियों को छाटी उम्र में ही मातृत्व का बोझ उठाना पड़ता है जिससे प्रसूति काल में उनकी मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है।

3 वंश चलाए रखने के झूठे अहम के कारण लड़कों को वरीयता दी जाती है।

4 दहेज हत्या, लिंग परीक्षण भी घटते लिंगानुपात का कारण है।

प्र. 30 साक्षरता का दर कैसे ज्ञात की जाती है?

उत्तर साक्षरता जनसंख्या की गुणात्मकता का सूचक है जो किसी क्षेत्र विशेष के सामाजिक–आर्थिक विकास का यथार्थ व विश्वसनीय सूचक होता है। साक्षरता दर निम्न सूत्र से ज्ञात की जाती है –

$$\text{साक्षरता दर} = \frac{\text{साक्षर जनसंख्या X 100}}{\text{7 वर्ष या उससे अधिक आयु की जनसंख्या}}$$

प्र. 31 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में साक्षरता का प्रतिशत क्या है?

उत्तर राजस्थान की औसत 67.06%, पुरूष साक्षरता 79.2% तथा महिला साक्षरता 52.1% है।

प्र. 32 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का सबसे अधिक व सबसे कम साक्षर जिला कौनसा है?

उत्तर कोटा, 76.06% तथा सबसे कम जालोर, 54.90%

प्र. 33 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में साक्षरता दर में सर्वाधिक वृद्धि दर जिले की रही?

उत्तर डूंगरपुर, 10.90%

CBEOBHINDER

प्र. 34 डामोर समुदाय के पंचायत के मुखिया को क्या कहते है?

उत्तर मुखी

प्र. 35 डामोर जनजाति के दो मुख्य मेलों कौनसे है?

उत्तर 1 छैला बावजी

2 ग्यारस की रैवाडी डामोरों के दो प्रमुख मेले है।

प्र. 36 कथौड़ी जनजाति के प्रमुख केन्द्र कौनसे है?

उत्तर उदयपुर की कोटड़ा झाड़ोल व सराड़ा पंचायत समिति में बसे हुए है। खैर के वृक्ष से कत्था तैयार करने में दक्ष होने के कारण ये कथौड़ी कहलाते है।

प्र. 37 किसी एक खानाबदोश जनजाति का नाम बताइये?

उत्तर सांसी

प्र. 38 राजस्थान में जनजाति कल्याण के लिए सरकार द्वारा कौन–कौनसी योजनाएं चलाई जा रही है?

उत्तर 1 जनजाति उपयोजना क्षेत्र (टाडा

2 परिवर्तित क्षेत्र विकास कार्यक्रम (माडा

3 सहरिया विकास कार्यक्रम

4 माडा कलस्टर योजना

5 बिखरी जनजाति विकास कार्यक्रम

6 स्वच्छ परियोजना

7 जनजाति क्षेत्र रेशम कीट पालन कार्यक्रम

8 एकलव्य योजना

9 रूख भायला कार्यक्रम आदि।

प्र. 39 राजस्थान की जनसंख्या की विशेषताएं बताइयें?

उत्तर राजस्थान की जनसंख्या की विशेषताएं निम्न प्रकार से है – देश में आठवा स्थान, देश की 5.66% जनसंख्या यहां निवास करती है, जनसंख्या का घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर, साक्षरता का प्रतिशत 67.06, जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 21.31%, तथा लिंगानुपात 928 है। सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व जयपुर, 595 प्रति वर्ग किलोमीटर तथा सबसे कम जैसलमेर 75 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

प्र. 40 भारत की सबसे प्राचिन जनजाति कौनसी है?

उत्तर भील

प्र. 41 राजस्थान में मीणाओं के मेलें कहां लगते है?

उत्तर राज्य में करौली जिले में महावीरजी, सवाई माधोपुर के गणेश जी तथा सीकर की जीणमातामन्दिरों में मीणाओं के मेलें लगते है।

प्र. 42 कंजर जाति के लोग किसका प्याला पीकर कभी झूठ नहीं बोलते?

उत्तर हाकम राजा का।

प्र. 43 राजस्थान में जनजातियों की आर्थिक दश में सुधार हेतु काई उपाय बताइये?

उत्तर 1 विशेष रोजगार कार्यक्रम चलाकर इन्हें रोजगार प्रदार किया जाएं।


2 इनमें शिक्षा का प्रसार किया जाये ताकि वे सरकारी नौकरियों अथवा स्वयं के व्यवसाय भीकर सके।

CBEO BHINDER

# मानचित्र कार्य

| | |
|---|---|
| विश्व | 4 अंक |
| भारत | 2 अंक |
| राजस्थान | 2 अंक |




भारत
राजनैतिक मानचित्र
ताजीकिस्तान
अफ़ग़ानिस्तान
पाकिस्तान
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
श्रीलंका
जम्मू और कश्मीर
श्रीनगर
जम्मू
हिमाचल प्रदेश
शिमला
पंजाब
चंडीगढ़
देहरादून
उत्तराखण्ड
हरियाणा
नई दिल्ली
राजस्थान
जयपुर
उत्तर प्रदेश
लखनऊ
बिहार
पटना
सिक्किम
गंगटोक
अरूणाचल प्रदेश
इटानगर
असम
दिसपुर
नागालैण्ड
कोहिमा
मेघालय
शिलांग
इम्फाल
मणिपुर
अगरतला
त्रिपुरा
आइजोल
मिजोरम
झारखंड
रांची
पश्चिम बंगाल
कोलकाता
गुजरात
गाँधीनगर
मध्य प्रदेश
भोपाल
छत्तीसगढ़
रायपुर
ओडिशा
भुबनेश्वर
दमन और दीव
दमन
सिलवासा
दादरा और नागर हवेली
महाराष्ट्र
मुम्बई
तेलंगाना
हैदराबाद
यनाम (पुदुच्चेरी)
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
पणजी
गोवा
कर्नाटक
आंध्र प्रदेश
बेंगलुरु
चेन्नई
माहे (पुदुच्चेरी)
कैरयकल (पुदुच्चेरी)
लक्षद्वीप (भारत)
कवरत्ती
तमिलनाडु
पुदुच्चेरी (पॉण्डिचेरी)
केरल
तिरूवनंतपुरम
हिन्द महासागर
पोर्ट ब्लेअर
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
संकेत
अंतर्राष्ट्रीय सीमा
राज्य सीमा
देश की राजधानी
राज्य की राजधानी
Copyright © 2014 www.mapsofworld.com
29 अक्टूबर 2014 को पुनः संशोधित किया गया

## उच्च माध्यमिक परीक्षा मॉडल प्रश्न–पत्र 2021
## भूगोल

समयः 3¼ घण्टे                                                                 पूर्णांक 56

| खण्ड | प्रश्न संख्या | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| खण्ड–अ (A) | 1 ( i से x ), 2 सें 11 | 20 | 1 | 20 |
| खण्ड–ब (B) | 12 to 15 | 4 | 2 | 8 |
| खण्ड–द (C) | 16 to 19 | 4 | 3 | 12 |
| खण्ड–द (D) | 20 to 21 | 2 | 4 | 8 |
| खण्ड–य (E) | 22 to 23 | 2 | 4 | 8 |

### खण्ड अ

1– निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(i) संभववाद की नींव किसने रखी? 1
(अ) रेटजेल (ब) एलन सेम्पल (स) ब्लांश (द) कार्ल सावर

(ii) भारत में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों को क्या कहते है? 1
(अ) नगर (ब) महानगर (स) सन्नगर (द) वृहत नगर

(iii) एस्किमों लोगों के जीवन में किन मछलियों का अत्यधिक महत्त्व है? 1
(अ) सील मछलियां (ब) ह्वेल मछलियां (स) सी–लॉयन (द) छोटी मछलियां

(iv) विश्व का प्राचीनतम उद्यम कौनसा है? 1
(अ) खनन (ब) आखेट व संग्रहण (स) मछली पकड़ना (द) पशुचारण

(v) सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का औसत जनसंख्या घनत्त्व कितना हैं? 1
(अ) 294 (ब) 321 (स) 382 (द) 390

(vi) ग्रीन हाउस प्रभाव को कम करने के क्या उपाय हैं? 1
(अ) जीवाश्म ईंधन का कम उपयोग (ब) अधिकाधिक वृक्षारोपण
(स) क्लोरोफ्लोरो कार्बन के प्रयोग पर रोक (द) उपर्युक्त सभी

(vii) सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी किस नगर को कहते है? 1
(अ) मुम्बई (ब) कानपुर (स) गुजरात (द) कोयम्बटूर

(viii) भारत में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौनसा है? 1
(अ) उत्तर प्रदेश (ब) बिहार (स) महाराष्ट्र (द) तमिलनाडु

(ix) चम्बल परियोजना किन किन राज्यों की संयुक्त परियोजना हैं? 1
(अ) राजस्थान–गुजरात (ब) राजस्थान–मध्यप्रदेश
(स) राजस्थान–पंजाब–हरियाणा (द) राजस्थान–पंजाब

(x) राजस्थान में सर्वाधिक •वंश किस जिले में पाया जाता है? 1
(अ) उदयपुर (ब) नागौर (स) बीकानेर (द) जोधपुर

2– क्रॉस क्या है? 1

3– लिंगानुपात किसे कहते हैं? 1

4– पूर्व–पश्चिम गलियारा किन दो शहरों को जोड़ता है? ))= 1

5– परिवहन का सबसे तीव्रतम व आधुनिक साधन कौनसा है? 1

6– राजस्थान को खनिजों का अजायबघर क्यों कहा जाता है? 1

7– राजस्थान में लिंगानुपात कम होने के कोई दो कारण लिखिए। ))= 1

8– धात्विक व अधात्विक खनिजों में कोई एक अंतर लिखिए। 1

CBEO BHINDER

प्रश्न संख्या 9 से 11 में रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए उत्तर–पुस्तिका में लिखिए –

9– मानव समाज और उसके भौगोलिक संबंध स्थिर नहीं है, यह सभी संबंध ———————— है। 1

10– भारत में प्रथम रेल 16 अप्रेल 1853 को मुम्बई से———————— के मध्य 34 कि.मी. में चलाई गई।1

11– ———— सिंचाई व ————— सिंचाई विधियों का उपयोग कर जल की बचत करनी चाहिए। 1

**खण्ड ब**

12– भारत में नगरीय जनसंख्या वृद्धि के कोई चार कारण लिखिए। ½x4=2

13– बुशमैन जनजाति के आर्थिक क्रियाकलापों को समझाइए। ½x4=2

14– तृतीयक व्यवसाय से आप क्या समझते है? 2

15– जल प्रदूषण के नियंत्रण हेतु चार उपाय बताईए। ½x4=2

**खण्ड स**

16– पशुचारण की समालोचना कीजिए। 3

अथवा

भारत में उद्योगों के विकास के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए। 1+1+1=3

17– सघन व प्रकीर्ण अधिवाास में कोई तीन अन्तर बताइए। 1+1+1=3

अथवा

मानव अधिवासों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। 3

18– भारत में जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के तीन उपाय सुझाइए। 1+1+1=3

अथवा

भारत में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए। 1+1+1=3

19 भारत में सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीयकरण को प्रभावित करने वाले कोई तीन कारणों का वर्णन कीजिए। 1+1+1=3

अथवा

सड़क परिवहन की व्याख्या कीजिए। 3

**खण्ड द**

20– दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित लौह–इस्पात उत्पादक केन्द्रों के अंकित कीजिए।
(क) बफैलो (ख) सैंटोस (स) सार (द) ओसाका 1x4=4

अथवा

दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सघन जनसंख्या वाले देशों के दशाई,। 1x4=4
(क) चीन (ख) जापान (स) दक्षिणी कोरिया (द) बांग्लादेश

21–(अ) दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों को अंकित वीजिए–
(क) राजकोट (ख) मदुरै (स) ब्यावर (द) भीलवाड़ा ½x4=2

अथवा

दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित प्रमुख औद्योगिक नगरों की स्थिति दशाइए।
(क) चित्तौडगढ़ (ख) जयपुर (स) चेन्नई (द) श्रीनगर

(ब) दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए–
(क) बीकानेर (ख) बाँसवाड़ा (स) करोली (द) नगौर ½x4=2

अथवा

दिए गए राजस्थान के रेखा मानचित्र में निम्नांकित जिलों को अंकित कीजिए –
(क) भरतपुर (ख) जैसलमेर (स) अजमेर (द) सिरोही

**खण्ड य**

22– विश्व में जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों की व्याख्या कीजिए। 4
अथवा

CBEO BHINDER

जनसंख्या वितरण से आप क्या समझते हैं? निम्नलिखित कारकों के आधार पर विश्व में जनसंख्या वितरण को उदाहरणों सहित समझाइए।

(1 ) अवस्थिति (2) जलवायु (3) धरातल 1x4=4

अथवा

जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना पर लेख लिखिए।

23— राजस्थान में डेयरी उद्योग के विकास हेतु अपने सुझाव दीजिए। 4


अथवा


राजस्थान में सिंचाई की सुविधाओं के विकास हेतु अपने सुझाव दीजिए।


अथवा


राजस्थान में जनसंख्या वृद्धि का विश्लेषणात्मक अध्ययन कीजिए।


## विश्व के प्रमुख लोह इस्पात उत्पादक क्षेत्र




भारत
सीमेन्ट उद्योग
बुयान
पाकिस्तान
भूपेन्द्र
देहरादून
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
चर्खीदादरी
सवाईमाधोपुर
बनमोर
चित्तौड़गढ़
लखेरी
पिण्डवाड़ा
निम्बाहेड़ा
उदयपुर
सतना
मैहर
डाल्ला
चर्क
चोपन
डालमियानगर
झाझा
सिन्द्री
बांगलादेश
पुरुलिया
द्वारका
सिक्का
पोरबन्दर
भावनगर
वेरावल
सेवलिया
वडोदरा
जबलपुर
कैमोर
भाटापारा
बरगढ़
चायबासा
दुर्ग
मांधार
जामुल
आदिलाबाद
चन्द्रपुर
म्यांमार
अरब सागर
रत्नागिरि
कोल्हापुर
शाहाबाद
माचेरला
बंगाल की खाड़ी
बाट्टम
चरिया
मेचेरियो
विजयवाड़ा
कृष्णा
बागलकोट
पनयाम
भद्रावती
इर्रानगुन्तला
बंगलूरू
अम्मासान्द्रा
संकेत
संकरीदुर्ग
सीमेन्ट केन्द्र
डालमियापुरम
नट्टाकोम
तुलुकापट्टी
कोट्टायम
शंकरनगर
थलैथुथु
श्री लंका
हिन्द
महासागर
100 0 100 200 300 400 500 किमी.


भारत
लौह–इस्पात उद्योग
पाकिस्तान
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
दुर्गापुर
बोकारो
बांगलादेश
जमशेदपुर
बर्नपुर
राउरकेला
भिलाई
पाराद्वीप
म्यांमार
गोपालपुर
अरब सागर
डोल्वी
विशाखापट्टनम
बंगाल की खाड़ी
विजयनगर
भद्रावती
संकेत
सलेम
लौह–इस्पात केन्द्र
श्री लंका
हिन्द
महासागर
100 0 100 200 300 400 500 किमी.


भारत
एल्युमिनियम उद्योग
पाकिस्तान
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
रेनुकोट
बांगलादेश
लोहार दांगा
मुरी
बर्नपुर
अमरकंट
कोरबा
हीराकुण्ड
म्यांमार
अंगुल
अरब सागर
मुम्बई
पुणे
रत्नागिरि
कोयना
कोरापुट
बंगाल की खाड़ी
बेलगाम
चेन्नई
संकेत
मैटूर
एल्युमिनियम उद्योग
श्री लंका
हिन्द
महासागर
100 0 100 200 300 400 500 किमी.


भारत
वस्त्र उद्योग
पाकिस्तान
धारीवाल
अमृतसर
फगवाड़ा
अबोहर
गंगानगर
हिसार
सहारनपुर
मुरादाबाद
दिल्ली
अलीगढ़
चीन
तिब्बत
नेपाल
भूटान
जयपुर
आगरा
ब्यावर
ग्वालियर
लखनऊ
कानपुर
पटना
पाली
कोटा
वाराणसी
मोकामा
बांगलादेश
भीलवाड़ा
भोपाल
अहमदाबाद
उज्जैन
देवास
जबलपुर
मुर्शिदाबाद
कोलकाता
पोरबंदर
राजकोट
वडोदरा
इन्दौर
हुगली
हावड़ा
म्यांमार
सूरत
बुरहानपुर
नागपुर
राजनांदगाँव
वर्धा
कटक
औरंगाबाद
मुम्बई
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
पुणे
सोलापुर
वारंगल
कोल्हापुर
सांगली
हैदराबाद
काकीनाडा
गुंटूर
हुबली
बेल्लारी
देवनगिरि
तिरूपति
बंगलूरू
संकेत
चेन्नई
मेसूरू
सलेम
वस्त्र केन्द्र
कोयम्बटूर
त्रिशूर
तंजावूर
कोच्ची
मदुरै
तूथूकुडि
अजप्पुजा
तिरूनलवेली
श्री लंका
हिन्द
महासागर
100 0 100 200 300 400 500 किमी.